राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 321 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।

## पीएम मोदी अडाणी को बचा रहेः राहुल

● 2000 करोड़ का घोटाला करके भी बाहरः राहुल, अमेरिका में भ्रष्टाचार में अडाणी को आरोपित बनाए जाने पर राहुल ने उठाये सवाल

**गंभीर आरोप**

▶ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्योगपति गौतम अडाणी को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। पार्टी लगातार इस मामले को उठाती रही है : राहुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडाणी को भ्रष्टाचार के मामले में आरोपित बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्योगपति गौतम अडाणी को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। पार्टी लगातार इस मामले को उठाती रही है और आज हम यह पूछना चाहते हैं कि अडाणी जेल में क्यों नहीं है? लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता कर कहा कि अमेरिका में बिल्कुल स्पष्ट और स्थापित हो गया है कि अडाणी ने वहां के और भारतीय दोनों जगह के कानून को तोड़ा है। आश्चर्य है कि 2 हजार करोड़ के घोटाले और कई अन्य आरोपों के बावजूद अडाणी अभी इस देश में खुले घूम रहे हैं। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक हैं तो सेफ हैं के नारे पर भी कटाक्ष किया और कहा कि दोनों एक हैं तो सेफ हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान में अडाणी का कुछ नहीं किया जा सकता है। यहां तक कि मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया जाता है लेकिन अडाणी करोड़ों का घोटाला करके भी बाहर घूम रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी की ओर से मांग की कि अडाणी को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए और सेबी की अध्यक्ष माधवी बुच को तुरंत पद से हटाया जाना चाहिए और उनकी जांच होनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि आगामी लोकसभा सत्र में पार्टी मामले को विपक्ष के साथ जोर-जोर से उठाएगी। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष होने के नाते उनकी यह जिम्मेदारी है। राहुल ने कहा कि अडाणी ने भ्रष्टाचार करके हिन्दुस्तान की संपत्ति हासिल की है।



### अडाणी समूह ने न्याय विभाग के आरोपों को बताया निराधार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अडाणी समूह ने अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग की ओर से अडाणी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। कंपनी ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि समूह सभी कानूनों का अनुपालन करता रहा है। अडाणी समूह के प्रवक्ता ने गुरुवार को जारी एक बयान में अमेरिकी अधिकारियों की ओर से लगाए गए रिश्वतखोरी के आरोपों को निराधार बताया है। बयान में कहा गया है कि सभी आरोप तथ्यों से परे और निराधार है। अडाणी समूह के प्रवक्ता ने कहा कि समूह सभी कानूनों का पूरी तरह से पालन कर रहा है।

### अडाणी पर रिश्वतखोरी का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अडाणी ग्रुप के प्रमुख गौतम अडाणी एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। अमेरिका में उन पर अरबों डॉलर की रिश्वतखोरी में शामिल होने और निवेशकों को धोखा देने का आरोप लगाया गया है। इन आरोपों की अमेरिकी कोर्ट में प्राथमिक सुनवाई हुई। इसके बाद गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया है। इन आरोपों के बाद अडाणी ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में आज जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। ग्रुप की अलग-अलग कंपनियों के शेयर 10 से लेकर 23 प्रतिशत तक टूट गए। गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी और एक अन्य पर अमेरिकी प्रॉसिक्यूटर्स ने आरोप लगाया गया है कि अडाणी ग्रुप ने सोलर एनर्जी का कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत दी थी। अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) की ओर से बनाए गए मामले में कहा गया है कि गौतम अडाणी, सागर अडाणी और अन्य ने झूठे और भ्रामक बयानों के जरिए अमेरिकी निवेशकों और ग्लोबल फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस से फंड जुटाए और इस फंड का इस्तेमाल रिश्वतखोरी में किया। आरोप में कहा गया है कि अडाणी की ओर से करीब 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत दी गई। ये आरोप विदेशी व्यापार सौदों में रिश्वतखोरी रोकने के लिए बनाए गए अमेरिकी कानून विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम के तहत आते हैं।

## दिल्ली विस चुनाव के लिए आआपा की पहली सूची जारी



**लिस्ट**

▶ 11 में से 6 उम्मीदवार भाजपा और कांग्रेस से आए नेता,
▶ दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी में होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए, आम आदमी पार्टी (आआपा) ने गुरुवार को 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में जिन उम्मीदवारों के नाम हैं, उनमें छह ऐसे हैं, जो हाल ही में भारतीय जनता पार्टी या कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। हालांकि दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी में होने हैं। चुनाव आयोग की ओर से अभी विधानसभा चुनाव की घोषणा भी नहीं की गई है लेकिन उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए आआपा की राजनीतिक मामलों (पीएसी) की आज बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया गया। केजरीवाल ने पहले ही कहा था कि चुनाव के लिए टिकट काम और जनता की राय तथा उम्मीदवारों की जीत की संभावनाओं के आधार पर वितरित किए जाएंगे। 2020 में हुए पिछले चुनावों में आआपा ने 70 विधानसभा सीटों में से 62 पर जीत दर्ज की थी। आज जारी सूची के अनुसार ब्रह्म सिंह तंवर छतरपुर से, अनिल झा किराड़ी से, दीपक सिंगला विश्वासनगर से, सरिता सिंह रोहतास नगर से, बीबी त्यागी लक्ष्मीनगर से, रामसिंह नेताजी बदरपुर से, जुबैर चौधरी सीलमपुर से, वीर सिंह धींगान सीमापुरी से, गौरव शर्मा घोंडा से, मनोज त्यागी करावल नगर से और सोमेश शौकीन मटियाला से आआपा के उम्मीदवार होंगे।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

### सौंग बांध पेयजल परियोजना शुरू करने के लिए विस्थापन कार्यवाही में लाएं तेजीः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादूनः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की सौंग बांध पेयजल परियोजना पर कार्य शुरू करने के लिए विस्थापन की कार्यवाही जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जमरानी बांध परियोजना के कार्यों में और तेजी लाने को कहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन प्रभावित परिवारों को विस्थापित किया जाना है, उनकी यथासंभव सहमति के आधार पर उन्हें शीघ्र भूमि उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित परिवारों से बातचीत कर सहमति के आधार पर सामुदायिक भवन, मंदिर, सड़क और अन्य कोई निर्माण करने की आवश्यकता हो तो वह भी किए जाएं।

## शांतिपूर्ण वार्ता को लेकर प्रतिबद्धः राजनाथ

**संदेश**

▶ सीमा विवाद, व्यापार समझौतों समेत कई मुद्दों आसियान देशों को अहम संदेश दिए



**टीम एक्शन इंडिया**
**वियनतियानेः** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लाओस में क्षेत्रीय सुरक्षा बैठक में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने सीमा विवाद, व्यापार समझौतों समेत कई मुद्दों आसियान देशों को अहम संदेश दिए। राजनाथ ने कहा कि शांतिपूर्ण वार्ता के लिए सीमा विवाद सुलझाना भारत की प्रतिबद्धता रही है। इस दौरान उन्होंने बौद्ध धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने हमेशा जटिल वैश्विक मुद्दों को हल करने के लिए बातचीत की वकालत की है। रक्षा मंत्री ने कहा, "शांतिपूर्ण वार्ता को लेकर भारत की प्रतिबद्धता रही है। सीमा विवाद, व्यापार समझौते जैसी वैश्विक चुनौतियों को लेकर हमारे दृष्टिकोण में स्पष्ट है।" उन्होंने कहा, "खुली वार्ता से विश्वास बढ़ता है और स्थायी साझेदारी की नींव पड़ती है।" बिना नाम लिए चीन को संदेश देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, "भारत का मानना है कि वैश्विक समस्याओं का दीर्घकालिक हल तभी निकाला जा सकता है, जब देश एक-दूसरे के विचारों का सम्मान करें।"

### यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा की कटऑफ जारी, 174316 पास

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए अगस्त माह में आयोजित लिखित परीक्षा की कट ऑफ लिस्ट उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने बृहस्पतिवार को जारी कर दी। बोर्ड कट ऑफ लिस्ट में वरिष्ठता के आधार पर ढाई गुना अभ्यर्थियों (1,74,316) को चयनित करके दिसंबर के तीसरे सप्ताह में दस्तावेजों का परीक्षण और शारीरिक मानक परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। दस्तावेजों का परीक्षण और शारीरिक मानक परीक्षा में अर्ह (उत्तीर्ण) अभ्यर्थियों को जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। इससे संबंधित सूचनाएं बोर्ड द्वारा जल्द जारी की जाएंगी।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुग्राम में आयोजित 71वां सहकारिता सप्ताह 2024 राज्य स्तरीय समारोह के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

### सेना प्रमुख 'नेपाल सेना के जनरल' की मानद उपाधि से सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**काठमांडूः** नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने गुरुवार को भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को नेपाली सेना के जनरल की मानद उपाधि प्रदान की। पांच दिवसीय दौरे पर बुधवार को नेपाल पहुंचे जनरल द्विवेदी को काठमांडू स्थित राष्ट्रपति आवास में एक विशेष समारोह के दौरान यह सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रपति भवन से जारी बयान में कहा गया है कि भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को राष्ट्रपति पौडेल ने नेपाली सेना के जनरल की मानद उपाधि से सम्मानित किया। समारोह के दौरान उन्हें एक तलवार और



स्क्रॉल भी भेंट किया गया। साथ ही उन्हें नेपाली सेना के प्रधान सेनापति द्वारा पहनी जाने वाली जनरल रैंक की टोपी पहनाई गई। इस दौरान जनरल द्विवेदी नेपाली सेना के परिधान में मानद उपाधि ग्रहण करने पहुंचे। सेना प्रमुखों को मानद उपाधि से सम्मानित करने की सात दशक पुरानी परंपरा का अनुसरण करती है।

## रूस का यूक्रेनी शहर पर बड़ा हमला, मची तबाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**कीवः रूस** ने गुरुवार को यूक्रेन पर एक बड़ा हमला किया, जिसमें उसने अपने दक्षिण आस्त्रखान क्षेत्र से अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी। यह पहली बार है, जब रूस ने इस तरह की शक्तिशाली और लंबी दूरी वाली मिसाइल का इस्तेमाल किया। यूक्रेनी वायुसेना ने यह जानकारी दी।

**यूक्रेन ने अमेरिकी और ब्रिटिश मिसाइलों से किया रूस के अंदर हमलाः** मॉस्को की ओर से अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल से हमला उस समय हुआ है, जब यूक्रेन ने इस हफ्ते अमेरिका और ब्रिटेन की



मिसाइलों का उपयोग करके रूस के अंदर कुछ लक्ष्यों को निशाना बनाया, जिसके बारे में मॉस्को ने महीनों पहले चेतावनी दी थी कि यह तनाव को बहुत अधिक बढ़ा सकता है।

**निप्रो शहर के उद्यमों और महत्वपूर्ण ढांचों को बनाया**

**रूस ने निशाना :** रूस ने निप्रो शहर के मध्य-पूर्व क्षेत्र में मौजूद उद्यमों और महत्वपूर्ण ढांचों को निशाना बनाया। हालांकि बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल से किसे निशाना बनाया गया था।

### रूस ने मार गिराई दो ब्रिटिश स्टार्म शैडो मिसाइलः रक्षा मंत्रालय

इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने दो ब्रिटिश स्टार्म शैडो मिसाइल, छह रॉकेट और 67 ड्रोन को मार गिराया है। यूक्रेन के खिलाफ चल जंग को रूस शुरुआत से ही 'विशेष सैन्य अभियान' बताता रहा है। हालांकि, उसने यह नहीं बताया गया है कि मिसाइल को कब और कहां रोका गया? मिसाइल का लक्ष्य क्या था? रूस पहले भी स्टॉर्म शैडो मिसाइलों को मार गिराने की बात कह चुका है।

## रचनात्मक शक्ति बनना चाहता है भारतः उपराष्ट्रपति

### भारत ने हमेशा विविधता में एकता पर बल दिया



**विविधता**

▶ भारत ने सतत विकास दर पर केंद्रित वैश्विक प्रगति को मानव केंद्रित किए जाने पर जोर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि भारत का लक्ष्य शांति निर्माण, शांति स्थापना और जलवायु कार्रवाई पहल के माध्यम से एक रचनात्मक वैश्विक शक्ति बनना है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आज नई दिल्ली में भारत के मूल मूल्य, रुचियां और उद्देश्य विषय पर 64वें राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित किया। विश्व में सकारात्मक भूमिका निभाने के भारत के योगदान का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जी20 की अध्यक्षता के दौरान भी भारत ने सतत विकास दर पर केंद्रित वैश्विक प्रगति को मानव केंद्रित किए जाने पर जोर दिया और विविधता में एकता पर बल दिया। उपराष्ट्रपति ने इस बात को भी रेखांकित किया कि भारत सबके सुख की कामना करता है और विश्व को एक परिवार के तौर पर मानता है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने वैश्विक दक्षिण की आवाज को अंतराष्ट्रीय स्तर पर उठाया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का पोषण करते हुए समावेशी विकास, शांति और सार्वभौमिक कल्याण भारतीय दर्शन के केंद्र में है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते भारत अपनी भाषा, धर्म और नस्लीय विभिन्नता का उत्सव मनाता है। यहां समानता और स्वतंत्रता सुनिश्चित होती है। भारत की विदेश नीति भी इसी तरह अन्य देशों की क्षेत्रीय अखंडता संप्रभुता का सम्मान करते हुए संघर्ष व प्रतिस्पर्धा पर बातचीत को प्रधानता देने पर जोर देती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्ध हैं और यह अर्थव्यवस्था और सामाजिक मूल्यों के साथ-साथ सद्भाव के लिए भी महत्वपूर्ण है। हम महिलाओं को सशक्त बनाने को एक कदम आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। संसद से पारित महिला आरक्षण विधेयक का इसी दौरान जिक्र किया।

**महत्वकांक्षी** प्रदेश सरकार ने वाइनरी स्थापित करने के लिए एचपीएमसी को प्रदान किया लाइसेंसः मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू

## ठियोग में 86 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होगी वाइनरीः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश बागवानी उपज विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) शिमला जिला के ठियोग के पराला में वाइनरी स्थापित करेगा। प्रदेश सरकार की 86 करोड़ रुपये की इस महत्वकांक्षी परियोजना से प्रदेश में बागवानी को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वाइनरी स्थापित करने के लिए एचपीएमसी को लाइसेंस प्रदान किया है। इस परियोजना के



साकार होने से प्रदेश के फल उत्पादकों विशेषकर सेब, आड़ू, और प्लम बागवानों को उनके उत्पादों के और अधिक लाभकारी मूल्य हासिल होंगे। उन्होंने कहा कि बागवानी उत्पादों के मूल्य संवर्द्धन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे बागवानों की आर्थिकी सुदृढ़ होने के साथ-साथ हिमाचल, देश में फल आधारित गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के हब के रूप में स्थापित होगा।

**परियोजना**

▶ प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में अनेक नवाचार कदम उठाए हैं : सीएम

उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रदेश के कृषि एवं बागवानी क्षेत्र को मजबूत करने की सरकार की परिकल्पना को पूरा करेगी और इस क्षेत्र में प्रदेश में आधुनिक अधोसंरचना और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। राजस्व के स्रोतों को बढ़ाने के साथ-साथ यह परियोजना उत्पाद, प्रसंस्करण विपणन और संबंधित उद्योगों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएगी। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों का सतत विकास सुनिश्चित कर किसानों और बागवानों की आय में वृद्धि करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल के अधिकतर जनसंख्या गांवों में बसती है और कृषि एवं बागवानी क्षेत्र लोगों की आजीविका का मुख्य साधन है। प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में अनेक नवाचार कदम उठाए हैं।

### कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया थाः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक के मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि इस देश में आतंकी अजमल कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे संकेत दिए कि अदालत यासीन मलिक मामले में तिहाड़ जेल के भीतर ही कोर्ट रूम स्थापित करने का निर्देश दे सकती है। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सदस्यता वाली पीठ ने जम्मू कश्मीर सत्र अदालत के बीते साल सितंबर में दिए एक आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही।

# जीटी रोड पर फिर खुले अवैध कट, बने गंभीर समस्या

## गन्नौर जीटी रोड पर सीएनजी पंप के पास अवैध रूप से खोला गया कट, यह लापरवाही न केवल यातायात को बाधित करती है

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जीटी रोड पर जगह-जगह पर फिर से खोले गए अवैध कट यातायात के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं। प्रशासन और एनएचएआई द्वारा समय-समय पर इन कटों को बंद करने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन कुछ ढाबा और पेट्रोल पंप संचालक अपनी सुविधाओं के लिए इन्हें दोबारा खोल देते हैं। यह लापरवाही न केवल यातायात को बाधित करती है, बल्कि सड़क हादसों का बड़ा कारण भी बन सकती है। सड़क पर खुले ये अवैध कट अचानक सामने आने वाले वाहनों के लिए बड़ा खतरा बन सकते है। तेज रफ्तार में चलते वाहनों के अचानक कट के सामने आने से भिडंत की संभावना बढ़ जाती है। खासकर रात के समय या खराब मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है।

**एनएचएआई ने किए थे सभी अवैध**




**कट बंद:** एनएचएआई ने करीब एक साल पहले कार्रवाई करते हुए दिल्ली बाईपास से लेकर पानीपत फ्लाईओवर के पास तक खुले कई अवैध कट बंद करवाए थे। इसका उद्देश्य सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना था। हालांकि कुछ ढाबा और पेट्रोल पंप संचालकों ने अपनी सुविधा के लिए इन कटों को दोबारा खोल दिया है। अब करीब 20 से अधिक कट अवैध रूप से खोले गए हैं। ये अवैध कट न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं, बल्कि हादसों का कारण भी बन सकते हैं।

**केस भी करवाए थे दर्ज:** एनएचएआई ने अवैध कट बंद करने की कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से खोले गए कटों को बंद करते हुए ऐसे प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ केस दर्ज भी करवाए थे, जिन्होंने अवैध रूप से ग्रिल अथवा डिवाइडरों को तोड़ रखा था। इसके बावजूद भी अब फिर से प्रतिष्ठान संचालकों ने कटों को खोल दिया। बार-बार चेतावनी देने और कार्रवाई करने के बावजूद इन कटों का दोबारा खुलना प्रशासन की विफलता को दशार्ता है। यदि समय रहते इन कटों पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं।

**परेशानी का सबब**

**▶▶ प्रशासन और एनएचएआई द्वारा समय-समय पर इन कटों को बंद करने की कार्रवाई की जाती है**

**प्रशासनिक अधिकारी कर रहे बैठकें:** जीटी रोड पर फिर से खोले गए अवैध कटों को लेकर उपायुक्त से लेकर पुलिस अधिकारी गंभीर नजर आ रहे हैं। वह बैठकें कर एनएचएआई व संबंधित टोल एजेंसी के अधिकारियों को अवैध कटों को बंद करने के लिए निर्देश दे चुके हैं। जिसके बाद एनएचएआई के अधिकारी अब अवैध रूप से खोले गए कटों को बंद करवाने की बात कह रहे हैं।

**अवैध कटों को करवाया जा रहा बंद : परियोजना निदेशक**
एनएचएआई-44 के परियोजना निदेशिक जगभूषण ने कहा कि जीटी रोड पर अवैध कट खोले जाने की शिकायतें उन्हें मिली हैं। विभाग द्वारा अब इन अवैध कटों को फिर से बंद करवाया जा रहा है। जिन्होंने अवैध कटों को खोला है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

# हकेंवि में विधि शोध और एआई पर केंद्रित कार्यशाला का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विधि विभाग में विधि के क्षेत्र में विधि शोध और इसके अनुप्रयोगों पर कार्यशाला का आयोजन किया। विद्यार्थियों, शोद्यार्थियों व शिक्षकों को शोध के क्षेत्र में जारी आत्याधुनिक कौशल से अवगत कराना और उनके आवश्यकतानुसार उपयोग के लिए प्रेरित करना था।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राकेश कुमार पुत्रः रमेश चन्दर, पताः** मकान नं. 3729, गली नं. 4, धर्मपुरा, गाँधी नगर, दिल्ली ने **FIR No. 487/2016, U/s 498A/406/34 IPC** थानाः फर्श बाजार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 487/2016, U/s 498A/406/34 IPC** थानाः फर्श बाजार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राकेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री श्रुति शर्मा–।**
**जेएमएफसी, महिला कोर्ट–1**
**दूसरी मंजिल, शाहदरा कोर्ट,**
**कमरा नं. 55, कड़कड़डूमा कार्ट, नई दिल्ली**

**DP/15368/SHD/2024**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अबूबकर ऐमे पुत्रः** श्री अब्दुलाये **पताः** ए–148ए, मकान नं. 26/16, तीसरी मंजिल, चंदर विहार, निलोठी एक्सटेंशन, दिल्ली **FIR No. 359/2022 U/s 354/323/341 IPC & 14 Foreigners Act, थानाः निहाल विहार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अबूबकर ऐमे** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अबूबकर ऐमे** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 359/2022 U/s 354/323/341 IPC & 14 Foreigners Act, थानाः निहाल विहार, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अबूबकर ऐमे** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आकांशा गौतम**
**महिला न्यायालय, कमरा नंबर 252**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15325/OD/2024**
**(Court Matter)**

# स्कूटी सवार महिला को डंपर ने कुचला, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सफदरजंग अस्पताल के पास रिंग रोड पर नौरोजी बस स्टॉप के पास ट्रक की टक्कर से गिरे स्कूटी सवार दंपती को वहां से गुजर रहे डंपर ने कुचल दिया। हादसे में महिला हरदेवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके पति श्यामा चरण (49) को मामूली चोटें आईं हैं। सरोजनी नगर थाना पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मौके व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपी ट्रक चालक को पकडने की कोशिश कर रही है। इस सड़क दुर्घटना में घायल हुए श्रीनिवासपुरी निवासी श्यामा चरण ने बताया कि परिवार के सदस्यों में तीन बेटे व दो बेटियों के अलावा 47 वर्षीय पत्नी हरदेवी थीं। बुधवार शाम वह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से रिंग रोड होकर नांगलोई जा रहे थे। जब वह नौरोजी नगर बस स्टॉप के पास पहुंचे तो कि पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह पत्नी के साथ स्कूटी समेत सड़क पर ही गिर गए। वह खुद को संभालकर पत्नी को उठा पाते, तब तक पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी पत्नी को कुचल दिया।

# 82 युवा कलाकार उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से होंगे सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार को डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक विशेष समारोह में देशभर के 82 युवा कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा, संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव उमा नंदूरी करेंगी। इस समारोह के बाद 22 से 26 नवंबर, 2024 तक उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार विजेता तीन अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन कला महोत्सवों में भाग लेंगे।




जिसमें मेघदूत थिएटर कॉम्प्लेक्स, रवींद्र भवन, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली; अभिमंच थिएटर, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, भावलपुर हाउस, नई दिल्ली और विवेकानंद ऑडिटोरियम, कथक केंद्र, चाणक्यपुरी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2006 में 40 वर्ष की आयु तक के युवा प्रदर्शन कला चिकित्सकों के लिए भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के नाम पर उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार (यूबीकेयूपी) की स्थापना की थी।

## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गतिशक्ति/पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है।

**क्रस.1: ई–निविदा सं: CPM-GS-IZN-2024-11**
**कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में छतरपुर स्टेशन (रूद्रपुर, उत्तराखण्ड) पर गुड्स शेड प्लेटफार्म का निर्माण एवं सम्बन्धित सिविल कार्य।
**अनुमनित निविदा मुल्यः** ₹ 15,06,57,626.59 **बयाना राशिः** ₹ 9,03,300.00 **निविदा प्रपत्र का मुल्य(रू):** निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 10 (दस) माह।
बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथिः 28.11.2024, उपरोक्त ई– निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि– दिनांक 12.12.2024, 15.00 बजे तक, उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 12.12.2024, 15.30 बजे, निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा में यदि हिन्दी या अंग्रजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इंजीनियर/गति शक्ति/**
**मुजाधि/डब्लू–310 इज्जतनगर**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

# धुंध की चादर में लिपटी दिल्ली, लोगों को सांस लेने में परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मौसमी दशाओं के बदलने से लोगों को कोहरा और स्मॉग की मार झेलनी पड़ रही है। प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ने के कारण राजधानी में धुंध की एक परत छाई हुई है। दिल्ली के कई हिस्सों में एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है। राजधानी गैस चैंबर बनी हुई है। इससे लोगों की सांस उखड़ रही है। आलम यह है कि सीने में जलन और ज्यादा देर तक खुले में रहने से आंखों में चुभन हो रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के अनुसार, सुबह आठ बजे आनंद विहार में एक्यूआई 405, मुंडका में 413, बवाना में 418, अशोक विहार 414, आईटीओ 355, जहांगीरपुरी 435, रोहिणी 407, नजफगढ़ 366, आरकेपुरम 387, पंजाबी बाग 407, सोनिया विहार 394, द्वारका सेक्टर 8 में 401 दर्ज किया गया है। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक बुधवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशाओं की ओर से चली।

## उत्तर रेलवे

**आमंत्रण सूचना**

**रुचि की अभिव्यक्ति**

**औषधि परीक्षण विश्लेषण प्रयोगशाला का पैनल सूचि में सम्मलित करने के लिए**

प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक, उत्तर रेलवे सेंट्रल अस्पताल, बसंत लेन, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से दवाओं, सर्जिकल और कंसुमेबल के परीक्षण/विश्लेषण के लिए NABL मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करते हैं। जिसकी अवधि दो वर्ष के लिए होगी।
इच्छुक NABL लैब्स को सलाह दी जाती है कि वे EOI एक सीलबंद लिफाफे में 14.12.2024 को 15:00 बजे तक या उससे पहले प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक, उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल, बसंत लेन, नई दिल्ली 110055 के कार्यालय में कमरा नंबर 26 में जमा करवायें।
नियम एवं शर्ते और आवेदन पत्र वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
**सं.: NRCH/Drug Analysis Lab/2024-2025/01** **3574/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## Chola — चोलामंडलम निवेश एवं वित्त कंपनी लिमिटेड

Enter a better life
कॉर्पोरेट कार्यालयः "चोला क्रेस्ट", सी54 एवं 55, सुपर बी-4, थिरु.वि.का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032।

**कब्जे की सूचना** (नियम 8 (1) (अचल संपत्ति के लिए)

चूंकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता मेसर्स चोलामंडलम निवेश एवं वित्त कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हैं, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत जिसे आगे अधिनियम कहा जाएगा तथा प्रतिभूति हित [प्रवर्तन] नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13[12] के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे कॉलम [बी] में दर्शाए गए उधारकताओं से कॉलम [सी] में निर्दिष्ट तिथियों पर नीचे कॉलम [डी] में दर्शाई गई बकाया राशि ब्याज सहित चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किए हैं। उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर ऋणकर्ताओं द्वारा राशि वापस न किए जाने के कारण, विशेष रूप से ऋणकताओं तथा आम जनता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ, कॉलम [एफ] में उल्लिखित संबंधित तिथियों को कॉलम [ई] में वर्णित कंपनी के पास बंधक रखी गई संपत्तियों पर कब्जा कर लिया है। ऋणकताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है। विशेष रूप से ऋणकताओं तथा आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे नीचे कॉलम [ई] में उल्लिखित संपत्तियों से लेन-देन न करें तथा ऐसा कोई भी लेन-देन मेसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा कॉलम [डी] में उल्लिखित राशि तथा उस पर ब्याज के प्रभार के अधीन होगा।

| क्रमांक नं | उधारकर्ता का नाम और पता तथा ऋण खाता संख्या | मांग सूचना का दिनांक | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण | कब्जे का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) |
| 1. | **ऋण खाता संख्या PR00036808, PR00036443 &PR00038718** 1. मैसर्स दुर्गा ट्रेडर्स 2. ओम प्रकाश गोयनका 3. श्री अभिमन्यु गोयनका 4. श्रीमती निर्मला देवी गोयनका 5. श्री निखिल गोयनका | 16.08.2024 | रू. 1, 59, 35, 578 जो कि 16.08.20204 और ब्याज सहित | अशोक विहार, फेज IV, दिल्ली 110052,5 में हाउस एस्टेट के लेआउट प्लान में ब्लॉक नंबर 6 में ग्राउंड फ्लोर पर फ्लैट नंबर 77 का टुकड़ा और पार्सल, 111.52 वर्ग फीट के विस्तार में फैला हुआ, दस्तावेज संख्या 11821 के तहत एसआरओ-वीआईए, नई दिल्ली में विधिवत पंजीकृत है। | 19.11.2024 |

**दिनांकः 22.11.2024**
**स्थानः अशोक विहार, नई दिल्ली**
**अधिकृत अधिकारी**
**मैसर्स चोलामंडलम निवेश एवं वित्त कंपनी लिमिटेड**

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्याः** 17/2024/आर.एस./जे.एच.एस. **दिनांकः** 18.11.2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झॉसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई- टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी12-2024-25 | **निविदा मूल्यः** ₹ 7526748.00 |
| **कार्य का विवरणः** विद्युत लोको शेड, झाँसी के डब्ल्यूएजी-5 लोकोमोटिव के कास्ट स्टील को-को बोगी फ्रेम की मरम्मत/पुनर्निर्माण/पुनर्वास और परीक्षण। | |
| **बयाना राशिः** ₹ 150500.00 | **निविदा बंद होने की तिथिः 16.12.2024** |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह | |
| **निविदा सं:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी14-2024-25 | **निविदा मूल्यः** ₹ 2956512.00 |
| **कार्य का विवरणः** विद्युत लोको शेड, झाँसी के हिटाची ट्रैक्शन मोटरों की डिस्मैन्टलिंग, क्लीनिंग व माइनर अटैन्शन। | |
| **बयाना राशिः** ₹ 59100.00 | **निविदा बंद होने की तिथिः 16.12.2024** |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 24 माह | |
| **निविदा सं:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी16-2024-25 | **निविदा मूल्यः** ₹ 22726800.00 |
| **कार्य का विवरणः** विद्युत लोकोमोटिव के हिटैची ट्रैक्सन मोटर का इलेक्ट्रिकल रिपेयर करना। | |
| **बयाना राशिः** ₹ 263600.00 | **निविदा बंद होने की तिथिः 16.12.2024** |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह | |

निविदाकार निविदा **दिनांक 16.12.2024** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें। **2004/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से जनरल कैटेगरी (व्यक्तिगत/सांझेदारी फर्मो/कम्पनियों/सहकारी/स्वयं सहायता समूहों) एवं आरक्षित कैटेगरी से, अम्बाला मंडल के चुनिंदा रेलवे स्टेशनों पर खानपान स्टाल (जनरल माइनर यूनिट) को पांच वर्षों तक संचालन हेतु ई–निविदा दिनांक 10.12.2024 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित की जती है। निविदा से संबंधित विवरण निम्नलिखित है–

| क्र. सं. | टेंडर संख्या | स्टेशन का नाम | स्टेशन कैटेगरी | स्टाल सं. | स्थान | टेंडर डाक्यूमेंट्स का मूल्य + @18% GST प्रति टेंडर (रूपए में) | प्रथम वर्ष के लिए आरक्षित मूल्य (रूपए में) | बयाना राशि (रूपए में) | आरक्षित वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UMB-CTG-UMB-GMU-03-24 | अम्बाला छावनी | एनएसजी–2 | 2 | प्लेटफार्म सं. 1 (MPS स्टाल के साथ) | 2,950 | 10,50,825 | 5,46,500 | सामान्य |
| 2 | UMB-CTG-SRE-GMU-04-24 | सहारनपुर | एनएसजी–3 | 11 | प्लेटफार्म सं. 4 (गुड्स ऑफिस के नजदीक) | 2,950 | 6,72,883 | 3,50,000 | सामान्य (महिला) |

**नोटः** उपरोक्त ई–निविदा/निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण (ई–निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 10.12.2024 समय 15:00 बजे तक उपलब्ध है। रेलवे प्रशासन को किसी एक या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार प्राप्त है।
**(फाइल सं.:NR-UMB0COML(CG)/29/2024)** **3576/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

मैं, पृथ्वी राज पुत्र श्री ओम प्रकाश सी-113, विजय विहार फेज-2, रोहिणी, उत्तर पश्चिमी दिल्ली-110085 का निवासी हूं। मैं घोषणा करता हूँ कि मेरे बेटे धनराज की मार्कशीट में मेरा नाम गलती से पृथवी राज लिख दिया गया है। मेरा वास्तविक नाम पृथ्वी राज है। भविष्य में इसी नाम का उपयोग किया जाए। पृथवी राज और पृथ्वी राज दोनों एक ही व्यक्ति का नाम हैं।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## सार्वजनिक सूचना

मैं वीरेंद्र सुपुत्र श्री राम कुमार निवासी मकान न०-बी-2/112 अगर नगर, प्रेम नगर 3, किराड़ी सुलेमान नगर, दिल्ली-110086, सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पुत्र काव्यांश का स्कूल में नाम काव्या है, मैने इसे बदलकर काव्यांश करवा लिया है, भविष्य मे उसे काव्यांश के नाम से ही जाना जाये तथा सभी कागजातों में उसका आधिकारिक नाम काव्यांश है। काव्या तथा काव्यांश एक ही व्यक्ति हैं।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## नाम परिवर्तन

मैं निर्मला पत्नी श्री विजय कुमार बी-62, गली नं. 8, शालीमार बाग की निवासी हूं। मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम निर्मला गोयल हो गया है, जोकि गलत है। अन्य कागजातों में मेरा नाम निर्मला दर्ज है। भविष्य में मुझे निर्मला के नामों से जाना जाए। निर्मला और निर्मला गोयल दोनों एक ही महिला का नाम है।

# चुनाव: आम आदमी पार्टी की पहली सूची जारी

## कोई तीन तो कोई सात दिन पहले पार्टी में आया, आप ने ऐसे छह को उम्मीदवार बनाया, तीन हारे हुए उम्मीदवारों को दोबारा मौका

**बाहरी पर भरोसा**

**तीन बार के विधायक रहे वीर सिंह धींगान ने बीते 15 नवंबर को ही कांग्रेस पार्टी छोड़ आप का दामन थामा**

**दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025**

**आप के 'प्रवासी' प्रत्याशी**

| उम्मीदवार | कहां से आए | कब आए |
|---|---|---|
| सोमेश शौकीन | कांग्रेस से | 18 नवंबर |
| अनिल झा | भाजपा से | 17 नवंबर |
| वीर सिंह धींगान | कांग्रेस से | 15 नवंबर |
| बीबी त्यागी | भाजपा से | 4 नवंबर |
| ब्रह्म सिंह तंवर | भाजपा से | 31 अक्तूबर |
| जुबैर चौधरी | कांग्रेस से | 29 अक्तूबर |





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में छह नाम ऐसे हैं जो बीते 25 दिन के अंदर ही कांग्रेस या भाजपा से आप में आए हैं। पार्टी ने 2020 में हारे तीन उम्मीदवारों पर भी फिर से भरोसा जताया है।

**ब्रह्म सिंह तंवर:** छतरपुर से आम आदमी पार्टी ने ब्रह्म सिंह तंवर को उम्मीदवार बनाया है। 2020 और 2015 के विधानसभा चुनाव में तंवर छतरपुर से भाजपा उम्मीदवार थे। दोनों बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। पिछले चुनाव में उन्हें आप उम्मीदवार करतार सिंह तंवर ने 3,720 वोट से हरा दिया था। तीन बार के पूर्व विधायक ब्रह्म सिंह तंवर बीते 31 अक्तूबर को ही आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। यानी, पार्टी में आने की तीन हफ्ते बाद उन्हें उम्मीदवार बना दिया गया है। ब्रह्म सिंह तंवर 2013 में छतरपुर सीट से भाजपा के टिकट पर तीसरी बार विधायक बने थे। इससे पहले 1993 और 1998 के विधानसभा चुनाव में उन्हें महरौली सीट से जीत मिली थी।

### 2020 में हारी आठ में छह सीटों पर तय हुए उम्मीदवार

**जिन** आठ सीटों पर 2020 में आप को हार मिली थी, उनमें रोहिणी, बदरपुर, लक्ष्मी नगर, विश्वास नगर, गांधी नगर, रोहतास नगर, घोंडा और करावल नगर शामिल हैं। इनमें से पार्टी ने छह सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। सिर्फ दो सीटों रोहिणी और गांधी नगर सीट पर उम्मीदवारों का एलान नहीं हुआ है। वहीं, लक्ष्मी नगर, रोहतास नगर, विश्वास नगर, बदरपुर, घोंडा और करावल नगर पार्टी ने प्रत्याशी तय कर दिए हैं।

इनमें से तीन सीटों पर 2020 में आप के हारे उम्मीदवारों राम सिंह, सरिता सिंह और दीपक सिंगला को दोबारा मौका दिया है।

**आप ने बताई टिकट काटने की वजह**

वहीं आप ने तीन सीटों पर अपने वर्तमान विधायकों के टिकट काट दिए हैं। इसमें किराड़ी से ऋतुराज झा, सीलमपुर से अब्दुल रहमान और मटियाला से गुलाब सिंह शामिल हैं। आप ने कहा है कि सर्वे में खराब रिपोर्ट से इन तीनों के टिकट काटे गए हैं। दूसरे दलों से आए जिन्हें टिकट मिली है, उनमें छतरपुर सीट पर ब्रह्म सिंह तंवर, किराड़र सीट पर अनिल झा, लक्ष्मी नगर से बीबी त्यागी को टिकट मिली है।

**अनिल झा:** दिल्ली पश्चिम जिले की किराड़ी सीट से पूर्व भाजपा विधायक अनिल झा को आप का उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्वांचली नेता अनिल झा 2020 में किराड़ी सीट पर 5,654 वोट से हार गए थे। उन्हें आप के ऋतुराज गोविंद ने हराया था।

**बीबी त्यागी:** आम आदमी पार्टी ने बीबी त्यागी को लक्ष्मीनगर सीट से उम्मीदवार बनाया है। 2020 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को इस सीट पर हार का माना करना पड़ा था। ब्रह्म सिंह तंवर और अनिल झा की तरह त्यागी को भी आम आदमी पार्टी में आए अभी एक महीने भी नहीं हुए हैं। त्यागी ने चार नवंबर को ही आप की सदस्यता ली है। त्यागी दो बार भाजपा के टिकट पर पार्षद रह चुके हैं।

**जुबैर चौधरी:** आप ने सीलमपुर सीट से अब्दुल रहमान का टिकट कट गया है। रहमान ने बीते 29 अक्तूबर को ही आम आदमी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। इस्तीफे में उन्होंने कहा था कि उन्होंने विचारों में बढ़ते फासले को देखते हुए, यह निर्णय लिया है। तब से ही उनका टिकट कटने की अटकलें थीं। यहां से पार्टी ने जुबैर चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। जुबैर बीते 29 अक्तूबर को ही अपनी पार्षद पत्नी शगुफ्ता के साथ कांग्रेस में शामिल हुए थे।

**वीर सिंह धींगान:** सीमापुरी सीट से वीर सिंह धींगान को पार्टी ने टिकट दिया है। तीन बार के विधायक रहे वीर सिंह धींगान ने बीते 15 नवंबर को ही कांग्रेस पार्टी छोड़ आम आदमी पार्टी का दामन थामा है।

**सोमेश शौकीन:** मटियाला सीट पर पार्टी ने सोमेश शौकीन को उतारा है। सोमेश शौकीन ने बीते 18 नवंबर को ही कांग्रेस छोड़कर आप का दामन थामा है। 2013, 2015 और 2020 में सोमेश शौकीन मटियाला सीट से कांग्रेस उम्मीदवार थे। तीनों बार उन्हें तीसरे नंबर से संतोष करना पड़ा था। जबकि, 2008 में शौकीन मटियाला से कांग्रेस के टिकट पर जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। यहां से 2020 में आप के गुलाब सिंह ने जीत दर्ज की थी। इस बार पार्टी ने उनका टिकट काट दिया है। मटियाला सीट से लगातार दो बार जीते गुलाब सिंह यादव के ठिकानों पर बीते मार्च में ईडी की रेड पड़ी थी।

**7. सरिता सिंह:** आप ने सरिता सिंह को एक बार फिर रोहतास नगर से उतारा है। 2020 में सरिता को इस सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। उस चुनाव में सरिता को भाजपा के जितेंद्र महाजन के मात दी थी।

**दीपक सिंगला:** विश्वास नगर सीट पर आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर दीपक सिंगला को टिकट दिया है। 2020 के विधानसभा चुनाव में यह सीट भाजपा के खाते में गई थी। तब भाजपा के ओम प्रकाश शर्मा ने आम आदमी पार्टी के दीपक सिंगला को 16,457 वोट से मात दी थी। 2020 में हारने के बाद भी पार्टी ने एक बार फिर सिंगला पर ही भरोसा जताया है।

**राम सिंह:** 2020 के विधानसभा चुनाव में आप को जिन आठ सीटों पर हार मिली थी, उनमें बदरपुर सीट भी शामिल थी। इस सीट पर पार्टी ने एक बार फिर राम सिंह नेताजी को टिकट दिया है। पिछले चुनाव में राम सिंह को भाजपा के रामवीर सिंह बिधूड़ी ने 3,719 वोट से हराया था। बिधूड़ी दक्षिण दिल्ली से सांसद हैं। जहां तक राम सिंह नेताजी की बात है तो वो मूलतः कांग्रेस नेता रहे हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव से ऐन पहले जनवरी 2020 में उन्होंने आम आदमी पार्टी का दामन थामा था।

**गौरव शर्मा:** घोंडा सीट भी उन आठ सीटों में शामिल हैं जहां 2020 में आप को हार मिली थी। यहां से पार्टी ने गौरव शर्मा को टिकट दिया है। गौरव आप के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव हैं। 11.

**मनोज त्यागी:** करावल नगर सीट पर भी 2020 में आम आदमी पार्टी हारी थी। यहां से पार्टी ने मनोज त्यागी को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट ने आप के दुर्गेश पाठक को मात दी थी। इस पार्टी ने पाठक की जगह मनोज त्यागी को टिकट दिया है।

# सीएम आतिशी ने किया नए सरकारी स्कूल का उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी गुरुवार को रोहिणी सेक्टर 27 में एक नए सरकारी स्कूल का उद्घाटन किया । इस दौरान उन्होंने कहा कि इस स्कूल में वह सुविधाएं भी हैं जो की किसी निजी स्कूलों में भी नहीं होंगी । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली के हर बच्चे को वर्ल्ड क्लास शिक्षा देने के अरविंद केजरीवाल के विजन के तहत रोहिणी सेक्टर-27 में शानदार नए स्कूल का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर उनके साथ स्थानीय आम आदमी पार्टी( आआपा) विधायक शरद चौहान, शिक्षा विभाग के अधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद थे मुख्यमंत्री आतिशी रोहिणी सेक्टर 27 में नए सरकारी स्कूल के उद्घाटन के दौरान बताई कि इस स्कूल में 121 क्लासरूम हैं जहां आपके बच्चे पढ़ेंगे। नौ प्रयोगशालाएं, योग के लिए अलग कमरे हैं, छात्रों के लिए सम्मेलन कक्ष हैं, और आपको विश्वास नहीं होगा क्योंकि यह सुविधा निजी स्कूलों में भी नहीं है । इस स्कूल में आपके बच्चों के लिए लिफ्ट भी लगाई गई है ।उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इस स्कूल से आसपास के दो हजार बच्चों को पढ़ने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और घर के नजदीक ही उन्हें सबसे अच्छी शिक्षा मिलेगी। आतिशी ने बताया, देशभर से लोग दिल्ली में अपने बच्चों को अच्छी ज़िंदगी देने के लिए, एक बेहतर भविष्य के लिए आते है। अरविंद केजरीवाल ने सरकारी स्कूलों का कायापलट कर आम लोगों के इस सपने को पूरा करने का काम किया है और साबित कर दिया है कि, अच्छी शिक्षा पाकर अब गरीब का बच्चा गरीब नहीं रहेगा। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली की सरकार लगातार शिक्षा को पहली प्राथमिकता पर रखती है। पिछले कुछ महीनों से लगातार हर हफ़्ते किसी स्कूल का उद्घाटन हो रहा ह।

**शिक्षा पर बल**

**इस स्कूल में वह सुविधाएं भी हैं जो की किसी निजी स्कूलों में भी नहीं होंगी: मुख्यमंत्री आतिशी**

# ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने के आदेश पर रोक लगाने से हाईकोर्ट का इनकार




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के आदेश पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने ईडी को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी। गुरुवार को सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वकील एन हरिहरन ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट पर अभियोजन चलाने को लेकर जरूरी अनुमति के लिए संज्ञान ले लिया है, जो कानूनी रूप से वैध नहीं है। ऐसे में ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई जाए। उल्लेखनीय है कि 10 जुलाई को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए केजरीवाल को पेश होने का आदेश दिया था। 17 मई को ईडी ने सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया गया था। इस इस मामले में केजरीवाल, संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और के कविता को सुप्रीम कोर्ट नियमित जमानत दे चुकी है। ईडी ने 21 मार्च को देर शाम को केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

# मां-बेटी मौत मामला: सोते रह जाने के कारण जिंदा जलीं



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दक्षिण** जिले के नेबसराय क्षेत्र में झुग्गी बस्ती में लगी आग में मां फिरोजा-बेटी रूबीन परवीन के जिंदा जलने के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अभी तक यह पता नहीं लग पाया है कि जब आग लगी तो बस्ती में रहने वाले सभी लोग बाहर निकल गए, फिर मां-बेटी बाहर क्यों नहीं निकल पाई। शुरूआती जांच में कहा जा रहा है कि दोनों मां-बेटी सोती रह गई। वह धुंए से बेहोश हो गई जिस कारण जिंदा जल गईं। नेबसराय स्थित झुग्गी-बस्ती में मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे आग लग गई थी। दमकल की 15 गाडियों ने करीब तीन घंटे में आग पर काबू पाया। जब कूलिंग का काम चल रहा था तो मां-बेटी पूरी तरह जली हुई हालत में मिलीं। आग से झुग्गी बस्ती में कई सीलिंडर फट गए थे। इस कारण आग ज्यादा फैल गई थी। फिरोजा के बेटे माइजुद्दीन का कहना है कि आग से चारों तरफ धुंआ फैल गया था। ऐसे में उन्हें लगा कि मां-बहन बाहर निकल गई होंगी। सुबह के समय शव मिले।



आईआईटीएफ- राजस्थान मंडप में राजस्थानी मसालों और व्यंजनों के काउंटरों पर उमड़ी भीड़।

# नेता प्रतिपक्ष ने तकनीकी शिक्षण संस्थानों की फीस कम करने की मांग की



**मांग**

**आआपा सरकार इन संस्थानों में पढ़ रहे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार के तकनीकी शिक्षण संस्थानों में फीस में बढ़ोत्तरी को लेकर आम आदमी पार्टी( आआपा) सरकार की कड़ी आलोचना की है और कहा है कि अपनी शिक्षा क्रांति का ढिंढोरा पीटने वाली आआपा सरकार इन संस्थानों में पढ़ रहे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है । बीटेक जैसे टेक्निकल पाठ्यक्रमों की वार्षिक फीस 2018-19 के 1,51,000 रुपये से बढ़कर 2023-24 में 2,36,700 रुपये हो गई है । फीस में इस बढ़ोत्तरी के कारण छात्रों ने दिल्ली सरकार के शिक्षण संस्थानों से किनारा करना शुरू कर दिया है, जिससे छात्रों की संख्या निरंतर घटती जा रही है। गुप्ता ने इस संबंध में दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर इस मामले में संज्ञान लेने और फीस में कमी करने की मांग की है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केवल टेक्निकल पाठ्यक्रमों में ही बल्कि बीए और बीकॉम जैसे सामान्य पाठ्यक्रमों की फीस भी आम आदमी की पहुंच से बाहर है। दिल्ली विश्वविद्यालय के सामान्य पाठ्यक्रमों में जहां वार्षिक फीस औसतन पंद्रह हजार रुपए ही है, वहीं दिल्ली सरकार के इन शिक्षण संस्थानों में यह 70 हजार रुपये यानी चार गुणा से भी अधिक है । न केवल सालाना ट्यूशन फीस, बल्कि होस्टल की फीस में भी तीन गुणा वृद्धि कर दी गई है। होस्टल की फीस जो 2021-22 में 20 हजार रुपये सालाना थी उसे बढ़ाकर 2022-23 में 60 हजार रुपये कर दिया गया है। गुप्ता ने आरोप लगाया कि सरकार ने इन तकनीकी शिक्षण संस्थानों के फीस में वृद्धि कर दी है, जो छात्रों के अभिभावकों के लिए चिंता का सबब बन रही है । गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार की दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) को सरकार द्वारा दी जारी अनुदान सहायता की राशि 2023-24 में 56 करोड़ रुपए थी, जिसे 2024-25 में घटाकर 41 करोड़ रुपए कर दिया गया । इसी तरह दूसरे शैक्षणिक संस्थान नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलॉजी (एनएशयूटी) को मिलने वाले अनुदान सहायता की राशि 2023-24 में 80 करोड़ से घटाकर 2024 में 56 करोड़ रुपए कर दी गई है। नेता प्रतिपक्ष ने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के पास शीश महल में ऐशो-आराम के संसाधन जुटाने के लिये सैकड़ों करोड़ रुपये तो हैं लेकिन छात्रों का भविष्य बनाने वाले इन शिक्षण संस्थाओं के लिये आवश्यक धनराशि नहीं है। यह न केवल छात्रों की प्रतिभा का दोहन है बल्कि युवा पीढ़ी को हतोत्साहित करने का कुत्सित प्रयास भी है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है, वहीं दूसरी तरफ दिल्ली की आम आदमी पार्टी( आआपा) की सरकार इन युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बनाने का घिनौना प्रयास कर रही है। विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली के शिक्षा मंत्रालय का प्रभार संभालने वाली मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर इस संबंध में संज्ञान लेने और छात्रों की पहुंच से बाहर हो चुकी फीस में कमी करने की मांग की है। उन्होंने आतिशी को सलाह दी है कि यह युवा ही आने वाले भारत का भविष्य हैं।

# दिल्ली के बीकानेर हाउस को अटैच करने का दिया आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस को अटैच करने का आदेश दिया है। गुरुवार को पटियाला हाउस कोर्ट के कमर्शियल कोर्ट के स्पेशल जज विद्या प्रकाश ने यह आदेश जारी किया है। पटियाला हाउस कोर्ट के कमर्शियल कोर्ट के स्पेशल जज ने एनवायरो इन्फ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड और राजस्थान के नोखा नगरपालिका के बीच के विवाद में हुए समझौते का पालन नहीं करने पर यह आदेश जारी किया है। कोर्ट ने आदेश में कहा है कि नोखा नगरपालिका 21 जनवरी 2020 को एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में 50,31,512 रुपये की आर्बिट्रल अवार्ड पारित किया गया था। इस अवार्ड के खिलाफ नोखा नगरपालिका की अपील खारिज कर दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि नोखा नगरपालिका को बार-बार ये कहा गया कि वो अपनी संपत्तियों की जानकारी संबंधी हलफनामा दाखिल करे, लेकिन उसने किसी भी आदेश का पालन नहीं किया। ऐसे में बीकानेर हाउस को अटैच करने के सिवाय कोई विकल्प नहीं बचा है। कोर्ट ने बीकानेर हाउस की बिक्री की घोषणा कि शर्तों को तय करने के लिए 29 नवंबर को नोखा नगरपालिका के संबंधित अधिकारी को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया।

# केजरीवाल के शीशमहल घोटाले पर भाजपा नेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर एक बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल से विवादित 'शीश महल' बंगले पर कथित फिजूलखर्ची को लेकर जवाब मांगा । शीश महल के नित नये घोटालों के विरोध में हुए इस प्रदर्शन में वीरेंद्र सचदेवा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता, दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं दिल्ली के भाजपा सांसद भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पीडब्ल्यूडी के दस्तावेजों से पता चलता है कि केजरीवाल ने छह फ्लैगस्टाफ रोड स्थित आवास से जाते वक्त करोड़ों रुपये की महंगी वस्तुएं पीडब्ल्यूडी को मुहैया नहीं कराई। भाजपा नेता कैलाश गहलोत ने कहा, "हम यहां 'शीश महल' मुद्दे पर विरोध जताने आए हैं। जब मैंने अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा था, तो मैंने साफ-साफ लिखा था कि शीश महल को लेकर जो विवाद खड़ा किया गया है, वह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। यह उनके मूल सिद्धांतों से समझौता करने का उदाहरण है।" उन्होंने आगे कहा, "मुझे लगता है कि इस बार दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी। लोग परेशान हैं, क्योंकि दिल्ली में काम नहीं हुआ - सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं, पीने का पानी नहीं मिल रहा है, सड़कें क्षतिग्रस्त हैं।

# रास्ते में बहस के बाद किशोर की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: यमुनापार** के आनंद विहार इलाके में लकड़ी के डंडे से ताबड़तोड़ वार कर 15 वर्षीय किशोर राहुल की हत्या कर दी गई। वारदात से पहले किशोर अपने आठ साल के भाई के साथ भंडारा खाने जा रहा था। मामले में पुलिस ने हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले में आगे की जांच के लिए घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत प्रिय गौतम के अनुसार, आनंद विहार निवासी आठ वर्षीय बच्चे ने बताया कि आनंद विहार स्थित झुग्गी का रहने वाला राहुल मंगलवार दोपहर करीब एक बजे अपने 15 वर्षीय चचेरे भाई व दोस्त के साथ भंडारा खाने के लिए पैदल साईं मंदिर जा रहा था।

# केजरीवाल व अन्य आरोपित कोर्ट में वर्चुअल हुए पेश



**घोटाला**

**स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर को करने का आदेश दिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** आबकारी घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में आरोपित एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता दुर्गेश पाठक, विजय नायर और बीआरएस नेता के. कविता गुरुवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर को करने का आदेश दिया है। इससे पहले कोर्ट ने 11 सितंबर को दुर्गेश पाठक को एक लाख रुपये के बेल बांड पर जमानत देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने 3 सितंबर को केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई की ओर से दाखिल पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 23 अगस्त को सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मिल गई है। 10 जुलाई को कोर्ट ने ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए केजरीवाल को पेश होने का आदेश दिया था। 17 मई को ईडी ने सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी जिसमें आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को आरोपित बनाया गया है। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार होने वाले लोगों में केजरीवाल, सिसोदिया, सांसद संजय सिंह, के. कविता शामिल हैं। इस मामले में केजरीवाल, संजय सिंह, सिसोदिया और कविता को सुप्रीम कोर्ट नियमित जमानत दे चुका है।

ईडी ने 21 मार्च को देर शाम को केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को एक जून तक की अंतरिम जमानत दी थी जिसके बाद केजरीवाल ने 2 जून को सरेंडर किया था। केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी ने इस मामले में सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।

# सिरसा का मेडिकल कॉलेज मील का पत्थर साबित होगाः मुख्यमंत्री

## सिरसा मेडिकल कॉलेज में कैंसर उपचार केंद्र की होगी सुविधा, इसके लिए साथ लगती साढे पांच एकड़ अतिरिक्त भूमि उपलब्ध करवाएगी सरकार-मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को मेडिकल हब बनाने व फिट इंडिया के विजन को साकार करने के लिए हरियाणा ने पहल की है और सरकार ने हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का बीड़ा उठाया है। अब तक प्रदेश में 9 नए मेडिकल कालेज खोले जा चुके हैं। वर्ष 2014 से पहले प्रदेश में केवल 6 ही मेडिकल कॉलेज थे। प्रदेश में अब मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। इसी कड़ी में आज सिरसा के संत सरसाई नाथ जी राजकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की, कि इस मेडिकल कॉलेज में कैंसर के उपचार के लिए अलग विंग भी शुरू की जाएगी। इसके लिए साथ लगती साढ़े पांच एकड़ भूमि मुहैया करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री आज सिरसा में संत सरसाई नाथ जी राजकीय मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन समारोह में उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कॉलेज प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम लगाकर पर्यावरण का संदेश भी दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने महान संत सरसाई नाथ जी को नमन करते हुए सिरसा के





सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत सरसाई नाथ जी गुरु गोरखनाथ जी के शिष्य थे, जिन्होंने 13वीं शताब्दी में सिरसा नगर की नींव रखी थी। संत सरसाई नाथ जी एक महान व्यक्ति थे, जिन्होंने तत्कालीन मुगल बादशाह शाहजहां के बेटे दारा शिकोह को जीवनदान दिया था। मुझे विश्वास है कि ऐसे महापुरुष के नाम पर बनने वाले इस मेडिकल कॉलेज में आने वाला हर मरीज निरोगी होकर लौटेगा। उन्होंने कहा कि 21 एकड़ पर बनने वाले इस मेडिकल कॉलेज की पूरी परियोजना पर लगभग 1,010 करोड़ 37 लाख रुपये खर्च होंगे। यह कालेज दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके अलावा, मेडिकल

### चिकित्स पर बल

- 1,010 करोड़ रुपये की लागत से 21 एकड़ क्षेत्र में बनेगा मेडिकल कॉलेज, एम.बी.बी.एस. की होंगी 100 सीटें: सीएम
- 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को आयुष्मान-चिरायु योजना के तहत मिलेगी 10 लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा-मुख्यमंत्री ने की घोषणा

कॉलेज भिवानी का निर्माण काम लगभग पूरा हो चुका है। कैथल, गुरुग्राम व यमुनानगर में मेडिकल कॉलेज निमार्णाधीन हैं। जिला जींद के हैबतपुर में व जिला महेन्द्रगढ़ के कोरियावास में मेडिकल कॉलेजों के भवनों का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने वाला है। इनके अलावा 5 और नये मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया चल रही है। इतना ही नहीं हर मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग, फिजियोथेरेपी और पैरामेडिकल कॉलेज भी स्थापित किए जाएंगे। इसी तरह से छायंसा फरीदाबाद में बंद हुए गोल्ड फील्ड मेडिकल कॉलेज को सरकार ने अपने अधीन लेकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से शुरू किया है।

इसके अलावा कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय खोला गया है। पंचकूला में राष्ट्रीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल के कुटैल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर कलां (सोनीपत) के तीसरे चरण का विस्तार कार्य 419 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। जिला झज्जर के बाढ़सा में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान खोला गया है। जिला रेवाड़ी के माजरा में एम्स स्थापित किया जा रहा है, जिसकी आधारशिला गत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी।

### अब तक प्रदेश में कुल 1 करोड़ 19 लाख चिरायु कार्ड बनाए गएः सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब लोगों के निशुल्क उपचार के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना शुरू की है। हरियाणा में इसका विस्तार करते हुए सरकार ने आयुष्मान भारत-चिरायु हरियाणा योजना शुरू की है। अब तक प्रदेश में कुल 1 करोड़ 19 लाख चिरायु कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस योजना में प्रदेश में 11 लाख 65 हजार मरीजों के इलाज के लिए 1477 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने घोषणा कि प्रदेश में 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को आयुष्मान -चिरायु योजना के तहत अब 10 लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे खेती में रासायनिक खादों का कम से कम उपयोग करें। हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा, इसके लिए सरकार ने अलग से बजट की व्यवस्था भी की है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे नशे की प्रवृति को त्यागकर अपनी ऊर्जा का सकारात्मक कार्यों में उपयोग करें। उन्होंने अभिभावको से भी अपील कि वे अपने बच्चों को नशे से दूर रखें और उनका अच्छे से पालन-पोषण करें।

**प्रदेश सरकार कर रही चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से काम : आरती सिंह राव**

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि सिरसा में मेडिकल कॉलेज की जरूरत भी थी और सिरसा के लोगों की पुरानी मांग भी, जिसे आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भूमि पूजन कर पूरा किया है। इस मेडिकल कॉलेज में 540 बेड की व्यवस्था होगी और युवाओं के लिए एमबीबीएस की 100 सीटें उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज के बनने से केवल सिरसा ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य राजस्थान व पंजाब के लोगों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार चिकित्सा क्षेत्र में तेजी काम कर रही है। प्रदेश सरकार के आने से पूर्व 2014 में एमबीबीएस की 700 सीटें थी, जोकि वर्तमान सरकार ने बढ़ाकर 2185 किया है और आने वाले समय मे 1300 सीटों की और बढोतरी होगी

## न्यूज फ्लैश

### ई वी एम हैक के मामले में उदयभान की हाईकोर्ट में याचिका

**चंडीगढ़: हरियाणा** विधानसभा चुनाव में बहुमत का आंकड़ा हासिल करने में नाकाम रही कांग्रेस लगातार ईवीएम हैक करने का आरोप लगा रही है और अब इस दलील के साथ पार्टी ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने दावा कर रहे है कि 14 विधानसभा सीटों के चुनाव में ई वी एम हैक की गई है, जिसके लिए पार्टी के पास पर्याप्त सबूत हैं।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने जिन 14 सीटों पर ईवीएम हैकिंग का दावा किया है, उनमें 4 सीटें ऐसी हैं, जिन पर जीत-हार का अंतर 3000 से कम है। वहीं, एक विधानसभा सीट उचाना ऐसी भी है, जिस पर भाजपा उम्मीदवार ने महज 32 वोटों से जीत दर्ज की है।

कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने कहा है कि 8 अक्टूबर को चुनाव के नतीजों आने से पहले सुबह 7.30बजे कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया को एक मैसेज मिला था जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस 14 सीट हार जाएगी। इस मैसेज में 14 विधानसभा सीटों की ईवीएम को हैक करके बीजेपी जीतने का दावा किया गया था। उदयभान ने कहा 3 मैसेज दीपक बाबरिया को मिले थे, लेकिन उनकी तबीयत खराब थी। इस कारण हमें ये मैसेज 9 अक्टूबर को मिल पाए। अगर दीपक बाबरिया को मिले मैसेज हमें सुबह 8 अक्टूबर को मिल जाते तो हम नतीजों से पहले भंडाफोड़ कर देते।उदयभान ने आरोप लगाया कि ईवीएम हैक होने के कारण ही 14 सीट कांग्रेस ने हारी है। उदयभान ने कहा मैसेज में सुबह ही बता दिया गया था कि 14 कौन-कौन सी सीट कांग्रेस हार रही है। उदयभान ने कहा कि मैसेज भेजने वाले व्यक्ति को दीपक बावरिया जानते हैं। उदयभान ने कहा दीपक बाबरिया को आशंका है कि अगर वह उस व्यक्ति का नाम लेंगे तो उसकी हत्या हो सकती है, इसलिए वे उसका नाम नहीं बता रहे हैं। उदयभान ने कहा चुनाव आयोग में कांग्रेस ने शिकायत की थी, लेकिन कोई वहां से कार्रवाई की उम्मीद नहीं थी। चुनाव आयोग पहले ही सरकार के इशारे पर काम कर रहा था।

### लैब से रिपोर्ट देने निकले युवक पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सेक्टर**-27 शहर थाना क्षेत्र में लैब से सैंपल की रिपोर्ट देने के निकले युवक पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

## 38 हजार एकड़ भूमि पर निर्भर 68 हजार आबादी को कानूनी स्वामित्व मिला

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में संयुक्त पंजाब के समय से गैर काश्त भूमि को काबिल काश्त बनाकर देश और प्रदेश के अन्न भंडार में अपना योगदान दे रहे किसानो को जमीन का कानूनी स्वामित्व दिया है। हरियाणा के कुरुक्षेत्र और कैथल जिलों में ऐसी 38हजार एकड़ भूमि पर निर्भर 68हजार आबादी को नायब सरकार के इस कदम से राहत मिली है। इन किसानों की संघर्ष समिति आबादकार पट्टेदार

### स्वामित्व

- देश और प्रदेश के अन्न भंडार में अपना योगदान दे रहे किसानो को जमीन का कानूनी स्वामित्व दिया

कल्याण समिति नायब सरकार का आभार व्यक्त करने गुरुवार को चंडीगढ़ पहुंची। कल्याण समिति के प्रधान हरपाल सिंह चीका ने गुरुवार को यहां मीडिया को इन किसानों के लंबे संघर्ष और प्रदेश की पूर्व मनोहर लाल सरकार और अब नायब सरकार द्वारा दी गई स्थाई राहत की कहानी सुनाई।उन्होंने बताया कि किसानों का यह संघर्ष 1950 और 1955में ही तब शुरू हो गया था जबकि संयुक्त पंजाब की सरकार ने अन्न उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानो को बीस साल की लीज पर जंगल के बीच बंजर भूमि आवंटित की।

उन्होंने बताया कि किसानों ने कड़ी मेहनत कर इस जमीन को काबिल काश्त बनाया और अन्न भंडार बढ़ाया।

## मुनानगर में एंटी स्मॉग गन पानी का छिड़काव शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

यमुनानगरः शहर में वायु प्रदूषण कम के लिए नगर निगम ने एंटी स्मॉग गन से पानी की बारीक बूंदों का छिड़काव शुरू किया गया। निगम कमिश्नर आयुष सिन्हा ने लघु सचिवालय से इसकी शुरूआत की। इसके बाद एंटी स्मॉग गन को शहर की सड़कों पर रवाना किया गया। नगर निगम ने पहले दिन शहर के मुख्य मार्गों पर एंटी स्मॉग गन से पानी की बारीक बूंदों का हवा में छिड़काव किया। एंटी स्मॉग गन की मदद शहर के काफी हद तक वायु प्रदूषण को कम किया जाएगा।

## 658 गांवों में शमशान घाट व कब्रिस्तानों का होगा पुनरुद्धार



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भारत की नवरत्न कंपनियों में से एक पॉवरग्रिड द्वारा सीएसआर स्कीम के अंतर्गत करीब 50 करोड़ रुपए की राशि से हरियाणा के चार जिलों करनाल, पानीपत, रेवाड़ी और कुरुक्षेत्र के 658 गांवों में शिवधाम योजना के तहत शमशान घाट और कब्रिस्तान का पुनरुद्धार करवाया जाएगा। इसके लिए आज गुरुग्राम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में पॉवरग्रिड और विकास एवं पंचायत विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएसआर स्कीम के अंतर्गत ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कॉरपोरेट कंपनियां अतुलनीय योगदान दे रही हैं, जो सामाजिक उत्थान की दिशा में सराहनीय कदम है। इस अवसर पर वाणिज्य, उद्योग, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह, सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी उपस्थित थे।

### समझौता

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में पॉवरग्रिड और विकास एवं पंचायत विभाग के बीच हुआ एमओयू

एमओयू पर विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक डॉ. जे. के. अभीर और पॉवरग्रिड की ओर से महाप्रबंधक संजय कुमार वर्मा ने हस्ताक्षर किए। चेयरमैन आर. के. त्यागी ने बताया कि इन शिवधाम और कब्रिस्तान के पुनरुद्धार के लिए 49 करोड़ 94 लाख 39 हजार रुपए की राशि खर्च की जाएगी। एमओयू के तहत इन सभी 658 शिवधाम की चारदीवारी व पक्का रास्ता बनवाया जाएगा। इनमें शेड लगवाया जाएगा और पेयजल का प्रबंध किया जाएगा। डॉ. जयकिशन अभीर ने बताया कि इन 658 गांवों की आबादी करीब 40 लाख है।

## भाजपा ने सदस्यता अभियान की निगरानी को तैनात किए सभी जिलों में पर्यवेक्षक

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक: भारतीय** जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को और तीव्रता देने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सभी जिलों के पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और कृष्णपाल गुर्जर भी पर्यवेक्षक होंगे। इस बाबत प्रदेश कार्यालय प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया की ओर से पत्र भी जारी किया गया है। भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल को कुरूक्षेत्र, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को करनाल और केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को फरीदाबाद जिला का पर्यवेक्षक होंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली व रविन्द्र जागलान सोनीपत और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा पंचकूला तथा राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ झज्जर जिला के पर्यवेक्षक होंगे। शमशेर सिंह खरक ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने सांसद कार्तिकेय शर्मा को अंबाला, पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर और मदन चौहान को यमुनानगर तथा अशोक गुर्जर को कैथल जिले का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसी तरह प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता को पानीपत, जवाहर सैनी को जींद, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को रोहतक, सांसद सुभाष बराला को सिरसा, डा. कमल गुप्ता और प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया को हिसार जिला का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी ने बताया कि पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली को फतेहाबाद, सांसद किरण चौधरी को भिवानी, सांसद धर्मबीर सिंह को दादरी, लक्ष्मण यादव को रेवाड़ी, डा. सुधा यादव और महेश चौहान को गुरुग्राम व नसीम अहमद को नूंह, जगदीश नैयर को पलवल जिला का पर्यवेक्षक प्रदेश अध्यक्ष ने नियुक्त किया है। भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी ने कहा कि बीजेपी का सदस्यता अभियान संगठन का पर्व है। 8 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदस्यता ग्रहण कर सदस्यता अभियान की शुरूआत की थी। वेदपाल एडवोकेट को सदस्यता अभियान का प्रदेश संयोजक बनाया गया है।

## कांग्रेस लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही हैः बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** सदस्यता अभियान के लिए पंचकूला में कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक करने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र को कमजोर करने का काम करती रही है। जनता को भ्रमित कर अफवाहें फैलाने का काम कांग्रेस अभी भी कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के ईवीएम में गड़बड़ी के बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उदयभान चुनाव हारे हैं, इसलिए टिप्पणी तो नहीं करूंगा, लेकिन सलाह जरूर दूंगा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को अच्छे डाक्टर से दिमाग का इलाज कराना चाहिए।कांग्रेस नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में 37 सीटें जीती, लेकिन अभी तक मतदाताओं का आभार तक नहीं जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा विधायकों और चुनाव में शामिल नेता तथा उन्होंने खुद प्रदेश की 2 करोड़ 80 लाख



### बैठक

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने दी सलाह - अच्छे डाक्टर से दिमाग का इलाज कराएं

जनता का सरकार बनाने पर आभार जताया है। गुरुवार को पंचकूला में संगठन पर्व सदस्यता अभियान के निमित्त प्रवास पर पहुंचे पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में 23 औ? 24 नवम्बर को तीव्र गति से विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत 2 दिन में 20 लाख से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। एक-एक कार्यकर्ता 10 परिवारों को पार्टी से जोड़ेंगे। अभियान के तहत पार्टी के सभी कार्यकर्ता काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इसी तरह एक और अभियान चलाकर 50 लाख लोगों को पार्टी से जोड़ने के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। नगर निकाय चुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत संगठन को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा। मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि सक्रिय सदस्य बनाने लिए एक टीम का गठन किया गया हैं और इस टीम में शंकर धूपड़ और प्रतिभा सुमन समेत पांच नेताओं को शामिल किया गया है।

## रानिया में स्कूल बस पर फायरिंग ड्राइवर छात्र समय चार घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** पुलिस थाना रानियां के अंतर्गत आने वाले गांव नगराना में पुरानी रंजिश के चलते गुरुवार को स्कूल वैन पर गोली चला दी। जिसमें बस चालक, एक छात्र व दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को सिरसा ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। जहां पर उपचार चल रहा है।

## कैबिनेट मंत्री की बैठक में नहीं पहुंचे अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

रोहतकः हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री व भू-गर्भ मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागाध्यक्ष जिला लोक सम्पर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा जनता की शिकायतों का सही ढंग से निपटारा करें। साथ ही उन्होंने बैठक में गैर हाजिर रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। विकास एवं पंचायत मंत्री



कृष्णलाल पंवार स्थानीय जिला विकास भवन के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक के एजेंडे में 13 शिकायतें शामिल थी, जिनमें से सुनवाई के दौरान आठ शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा अन्य पांच शिकायतों के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्थानीय ओमेक्स सिटी निवासी यशवीर की शिकायत की सुनवाई करते हुए नगर निगम के आयुक्त, रोहतक के उपमंडलाधीश, तहसीलदार, जिला नगर योजनाकार एवं नगर निगम की कार्यकारी अभियंता की समिति गठित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। खनन एवं भू-गर्भ मंत्री कृष्णलाल पंवार ने स्थानीय शास्त्री नगर निवासी जयपाल सिंह की शिकायत की सुनवाई करते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## मुख्य सचिव ने की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने प्रदेश में में चल रही 58,274 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश की 9 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। राज्य स्तरीय बैठक में परियोजना निगरानी समूह (पीएमजी) में सूचीबद्ध परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने संबंधित उपायुक्तों तथा बिजली, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। विभिन्न जिलों के उपायुक्त वीडियो




कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मुख्य सचिव ने इन सभी परियोजनाओं में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और संबंधित उपायुक्तों को निर्धारित समय सीमा के भीतर लंबित मुद्दों को हल करने के निर्देश दिए। दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे परियोजना की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने कैथल जिला प्रशासन को कलायत के खरक पांडवा गांव में 30 मीटर पट्टी का कब्जे की प्रक्रिया दिसंबर के अंत तक पूरी करने के निर्देश दिए। हरियाणा में चार लेन की इस

### परियोजना

- संबंधित उपायुक्तों को निर्धारित समय सीमा के भीतर लंबित मुद्दों को हल करने के निर्देश दिए

ग्रीनफील्ड परियोजना का क्रियान्वयन भारतमाला परियोजना के तहत किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने डीएनडी-फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाईपास केएमपी लिंक से जेवर हवाई अड्डे तक ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी के निर्माण की भी समीक्षा की और फरीदाबाद के जिला प्रशासन को एक महीने के भीतर सभी बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए ताकि परियोजना को तेजी से पूरा किया जा सके। इस परियोजना के पूरा होने के बाद, दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से आगरा और उससे आगे जाने वाले यातायात के लिए यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। बैठक में सोनीपत में 150 बिस्तर वाले ईएसआईसी अस्पताल के लिए भूमि आवंटन के मुद्दे की भी समीक्षा की गई।

(एचएसआईआईडीसी) के साथ चर्चा करके जल्द से जल्द उपयुक्त भूमि खोजने के निर्देश दिए।

# विधायक कबीरपंथी ने किया दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** युवा मामले एवं कौशल विभाग हरियाणा, नेहरू युवा केंद्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से वीरवार को चिरंजीलाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी व विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर (यूटी) योगेश सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान



अतिथियों ने स्टॉल व साइंस मेले का भी अवलोकन किया। विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थी जीवन में उनकी छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे आने में मदद करते हैं। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के कंधों पर देश का भविष्य है। आप सभी ने देश को बुलंदियों पर ले कर जाना है। हर वर्ष ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिससे युवाओं को प्रेरणा मिले। आप ऐसे

**प्रतिभा**

**इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थी जीवन में उनकी छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे आने में मदद करते हैं: विधायक**

समय से गुजर रहे हैं, यदि आपके कदम सही रास्ते पर चले गए तो आप अपने परिवार, प्रदेश व देश को मजबूत करेंगे इसलिए गलत रास्ते पर जाने से बचें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि देश का हर युवा साथी मजबूत हो। आप सब ऐसे समाज का निर्माण करने में योगदान दें जिससे आपका व देश का भला हो। आधुनिक तकनीक का सही ढंग से प्रयोग करें। आने वाला समय आपका है। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे क्षेत्र को शिक्षा का हब बनाया।

हमारे यहां लड़कियों के लिए दो राजकीय महाविद्यालय तरावड़ी और बस्तली में बनाए गए हैं। सरकार हर 20 किलोमीटर में शिक्षण संस्थान बनाने का कार्य कर रही है जिससे आपको कम पैसों में अच्छी शिक्षा प्राप्त हो।

# समाधान शिविरों में आई 27 शिकायतें, 15 का हुआ निपटारा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर जिले भर में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम कार्यालय, नगर पालिका कार्यालयों व बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वीरवार को लगाए गए समाधान शिविर में कुल 27 शिकायतें आई, जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। 12 शिकायतों को अभी लंबित रखा गया है। बता दें कि बता दें कि नगर निगम करनाल के कार्यालय में निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शिकायतों को सुना। यहां 11 शिकायतें आई, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही



समाधान कर दिया गया, 6 शिकायतें अभी लंबित हैं। घरौंडा नगरपालिका कार्यालय में 1 शिकायत आई, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इंद्री नगरपालिका में 1 शिकायत आई जिसका समाधान कर दिया गया। असंध नगरपालिका में 2 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं नगर पालिका नीलोखेड़ी, तरावड़ी व निसिंग नगर पालिका कार्यालय में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। बीडीपीओ कार्यालय करनाल में 11 शिकायतें आई, जिनमें से 6 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है, 5 शिकायतें अभी लंबित हैं।

## न्यूज फ्लैश

### विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन के समापन दिवस पर किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के आह्वान पर तीन महीने चले विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन के समापन दिवस पर डॉ.मंगलसेन ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। उपस्थित जनों को नैशनल डायरेक्टर अजीत राही ने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन का आरंभ 15 अगस्त को किया गया था और लगातार तीन महीने ये निरंतर रूप से चलाया गया, जिसमें स्कूलों कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर भाषण, ड्राइंग, स्लोगन, निबंध आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिससे समाज में भ्रष्टाचार उन्मूलन को लेकर जागरूकता लाई गई। इस अवसर पर सत्यनिष्ठा की शपथ के अंतर्गत हजारों लोगों को शपथ दिलाई गई।

उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन को संपूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में चलाकर कैंपेन को महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन पिछले सात वर्षों से भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पवन शर्मा, सतीश मल्होत्रा, डॉ.निशा गुप्ता, सुरेन्द्र मोहन गाबा, हरीश वधावन, देवेंद्र अरोड़ा, रमेश बंसल, प्रधान शाम कपूर, कमल गोयल, अवतार सिंह तारी, प्रदीप त्यागी, केपी अग्रवाल, सुनीता गुप्ता, राजेंद्र ग्रेवाल, यशवीर वालिया, पायल मित्तल, अनीता राही, शैलजा गुप्ता, शशि शर्मा, राकेश कौल, जितेंद्र भारती, एनडी गोयल, राजेश खन्ना, संजय भटनागर, गुंजन भटनागर, शैलजा गुप्ता, संजीव गर्ग, हनी बंसल आदि उपस्थित रहे।

### अवैध शराब से भरा कैंटर पकड़ा, आरोपी चालक गिरफ्तार, अंग्रेजी शराब की 100 पेटी बरामद



पानीपत, ( कमाल हुसैन )

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए टू पुलिस टीम ने समालखा थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर अवैध शराब से भरा एक कैंटर पकड़ा। पुलिस टीम ने आरोपी कैंटर चालक को मौके से काबू किया। कैंटर से 100 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। अवैध शराब को तस्करी कर बिहार ले जाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने वीरवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता में बताया कि सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार की टीम को बुधवार देर शाम गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि समालखा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीटी रोड पर गौतम होटल के पास एक पानीपत नंबर का कैंटर खड़ा है। कैंटर में भारी मात्रा में अवैध शराब होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर कैंटर में ड्राइवर सीट पर बैठे युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सरवर पुत्र पिना निवासी तिसंग शामली यूपी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने कैंटर पर लगे तिरपाल को हटाकर चेक किया तो प्लाई बोर्ड के नीचे अवैध शराब से भरी पेटियां मिली। शराब का लाइसेंस व परमिट मांगने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नहीं कर सकें। आरोपी ने कैंटर में नीचे अवैध शराब को रखकर उपर प्लाई के बोर्डो से ढका हुआ था।

# असंध से भाजपा की जीत कार्यकर्ताओं की जीत है:राणा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** असंध विधायक योगेंद्र राणा ने अपने धन्यवाद की कड़ी आज गांव खेड़ी सर्फअली, मुंड, पोपड़ा, अरडाना, असंध वार्ड नंबर 15 में अपना धन्यवाद दौरा किया। उन्होंने असंध से हुई जीत का श्रेय हलके के लोगों को देते हुए कहा कि असंध हलके से हुई भाजपा की जीत आपकी मेहनत और सहयोग का परिणाम है। इस जीत का पूर्ण श्रेय मैं अपने क्षेत्र के सभी नागरिकों को देता हूं। मैं सभी का तहेदिल से आभार प्रकट करता हूं। यह जीत सिर्फ मेरी नहीं, यह मेरे पूरे क्षेत्रवासियों का विश्वास है।

विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि भाजपा की वर्तमान केंद्र व हरियाणा सरकार लोगों का



चहुंमुखी एवं सर्वांगीण विकास करने में जुटी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबका साथ-सबका विकास जैसी अनूठी सोच तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में विकास की बयार बह रही है।

उन्होंने कहा कि अब तक 13 चुनावों में से पिछले 10 में हर बार सरकार बदली। पर जो पहले कभी नहीं हुआ, वो इस बार हुआ। इस बार पिछले दो कार्यकाल पूरी करने वाली सरकार को तीसरी बार मौका मिला है, यह भाजपा के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने जनसमूह से वायदा करते हुए कहा कि आपके इलाके में कोई भी विकास कार्य है, वह मुझे लिखकर दें, मैं उसे आप सभी के सहयोग से अवश्य पूरा करवाने का काम करूंगा। असंध मन्डल अध्यक्ष राम

**आभार**

**पिछले दो कार्यकाल पूरी करने वाली सरकार को तीसरी बार मौका मिला है, यह गर्व का विषय है: विधायक**

अवतार जिंदल, गांव अरडाना सरपंच जयभगवान, गांव पोपड़ा सरपंच राहुल, गांव मुंड से पूर्व सरपंच योगराज, आजाद मास्टर, गांव खेड़ी सर्फअली सरपंच लखविंद्र सिंह, लखबीर सिंह लक्खा, सुरेंद्, मंडल महामंत्री विनय राणा, अजय मास्टर, सुल्तान सिंह, सतबीर, बलबीर, सुनीता, प्रदीप, दिनेश, मोनु, वीरेंदर, पंकज सहित अन्य मौजूद रहे।

# किसान 30 नवंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन: उत्तम

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा पराली प्रोत्साहन योजना 2024-25 के तहत फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए योजना शुरू की गई है। योजना के तहत एक हजार रूपए प्रति एकड़ का प्रोत्साहन दिया जाएगा। योजना का लाभ पाने के लिए इच्छुक किसान 30 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को पराली जलाने से रोकना और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इससे न केवल पर्यावरण को सुरक्षित किया जाएगा, बल्कि किसानों को फसल अवशेषों का सही तरीके से प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस योजना के माध्यम से पराली के जलने से होने वाले वायु प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा पराली प्रोत्साहन योजना 2024-25 के तहत आवेदन के लिए, किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसान को विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर तीस नवंबर तक आवेदन करना होगा।

# विदेश भेजने के नाम पर 84 लाख की ठगी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के गांव काछवा में एक परिवार से विदेश भेजने के नाम पर 84.49 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। लुधियाना के एक गिरोह ने पीड़ित परिवार और उनके रिश्तेदारों को फर्जी वीजा और दस्तावेज के जरिए ठगा। आरोपियों ने दो लोगों को ऑस्ट्रेलिया का झांसा देकर बैंकॉक भेज दिया, जहां उनके पास मौजूद पैसे भी छीन लिए गए। आरोपियों के दिए गए वीजा की जांच करवाई गई तो वह फर्जी पाए गए। काछवा निवासी शिकायतकर्ता अनिल कुमार ने बताया कि उनका बड़ा भाई रामकुमार अपने परिवार के साथ कनाडा जाकर बसना चाहता था। अप्रैल 2023 में वह मोहाली स्थित रूद्राक्ष एजुकेशन ग्रुप के कार्यालय पहुंचे, जहां एक महिला और पुरुष ने उनसे संपर्क किया। उन्होंने खुद को रूबीना सिंह और गुरप्रीत सिंह बताया और श्रेस इमिग्रेशनस नामक कंपनी के माध्यम से वैध तरीके से विदेश भेजने का दावा किया। इन लोगों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वे न केवल उन्हें विदेश भेजेंगे, बल्कि स्थायी नागरिकता और घर का इंतजाम भी करेंगे।

# नशे को न कहना सीखें: डॉ. अशोक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुटेल में पहुंचे और प्राध्यापिका तृष्णा वर्मा, शिक्षक पवन कुमार आदि शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यालय में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 214 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में 878 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप के माध्यम से और व्याख्यान के माध्यम से नशे जैसे भयंकर विषय पर खुलकर चर्चा की। लगभग 90



मिनट तक यह परिचर्चा चली और विद्यार्थियों को बताया कि नशा कितने प्रकार का है और सरकार द्वारा नशों पर प्रतिबन्ध क्यों लगाया गया है। प्रतिबंधित नशे कहां से आ रहे हैं और इसका क्या प्रयोजन है। चेतावनी युक्त नशों पर भी गहनता से चर्चा की और बताया कि ये वह नशे हैं जो व्यक्ति को प्रतिबंधित नशे के मार्ग पर लेकर जाते हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रथम बार नशा अपनी जेब से रूपए निकालकर नहीं लेता। कोई न कोई व्यक्ति उसके जीवन में मित्र, चलचित्र, अड़ोसी-पड़ोसी और रिश्तेदार के रूप में आता है और उसे प्रथम बार नशा निशुल्क देकर कहता है थोड़ा सा लेकर देखों आनंद आएगा।

# मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**गन्नौर।** बड़ी उद्योगिक क्षेत्र से गाड़ी में माल लोडकर ले जा रहे चालक के साथ कार सवार बदमाशो ने मारपीट कर दी। आरोप है कि बदमाश शराब के नशे में थे और उसकी गाड़ी छीन कर बड़ी गोल चक्कर पर ले जाकर छोड़ दी और उसे जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गए। घायल ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में सांदल कला निवासी प्रवीण ने बताया कि वह माल ढोने की गाड़ी पर काम करता है। वह 20 नवंबर को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र से गाड़ी में माल लोड कर जा रहा था। जब वह शाम को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र गेट नंबर 2 पर पहुंचा तो एक आल्टो कार उसकी गाड़ी के सामने आ कर रुकी।

# जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर सेमिनार आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

हल्के के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नैना धोंस में नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन और ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की चांसलर शालू जिंदल के निजी सलाहकार सतीश भारद्वाज ने शिरकत की। उनके साथ जिंदल फाउंडेशन के जूनियर एजीक्यूटिव राहुल भी उपस्थित रहे।

**योजना की विशेषताएं और पात्रता शर्तें** सेमिनार के दौरान सतीश भारद्वाज ने योजना की विशेषताओं और पात्रता शर्तों की



जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन होनहार छात्रों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलती है। योजना के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के स्थायी निवासी, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है और जो 12वीं कक्षा में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त कर चुके हैं, इसके पात्र होंगे। 10वीं के छात्रों के लिए अंक सीमा नहीं है, लेकिन वे किसी सरकारी या निजी आईटीआई या पॉलिटेक्निक संस्थान में नामांकित होने चाहिए। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल के प्रधानाचार्य राजेन्द्र गर्ग ने सतीश भारद्वाज और उनकी टीम का स्वागत किया और छात्रों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक भारत भूषण बलवान सिंह रजनीश शर्मा सुमन तंवर अशोक कुमार कृष्ण शर्मा सुमन रानी समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नैना धोंस स्कूल में छात्रों की भागीदारी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नैना धोंस में भी इस योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रिंसिपल का चार्ज विजेंद्र सिंह ने सतीश भारद्वाज और राहुल शर्मा का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को योजना की जानकारी दी और ज्यादा से ज्यादा छात्रों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक संस्कृत लेक्चर रोहित शर्मा रामपाल सिंह रविंद्र सिंह योगेश शमशेर सिंह वीरेंद्र सिंह कांता एवं मीनाक्षी और अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे।

# राइस मिल में ड्राइवर को ट्रक ने कुचला, हुई मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले की सेतिया राइस मिल में एक दर्दनाक हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। ट्रक ड्राइवर किसी दूसरे ट्रक में बैठकर मिल में आया था। पार्किंग में ट्रक लगाया गया, जैसे ही ड्राइवर उतरा तो सीट पर बैठे दूसरे चालक ने लापरवाही से ट्रक चला दिया और ट्रक का पहिया ड्राइवर पर चढ़ गया। पोस्टमॉर्टम के शव बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान कैथल जिला के सिरटा निवासी अमित के रूप में हुई है। अमित ट्रक ड्राइवर का काम करता था। कुरुक्षेत्र के कलसा निवासी मृतक के ससुर बलविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 नवंबर को अमित व उसका साथी राजकुमार के साथ समाना पंजाब से चावल लोड करके चमन लाल सेतिया मिल करनाल में आया था। अमित ने साहपुर गोदाम में ट्रक खडा कर दिया था और गाडी के पास अपने साथी ड्राइवर राजकुमार को छोडकर दूसरी गाड़ी में बैठकर चमन लाल सेतिया मील में आ रहा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि ट्रक ड्राइवर ने अपनी गाड़ी को राईस मील के गेट से एंट्री करके गाड़ी को पार्किंग में लाकर खड़ा कर दिया।

# निगम ने पम्पस फैक्ट्री, शक्ति कॉलोनी निवासी के किए चालान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए नगर निगम करनाल गम्भीरता से कार्य कर रहा है। इसके लिए बनाई गई विभिन्न टीमें अपने-अपने क्षेत्र में दौरा कर प्रदूषण फैलाने वालों पर नकेल भी कस रही हैं। इसी बीच कूड़े में आग लगाने तथा खुले में भवन निर्माण को लेकर दो अलग-अलग मामलों में 5-5 हजार रूपये के जुर्माने लगाए गए हैं।

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम कृत संकल्प है और इसके लिए निगम की टीमें निगरानी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि निगम



की विभिन्न टीमें रोजाना अपने-अपने क्षेत्र का दौरा कर ऐसी गतिविधियों पर रोक लगा रही हैं और नोटिस भी चस्पा किए जा रहे हैं। इसके लिए पहले ही आदेश जारी किए गए थे।

इन पर लगाया जुर्माना- निगमायुक्त ने बताया कि कूड़े में आग लगाने को लेकर आई.टी.आई. रोड स्थित हिन्दुस्तान पम्पस फैक्ट्री पर सफाई शाखा के प्रवर्तन दल द्वारा 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा कूड़े-कचरे को तंदूर में डालकर जलाया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान टीम की नजर इस पर पड़ी और मौके पर ही कार्रवाई को अंजाम दिया गया। दूसरी ओर शहर की शक्ति कॉलोनी में एक व्यक्ति द्वारा खुले में भवन का निर्माण किया जा रहा था। निर्माण सामग्री भी खुले में पड़ी थी। इसे लेकर पहले सम्बंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया था,

**सख्ती**

**विभिन्न टीमें अपने-अपने क्षेत्र में दौरा कर प्रदूषण फैलाने वालों पर नकेल भी कस रही हैं**

परंतु फिर भी नोटिस की अवहेलना की गई। इस पर कार्रवाई करते हुए भवन शाखा की टीम द्वारा व्यक्ति पर भी 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि खुले में निर्माण करने को लेकर भवन शाखा की ओर से अब तक 67 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। निगमायुक्त के निर्देश-निगमायुक्त ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्रैप-4 को क्रियान्वित किया गया है। इसे लेकर निगम अधिकारियों व कर्मचारियों को नए निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सहायक अभियंता (विद्युत) यह सुनिश्चित करेंगे कि आवश्यक सेवाओं को छोडकर कहीं भी जेनरेटर सेट चालू न किया जाए।

# व्यक्ति के बैंक खाते से साइबर ठगों ने दो मिनट में निकाले तीन लाख

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के गांव दरड के रहने वाले एक व्यक्ति के बैंक खाते से साइबर ठगों ने दो मिनट में 3 लाख रुपए की रकम निकाल ली। पहली ट्रांजैक्शन में 2 लाख रुपए और दूसरी ट्रांजैक्शन में 1 लाख 9 हजार 600 रुपए साफ किए गए। अकाउंट में सिर्फ 8.91 रुपए छोड़े हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है। गांव दरड निवासी हरमन सिंह का खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। 21 नवंबर की सुबह उसे खाते से पैसे कटने का



मैसेज मिला। उनके खाते से दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए बड़ी राशि निकाल ली गई। हरमन सिंह ने बताया कि उनके फोन पर पहले 2 लाख और फिर 1 लाख 9 हजार 600 रुपए की डेबिट ओटीपी आई। महज दो मिनट के भीतर दोनों ट्रांजैक्शन के मैसेज आ गए। जब उन्होंने तुरंत बैलेंस चेक किया तो उनके खाते में सिर्फ 8.91 रुपए शेष थे। घटना के बाद वह तुरंत बैंक पहुंचा, जहां बैंक अधिकारियों ने बताया कि यह रकम ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए निकाली गई है। हरमन सिंह ने बैंक से स्टेटमेंट निकलवाई, जिसमें यह पता चला कि 3 लाख की राशि दो अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की गई है। 2 लाख का भुगतान एचडीएफसी बैंक खाते नंबर 50100511955085 में हुआ, जबकि 1 लाख 9 हजार 600 यूनियन बैंक खाते नंबर 688302120007371 में भेजे गए।

## संपादकीय

# दवाओं का असर 'इसलिए' हो रहा बेअसर

**यह** बेहद चिंतनीय है कि आज जीवनदायिनी दवाएं तेजी से बेअसर होती जा रही है। इसका एक बड़ा कारण जहां एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक सेवन है तो दूसरा कारण दवाएं लेने के तौर-तरीके से अनभिज्ञ होना या फिर जानबूझकर लापरवाही बरतने के साथ ही खानपान से जुड़ी गलतियां भी हैं। डॉक्टरों की भाषा में बात करें तो एएमआर यानी कि एंटी माइक्रोबाइल रेजिस्टेंस का चिंतनीय खतरा हो गया है। देश-विदेश के चिकित्सक एएमआर को वैश्विक महामारी का नाम देने लगे हैं। देखा जाए तो आज सबसे अधिक मौत का कारण दवाओं का बेहसर होना है। कोरोना के बाद तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग बहुत अधिक बढ़ा है। दरअसल कोरोना के बाद जहां एक ओर आम व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक सजग हुआ है तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग भी बढ़ा है। सर्दी, जुकाम, खांसी आदि वायरल बीमारियों में यदि भारत की बात की जाए तो 95 प्रतिशत तक एंटीबायोटिक दवाओं को इलाज में शामिल किया जा रहा है। यह 95 प्रतिशत का आंकड़ा अतिशयोक्ति पूर्ण भले ही हो सकता है पर इसमें कोई दोराय नहीं कि चिकित्सकों द्वारा एंटीबायोटिक दवाएं धड़ल्ले से लिखी जा रही हैं। यह तो तब है जब मेडिकल से जुड़े विभिन्न मंचों व शोध निष्कर्षों में यह खुलासा हो चुका है कि एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग स्वास्थ्य को नुकसान ही पहुंचाने लगा है तो दूसरी और बैक्टीरिया में प्रतिरोधी क्षमता विकसित होने से दवाओं का असर कम होने लगा है। भारत सरकार बार-बार यह एडवाइजरी जारी करती जा रही है कि एंटीबायोटिक दवाएं अत्यधिक आवश्यकता में ही लिखी जाएं और एंटीबायोटिक दवाएं लिखते समय मरीज को कारण और उपयोग के तरीके से अवश्य बताया जाए। इसी से हालात की गंभीरता को समझा जा सकता है। जहां तक यूरोपीय देशों की बात है वहां सर्दी, जुकाम, खांसी आदि वायरल बीमारियों में एंटीबायोटिक का उपयोग ना के बराबर होता है। दवाओं के तेजी से बेअसर होने को लेकर देश-दुनिया के स्वास्थ्य विशेषज्ञ अत्यधिक चिंता में हैं। मेडिकल से जुड़े जर्नल द लैसेंट में इस संबंध में एक के बाद एक चेतावनी भरे लेख सामने आ रहे हैं। यहां तक कि एएमआर को मेडिकल इमरजेंसी के रूप में देखा जाने लगा है। दरअसल कोरोना के बाद लोग थोड़ा सा स्वास्थ्य खराब होते ही डॉक्टर की शरण में जाने को वरीयता देने लगे हैं। यह अच्छी बात भी है पर जिस तरह से कोरोना के दौरान और उसके बाद एंटीबायोटिक का उपयोग अधिक बढ़ा है वह चिंतनीय हो गया है। हालात यहां तक हो गए हैं कि प्रति व्यक्ति 30 प्रतिशत अधिक मात्रा में एंटीबायोटिक का उपयोग होने लगा है। दवाओं का बेअसर होने का सीधा असर किडनी, लीवर, ब्रेन, हार्ट आदि पर पड़ता है। इन गंभीर बीमारियों में एंटीबायोटिक दवाओं का असर कम होने लगा है। दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. एमसी मिश्रा का कहना है कि एंटीबायोटिक दवाओं को धडल्ले से बिना डॉक्टर की सलाह के भी सहज उपलब्धता एक प्रमुख कारण है। एएमआर के लिए किसी एक को दोष नहीं दिया जा सकता है। इसके लिए चिकित्सक, केमिस्ट, आम आदमी और सरकार सभी कमोबेश जिम्मेदार हैं।

# कई बार फेल साबित हुए हैं एग्जिट पोल



अशोक भाटिया

"विधानसभा चुनाव के परिणाम 23 दिसंबर 2014 को घोषित किये गये थे। 87 सदस्यीय विधानसभा में महबूबा मुफ्ती की जम्मू-कश्मीर पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को सबसे ज्यादा 28 सीटें मिलीं। वहीं, दूसरे स्थान पर भाजपा थी जो 25 सीटों पर जीतने में सफल रही। फारुख अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस को 15 जबकि कांग्रेस को 12 सीटों पर जीत मिली। तीन सीटों पर निर्दलीय तो चार सीटों पर अन्य छोटे दलों को जीत मिली। नतीजों से साफ था कि कोई भी दल बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। नतीजों के करीब ढाई महीने बाद पीडीपी के मुफ्ती मोहम्मद सईद ने राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। पीडीपी को 25 सदस्यों वाली भाजपा का समर्थन था"

**महाराष्ट्र** एवं झारखण्ड विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को मतदान पूरा हो गया। महाराष्ट्र में वोटिंग खत्म होते ही सबकी नजरें दोनों प्रदेशों के एग्जिट पोल पर रही। नतीजे 23 नवम्बर शनिवार को आने हैं। इससे पहले बुधवार शाम को अलग-अलग एजेंसियों के एग्जिट पोल जारी किए है । इन पोल के जरिए ये बताने की कोशिश हो रही है कि किस राज्य में कौन सी पार्टी सरकार बन सकती है या कितनी सीटें जीत सकती है। अजीब विडम्बना है कि महाराष्ट्र में चाणक्य एन डी ए को १३०-१३८ सीट बता रही है और पोपुल्स ८५-११२ . झारखण्ड में चाणक्य एन डी ए को ४५-50 सीट बता रहा है वहीं एक्सिस माय इंडिया 25 . एग्जिट पोल के नतीजों की सटीकता को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। हम आपको दोनों चुनावी प्रदेशों के पिछले नतीजे और एग्जिट पोल के आंकड़े बताने जा रहे हैं। इससे आप समझ पाएंगे कि यह पोल कितना सही होता है? क्या इनमें किए गए दावे कितने सटीक होते हैं? इन पोल में पिछली बार क्या कहा गया था और बाद में नतीजे क्या निकले?

यदि हम हरियाणा पिछले चुनाव में कैसे थे एग्जिट पोल के नतीजे देखे तो 21 सितंबर 2019 को चुनाव आयोग ने हरियाणा में विधानभा चुनावों का एलान किया था। 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए 21 अक्तूबर 2019 को वोट डाले गए थे। 24 अक्तूबर 2019 को मतगणना कराई गई थी। मतदान के बाद तमाम न्यूज चैनलों और चुनाव सर्वे एजेंसियों ने एग्जिट पोल नतीजे में आसानी से भाजपा की सरकार बनती दिखाया था। चार प्रमुख एग्जिट पोल में सत्ताधारी भाजपा को एकतरफा 70 से ज्यादा सीटें जीतते हुए दिखाया गया था। वहीं एक चैनल ने भाजपा को 50 से 65 के बीच सीटें दी थीं। हरियाणा 2024 विधानसभा चुनाव की बात करें तो एग्जिट पोल के नतीजे इस प्रकार थे . इंडिया टुडे-सी वोटरः कांग्रेस को 50 से 58 सीटें और बीजेपी को 20 से 28 सीटें.एक्सिस माई-इंडियाः कांग्रेस को 53 से 65 सीटें और बीजेपी को 18 से 28 सीटें.भास्कर रिपोर्टर्स पोलः कांग्रेस को 44 से 54 और बीजेपी को 19 से 29 सीटें.रिपब्लिक मैट्रिजः कांग्रेस को 55 से 62 और बीजेपी को 18 से 24 सीटें. ये कुछ एग्ज़िट पोल हैं




जिनमें हरियाणा में कांग्रेस की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनने की बात कही गई थी. लेकिन जब नतीजे आए तो इसके ठीक उलट हुआ. हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने अपने दम पर स्पष्ट बहुमत हासिल किया और राज्य में जीत की हैट्रिक लगाई. नतीजों में बीजेपी को 48 और कांग्रेस को 37 सीटें मिली हैं. 90 सीटों वाली हरियाणा विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 46 है.

इन चुनावी नतीजों ने एक बार फिर एग्ज़िट पोल और उनको करने वाली एजेंसियों की विश्वसनीयता को सवालों के घेरे में ला दिया है.हालांकि जम्मू-कश्मीर के नतीजे एग्ज़िट पोल के इर्द-गिर्द रहे. यहां नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को बहुमत मिला है. 2014 में जम्मू-कश्मीर राज्य में पिछले विधानसभा चुनाव हुए थे। तब 87 सीटों वाली विधानसभा के लिए 25 नवंबर से 20 दिसंबर 2014 तक पांच चरणों में मतदान हुआ था। 2014 के एग्जिट पोल में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने का अनुमान जताया गया था। जम्मू कश्मीर में सत्ता में किसकी वापसी होगी, इसका अनुमान स्पष्ट नहीं था। हालांकि, उस वक्त 87 सीटों वाले जम्मू-कश्मीर में पीडीपी और बीजेपी दोनों के बीच कांटे की टक्कर दिखाई गई थी। इन एग्जिट पोल्स में बताया गया था कि पडीपी सबसे बड़ी पार्टी बनती सकती है, जबकि भाजपा दूसरी बड़ी पार्टी के तौर पर आ सकती है। वहीं एग्जिट पोल्स में जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व की नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार को बड़ी हार का सामना करते हुए दिखाया गया था। जब नतीजे आए तो तमाम एग्जिट पोल काफी हद तक गलत साबित हुए। जहां अनुमानों में सत्ताधारी भाजपा की प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनती दिखाई गई थी। वहीं, नतीजों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी लेकिन किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। सत्ताधारी भाजपा बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई। 90 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत के लिए 46 सीटों पर जीत जरूरी थी। भाजपा को सबसे ज्यादा 40 सीटें मिलीं। कांग्रेस 31 सीटें जीतकर मुख्य विपक्षी पार्टी बनी। विधानसभा चुनाव में जजपा 10 सीटें जीतने में सफल रही। सात निर्दलीय, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) एक और हरियाणा लोकहित पार्टी को एक सीट पर जीत मिली। चुनाव के बाद 10 सीटों वाली जजपा के साथ पार्टी ने गठबंधन किया और राज्य की सत्ता में वापसी की। 27 अक्तूबर 2019 को मनोहर लाल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। किंग मेकर बने दुष्यंत चौटाला ने उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने मनोहर लाल की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बना दिया। जम्मू कश्मीर प्रदेश में 2014 के एग्जिट पोल्स काफी हद तक सही साबित हुए थे। 2014 में जम्मू-कश्मीर राज्य में चुनाव हुए थे।

विधानसभा चुनाव के परिणाम 23 दिसंबर 2014 को घोषित किये गये थे। 87 सदस्यीय विधानसभा में महबूबा मुफ्ती की जम्मू-कश्मीर पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को सबसे ज्यादा 28 सीटें मिलीं। वहीं, दूसरे स्थान पर भाजपा थी जो 25 सीटों पर जीतने में सफल रही। फारुख अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस को 15 जबकि कांग्रेस को 12 सीटों पर जीत मिली। तीन सीटों पर निर्दलीय तो चार सीटों पर अन्य छोटे दलों को जीत मिली। नतीजों से साफ था कि कोई भी दल बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। नतीजों के करीब ढाई महीने बाद पीडीपी के मुफ्ती मोहम्मद सईद ने राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। पीडीपी को 25 सदस्यों वाली भाजपा का समर्थन था। इस तरह इस गठबंधन ने बहुमत के आंकड़े को जुटा लिया। 7 जनवरी 2016 को सईद के निधन के बाद राज्य में एक बार फिर राजनीतिक अनिश्चित्ता का दौर आया। राज्य में राज्यपाल का शासन लगाना पड़ा। करीब तीन महीने की अनिश्चितता के बाद भाजपा और पीडीपी में फिर से समझौता हुआ और महबूबा मुफ्ती ने राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। 4 अप्रैल 2016 को महबूबा राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं। पीडीपी-भाजपा की यह गठबंधन सरकार दो साल से ज्यादा वक्त तक चली। जून 2018 में भाजपा ने महबूबा सरकार से समर्थन वापस ले लिया। इसके साथ ही महबूबा मुफ्ती की सरकार गिर गई। 5 अगस्त, 2019 को राज्य का विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया। धारा 370 हटने के बाद अब पहली बार जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए हैं। अब सवाल यह है कि एग्जिट पोल बढ़-चढ़कर किए गए अपने दावों में कई बार क्यों इसी प्रकार पूरी तरह फेल साबित होते हैं? दरअसल एग्जिट पोल वास्तव में कुछ और नहीं बल्कि वोटर का केवल रूझान ही होता है, जिसके जरिये अनुमान लगाया जाता है कि नतीजों का झुकाव किस ओर हो सकता है। एग्जिट पोल के दावों का ज्यादा वैज्ञानिक आधार इसलिए भी नहीं माना जाता क्योंकि ये कुछ सौ या कुछ हजार हजार लोगों से बातचीत कर-के उसी के आधार पर ही तैयार किए जाते हैं और प्रायः इसीलिए इन्हें हकीकत से दूर माना जाता रहा है। एग्जिट पोल में प्रायः मीडिया से आ रही खबरों, चुनाव का इतिहास और हवा के रुख का घालमेल भी शामिल रहता है।

## कविता

### जिन्दगी का हिसाब

**आईए जिन्दगी** का कुछ हिसाब करते हैं,
पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।
कोई नया मिल गया तो मुलाकात करते हैं,
जो कोई बिछड़ गया उसको याद करते हैं!
ए जिन्दगी तुझसे हम कोई बात करते हैं।
आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,
पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।
कोई हमसे रूठ गया उसकी बात करते हैं,
क्यों? कोई बिछड़ गया शिकायत करते हैं!
ईश्वर उससे मिला दे हम फरियाद करते हैं।
आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,
पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।
धैर्य, हौसला, साहस और हिम्मत की हमने,
न जाने कैसे संघर्षों से जिंदगी जी हैं हमने!
दुनिया की नफरतों से भी प्रेरणा ली हमने।
आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,
पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।

संजय

# आयुष्मान योजना में भ्रष्टाचार का घुन

**रोहित माहेश्वरी**

**बीते दिनों** गुजरात के अहमदाबाद में आयुष्मान भारत के दो लाभार्थियों की मौत ने हड़कंप मचा दिया है। परिजनों का आरोप है कि ख्याति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने योजना के रुपये लेने के लिए अंधेरे में रखकर एंजियोप्लास्टी करते हुए स्टेंट डाले। इसके बाद मौत हुई। केंद्र सरकार की सफल आयुष्मान भारत योजना से पैसा ऐंठने के आरोपों के बाद यह पूरा मामला सुर्खियों में आ गया है। पीड़ित परिवरों के साथ गांव के सरपंच ने जो आरोप लगाए हैं वे उन आरोपों को पुख्ता कर रहे हैं कि मेडिकल माफिया की सरकारी योजनाओं में घुसपैठ है। इसमें गरीब मरीजों के हक के पैसे से कमीशन एजेंट अपनी जेब में भर रहे हैं। दूसरी ओर गरीबों को सही इलाज भी नहीं मिल पा रहा है। ताजा मामले में अहमदाबाद के ख्याति अस्पताल ने 19 लोगों की एंजियोग्राफी की थी, इसके बाद सात लोगों की एंजियोप्लास्टी करते हुए उन्हें स्टैंड डाले गए थे। इसमें दो की मौत हो हुई है। परिजनों का आरोप है कि उन्हें हृदय रोग की बीमारी नहीं थी। अस्पताल प्रशासन ने एंजियोप्लास्टी करने के दौरान परिजनों को अंधेरे में रखा। गुजरात सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं लेकिन सवाल खड़ा हो रहा है कि मेडिकल माफिया के काले गठजोड़ से कहीं आयुष्मान योजना जान से खेलने वाली स्कीम न बन जाएं। कांग्रेस ने भी इस मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया है।

असल में सेहत और इलाज के सौदागरों ने आयुष्मान भारत योजना में भी भ्रष्टाचार खोज लिया है। निजी अस्पताल लाखों रुपए कमा रहे हैं। फर्जी इलाज किए जा रहे हैं और बीमे के क्लेम भी फर्जी हैं। निजी अस्पतालों की सिंडिकेट लॉबी ने डॉक्टरों को भी भ्रष्ट और अनैतिक होने पर विवश कर दिया है। यदि आप अस्वस्थ हैं और अस्पताल जाने की नौबत आ जाए, तो अस्पताल वाले सबसे पहला सवाल यही करेंगे-आयुष्मान कार्ड है? चूंकि इलाज का खर्च आपको नहीं करना। आयुष्मान कार्ड के जरिए भारत सरकार 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करती है, लिहाजा अस्पताल उस कार्ड के जरिए सरकार से बीमे का क्लेम वसूल लेते हैं। सौदागरों ने आयुष्मान के माध्यम से अपनी अतिरिक्त आमदनी का रास्ता खोज लिया है और उसका भरपूर दोहन किया जा रहा है। गुजरात की घटना पर मौजू सवाल यह है कि क्या ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर वाकई कॉर्डियोलॉजिस्ट थे? क्या ऑपरेशन करना जरूरी था? क्या स्टेंट बेहतर क्वालिटी के थे अथवा सस्ते, घटिया स्टेंट डाल कर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया गया? डॉक्टर फरार बताए जाते हैं, लेकिन उनकी पेशेवर मान्यता का क्या होगा? क्या मान्यता रद्द की जाएगी और डॉक्टर के खिलाफ हत्या का केस चलाया जाएगा? इस संदर्भ में सबसे बड़ा और काला खलनायक तथा अपराधी तो अस्पताल प्रबंधन है। इस घटना ने कई

## विचार

# सड़क दुर्घटना की बढ़ती संख्या चिंता का विषय?

**डॉ. अजय कुमार मिश्रा**

**आधुनिकता** की इस अंधी दौड़ में सबसे सस्ता यदि कुछ बन गया है तो वह है जीवन और जीवन से भी यदि कुछ सस्ता है तो जीवन का असमायिक समाप्ति तभी तो लोगों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता की कौन इस दुनियां में आया और कौन इस दुनियां से गया` यहाँ तक की लोगों की चिंता जाहिर करके सत्ता में आने वाली राजनैतिक पार्टियाँ भी अपने दायित्व को भूलती जा रही है` नवीनतम जारी आकड़ों ने सभी को आश्चर्यचकित किया है विगत दस वर्षो की अवधि में 15.3 लाख लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होना इस बात का प्रमाण है की हमें सड़क सुरक्षा को लेकर बेहद संजीदा होने और नियमों की कड़ाई से पालन करने की जरूरत है` ये सभी मौतें वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2023 के मध्य हुई है। यह भयावह है कि सड़क दुर्घटना में मृतक लोगों की संख्या चंडीगढ़ की आबादी से भी अधिक है` यह स्थिति तब है जब की केंद्र सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई बार इस बात की घोषणा की है की सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए वो प्रतिबद्ध है` इसी विषय में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार निर्देश जारी किया है अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देखा जाए तो तो यह पता चलता है की प्रति दस हजार किलोमीटर की यात्रा पर जहाँ ऑस्ट्रेलिया में 11 लोगों, अमेरिका मंक 57, चाइना 119 लोगों की मृत्यु होती है वही भारत की स्थिति दयनीय है और यहाँ 250 लोगों की मृत्यु हुई है` जारी नवीनतम आकड़ों का मूल्यांकन अंतिम दस वर्षो से देखा जाए तो मृतकों की संख्या 12.01 लाख थी (वर्ष 2004 से 2013)` मृत्यु को असामयिक प्राप्त होने वाले लोग अलग-अलग उम्र के रहे है जिनमे से अधिकांश ने तो अभी जीवन शुरू भी नहीं किया हुआ था` क्या हम अपनी ही गलतियों से कुछ सीख ले पा रहें है या फिर बड़ी गलती होने का इन्तेजार कर रहें है` यदि देखा जाए तो सड़क दुर्घटना में विगत 20 वर्षो में 27.4 लाख लोगों ने अपनी जान दे दी, जिन्हें हम जागरूकता और नियमों का कड़ाई से पालन करके बचा सकतें थे` आखिर इसकी जिम्मेदारी किसकी है ? खराब सड़कों का होना, अकुशल चालकों का होना, नियमों की अनदेखी करना, उत्साह और नशे में तेजी से कार, बाइक चलाना, समेत कई ऐसे कारण है जिससे इसमें तेजी से वृद्धि आई है` आगामी दस वर्षो का आकड़ा अवश्य ही भयावह होगा इसकी पुष्टि वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे वाहनों की संख्या के आधार पर कहा जा सकता है` वर्ष 2012 में जहाँ देश में पंजीकृत वाहनों की संख्या 15.9 करोड़ थी वही वर्ष 2024 में बढ़ कर के 38.3 करोड़ पहुँच गयी है` आगामी दशक में इसमें अप्रत्याशित उछाल देखने को मिल सकता है और ऐसे में यदि हम अपने संसाधनों और व्यवस्थाओं को मजबूत नहीं करेगे तो हम असामयिक मृत्यु का शिकार होते रहेगें` अधिकांश मामलों में देखने में आ रहा है की लोग सड़क दुर्घटना का शिकार अपनी लापरवाही से नहीं बल्कि सामने वाले की लापरवाही से अधिक हो रहें है` शराब का सेवन भी एक बड़ा कारण रहा है`

सरकार ने वर्ष 2012 तक 48.6 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया था जबकि वर्ष 2019 तक यह 63.3 किलोमीटर तक पहुँच गया था फिर भी बढ़ती सड़क दुर्घटना के पीछे कई कारण है। आज भी यातायात के नियम अधिकांश मामलों में किताबों तक ही सीमित है व्यावहारिक रूप से व्यापक कमी है` बिना मानकों और प्रशिक्षण पूरा किये लोग कार चलाने लगते है, नशे में होकर कार चलाना आम आदत बन गया है, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करना लोग अपनी शान मानते है, सड़कों की दयनीय स्थिति किसी से छिपी नहीं है` केंद्र सरकार, राज्य सरकार, निजी संस्थान, सामाजिक एजेंसीयों समेत तमाम उन लोगों की यह नैतिक जिम्मेदारी है जो समाज और आम लोगों के बीच कुछ जागरूकता ला सकते है, मिलकर कार्य करने और लोगों के जीवन को बचाने को` प्राकृतिक दुर्घटना से मरने वाले लोगों से भी कही अधिक लोग सड़क दुर्घटना में मृत्यु को प्राप्त हो रहें है` इन पर नियंत्रण करने के लिए - जिस तरह किसी के मर्डर पर केस दर्ज करके जाँच होती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जेईई मेन के लिए ड्रॉप ईयर लेना जोखिम भरा हो सकता है?

**विजय गर्ग**

जेईई के 15% अभ्यर्थी ड्रॉप ईयर लेते हैं आईआईटी में प्रवेश करने वाले 40-45% छात्र ड्रॉपर होते हैं जोखिमों में तनाव और खोया हुआ शैक्षणिक वर्ष शामिल है हर साल, बड़ी संख्या में छात्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन की तैयारी के लिए ड्रॉप लेने पर विचार करते हैं, जिसका लक्ष्य अपने प्रदर्शन में सुधार करना और शीर्ष स्तरीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में सुरक्षित प्रवेश करना है। जेईई के लगभग 15 प्रतिशत अभ्यर्थी ड्रॉपर हैं, और जो लोग भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में प्रवेश पाते हैं, उनमें से अनुमानित 40-45 प्रतिशत ऐसे छात्र हैं जिन्होंने तैयारी के लिए एक अतिरिक्त वर्ष लिया। हालाँकि, इस वर्ष गिरावट का निर्णय अपनी चुनौतियों और निहितार्थों से रहित नहीं है। छात्रों को ड्रॉप ईयर क्यों लगता है? एक वर्ष में ड्रॉप लेने की प्रेरणाएँ छात्रों के बीच व्यापक रूप से भिन्न होती हैं। कुछ सामान्य कारणों में शामिल हैंः वांछित रैंक या कॉलेज नहीं मिलनाः कई छात्रों को लगता है कि वे एक और केंद्रित प्रयास के साथ बेहतर रैंक हासिल कर सकते हैं या अपने सपनों के इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश पा सकते हैं। पर्याप्त तैयारी का अभावः खराब समय प्रबंधन, अधूरा पाठ्यक्रम, या अवधारणाओं की कमजोर समझ अक्सर छात्रों को दूसरे मौके की तलाश में ले जाती है। बोर्ड परीक्षा और जेईई की तैयारी को संतुलित करनाः बोर्ड परीक्षा और जेईई की तैयारी का दोहरा दबाव भारी पड़ सकता है, जिससे कुछ छात्र जेईई के लिए तैयार नहीं रह पाते हैं। पहला प्रयास सफल नहीं रहाः जो छात्र अपने पहले प्रयास में उत्तीर्ण नहीं हो सके, वे अक्सर ड्रॉप ईयर को सफल होने के दूसरे अवसर के रूप में देखते हैं। बेहतर कोचिंग या परामर्शः कुछ उम्मीदवारों को लगता है कि उनकी प्रारंभिक तैयारी में उचित मार्गदर्शन और संसाधनों का अभाव था, जिससे उन्हें अधिक संरचित कोचिंग का विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया गया। अन्य प्रेरणाओं में प्रारंभिक तैयारी के दौरान आत्मविश्वास, स्वास्थ्य या व्यक्तिगत मुद्दे और कंप्यूटर विज्ञान या इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी विशिष्ट इंजीनियरिंग शाखा को सुरक्षित करने की आकांक्षा शामिल है।

# वोटों की बारात : सपनों की सौगात

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

एक दिन, जब गाँव में चहुँ ओर चुनाव का मौसम छाया हुआ था, ऐसे में चुनावी रैलियाँ एक नई परंपरा बन चुकी थीं। हर कोई अपने नेता की जय-जयकार करने में लगा था। रामू, जो अपने आप को राजनीति का बड़ा ज्ञाता मानता था, अपने दोस्तों के साथ चुनावी रैली में जाने की योजना बना रहा था। उसने अपनी पत्नी सुमित्रा से कहा, सुनो, आज हमें उस नेता के भाषण में जाना है, जिसने हर समस्या का समाधान सिर्फ एक भाषण में करने का वादा किया था। क्या? उस नेता के भाषण में जाना है जो बिना कुछ किए सब कुछ कर देने का दावा करता है? सुमित्रा ने नाक भौंह सिकुड़ते हुए कहा। तुम्हें पता है कि वह चुनाव के समय जादूगर से भी ज्यादा काम करता है। रामू ने गर्व से कहा, क्या तुम यह नहीं समझती कि चुनावी वादे ही असली जन कल्याण हैं? हाँ, बिल्कुल। जैसे तुमने मुझसे कहा था कि शादी के बाद घर के सारे काम मैं करूंगी और तुम बस अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलोगे, सुमित्रा ने चिढ़ाते हुए कहा।

सुमित्रा, तुम्हारी बातें तो मेरे चुनावी आकांक्षाओं के सामने बौनी लगती हैं, रामू ने मजाक में कहा। अगर मैं चुनावी रैली में नहीं गया, तो मेरी नागरिकता ही संदिग्ध हो जाएगी! सुमित्रा ने अपने चेहरे पर एक तंज भरा मुस्कान लाते हुए कहा, अच्छा, और फिर तुम्हारी तरह हर बार माइक के सामने खड़े होकर कहोगे कि 'मैंने आपके लिए यह किया, वो किया'। क्या तुम कभी सच्चाई का सामना करोगे? सच्चाई? वह तो बस चुनावी मौसम का एक बुरा सपना है, जिसे हम हर बार ताजे वादों के साथ भुला देते हैं, रामू ने जवाब दिया। तुम्हें पता है, नेता लोग भाषण में इतने सपने दिखाते हैं कि लोग उन्हें देखकर सोचते हैं कि वे किसी जादुई भूमि में पहुंच गए हैं।हां, जादुई भूमि, जहाँ हर बात का हल आसान होता है और हर समस्या का एक ही हल हैः वोट दो और सो जाओ, सुमित्रा ने तंज करते हुए कहा। फिर तुम इस नेता को देखते हो और सोचते हो कि वह तुम्हारे जीवन का नया सितारा है।बिलकुल, और जब चुनाव खत्म होते हैं, तो सब सितारे धरती पर लौट आते हैं।

अब हमें उसी नेता के वादों का इंतजार

## न्यूज फ्लैश

### प्रतिभा खोज परीक्षा में किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल की उपलब्धि शानदार रही



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जेनिसिस द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा में किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 के विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से स्कूल का नाम रोशन किया है। पांचवीं से आठवीं कक्षा तक के 29 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से सभी ने सफलता हासिल की। विशेष रूप से, पांचवीं कक्षा के छात्र संभव ने जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, तथा पांचवीं कक्षा की ही छात्रा नव्या सिवाच ने तृतीय स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों व अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंधक श्री परमिंदर सिंह बाठ जी ने विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित करेगी और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। स्कूल स्टाफ ने इन सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता न केवल स्कूल के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह सभी छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।
हम आशा करते हैं कि हमारे विद्यार्थी आगे भी इसी तरह अपनी मेहनत और लगन से उपलब्धियां हासिल करते रहेंगे।

### खिलाड़ियों के लिए नकद पुरुस्कार आवेदन पत्र ऑनलाइन किए आमंत्रित: डीसी डॉ. वीरेद्र

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** डीसी डॉक्टर वीरेद्र कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणा खेल विभाग हरियाणा द्वारा एक अप्रैल 2024 तथा इसके बाद की खेल उपलब्धियों के आधार पर राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली खिलाडियों के लिए नकद पुरस्कार के आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किए गये हैं। उन्होंने बताया कि पात्र खिलाड़ी अपने आवेदन विभाग के पोर्टल के माध्यम से जिला खेल अधिकारी को आवेदन करें। विभाग के पोर्टल का यूआरएल: एचटीटीपी://हरियाणाखेलकैसअवार्डडॉटइन हैं तथा पोर्टल का नाम कैश अवार्ड मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) है। ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने की कोई अंतिम तिथि नहीं है। खिलाड़ी प्रतियोगिता समाप्त होने उपरांत ही नकद ईनाम हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### जनता ने सेवा भावना को देखकर प्रतिनिधि चुना, निराश नहीं होने दूंगा: कादियान

**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि वह 36 बिरादरी के सहयोग का कर्ज गांव और हलके में विकास कार्य, क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर उतारेंगे। उनका राजनीति में आने का मकसद जनता की सेवा करना है न की अपने स्वार्थों की पूर्ति करना।



जनता ने उनकी सेवा भावना को देखकर अपना प्रतिनिधि चुना है। ये बातें कादियान ने गुरुवार को हलके के गांव जाहरी, उल्देपुर, ठरु व सांदल खुर्द में अपने धन्यवादी यात्रा के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। यहां विधायक देवेंद्र कादियान का लोगों ने फूलमाला से स्वागत किया। इस दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते हुए विधायक ने कहा कि सभी का प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए है। कादियान ने कहा कि गन्नौर की जनता ने मुझे विधायक बनाया है इसके लिए आप का मैं सदा आभारी रहूंगा और विधानसभा में आपका नुमाइंदा बनकर इलाके की जोर-शोर से पैरवी करुंगा। चुनावों के समय उन्होंने जनता से वादा किया था कि विधायक बनने के बाद क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करवाया जाएगा। आपने जिस तरह मेरा साथ दिया है अगले पांच वर्षों तक आपको निराश नहीं होने दूंगा। कादियान ने कहा कि लोगों द्वारा जिन विकास कार्यों को करवाने की मांग की जा रही है, उनके एस्टीमेट तैयार करवा कर पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार गजे सिंह, बीडीपीओ अंकुर, एसडीओ प्रदीप, जाहरी सरपंच विनोद, उल्देपुर सरपंच संदीप, ठरू सरपंच नीरज, सांदल खुर्द सरपंच रविंद्र, पूर्व सरपंच नरेश, मोनू, आनंद, जयभगवान, रायसिंह, प्रदीप, हेमचंद्र, रणबीर आदि मौजूद रहे।

# सोनिया अग्रवाल ने किया केंद्रीय कारागार का औचक निरीक्षण

## महिला बंदियों व अन्य से बातचीत करते हुए जेल में दी जाने वाली सुविधाओं बारे ली जानकारी



**जायजा लिया**

**महिला बंदियों व अन्य हवालातियों को जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, उसका जायजा लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाईस चेयरपर्सन एवं एडवोकेट सोनिया अग्रवाल ने वीरवार को केंद्रीय कारागार कुरुक्षेत्र का निरीक्षण करते हुए यहां पर महिला बंदियों व अन्य हवालातियों को जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, उसका जायजा लिया। यहां पंहुचने पर कार्यकारी जेल अधीक्षक अमित कुमार ने वाईज चेयरपर्सन को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।
हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाईज चेयरपर्सन एवं एडवोकेट सोनिया अग्रवाल ने जेल अधीक्षक से महिला बंदियों के साथ-साथ अन्य हवालातियों को जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, उसकी जानकारी हासिल की। उन्होंने महिला वार्ड में जाकर महिला बंदियों से यहां पर जो सुविधाएं दी जा रही हैं, उसकी जानकारी हासिल करते हुए उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं है के बारे में जाना। यहां पर बंदियों के रहने के साथ-साथ उनके खान-पान की सुविधाओं की जानकारी लेते हुए यहां पर उन्हें अपने केसों से सम्बंधित कानूनी सहायता भी उपलब्ध करवाई जाती है के बारे में भी जाना। जेल अधीक्षक अमित कुमार ने चेयरपर्सन को अवगत करवाया कि यहां पर 31 महिला बंदी हैं, जिनमें से 5 महिलाओं को सजा हो चुकी है और बाकी केसों में कानूनी प्रक्रिया जारी है। जेल प्रशासन द्वारा यहां पर बंदियों के रहने के साथ-साथ खाने-पीने की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ-साथ महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर की भी व्यवस्था है ताकि वे सिलाई कार्य में निपुण होकर आत्मनिर्भर बन सकें। उनके साथ जो बच्चे हैं, उनके लिए भी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। जेल प्रशासन का पूरा प्रयास रहता है कि यहां पर रह रहे बंदियों को नियमानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध हों।
वाईज चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने यह भी कहा कि आयोग द्वारा महिलाओं के लिए निरतंरता में कार्य किए जा रहे हैं।

# जबरन वसूली की वारदात का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए वन पुलिस टीम ने दुष्कर्म के दर्ज एक मामले में समझौता करवाने के नाम पर 45 लाख रुपए की जबरन वसूली करने की वारदात का पटाक्षेप करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नेमपाल निवासी काबड़ी के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने वीरवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता में बताया कि गत दिनों पुलिस अधीक्षक कार्यालय में थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने शिकायत देकर बताया था कि उसके भतीजों के खिलाफ 22 अक्तूबर को थाना पुराना औद्योगिक में नाबालिग का अपहर्ण कर सामुहिक दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा नंबर 595 दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होने के 2/3 दिन बाद काबड़ी निवासी नेमपाल अपनी पत्नी के साथ उससे व उसके भाई से मिलकर कहने लगा वह मुकदमें में फैसला करवा देगा। जिसकी एवज में उन्हें पैसे देने पड़ेगे। उन्होंने कहा बच्चे बेकसूर है तो पैसे किस बात के दे। हमारी ईज्जत का हवाला देते हुए आरोपी कहने लगे सोशल मीडिया का जमाना है। आरोपी ने धमकी देते हुए कहा पैसे नही दिए तो तुम्हारें लड़कों को जेल से निकलने नही देंगे और सजा करवाउंगा। डर के मारे उन्होंने पैसे देने की हां भर दी। आरोपी नेमपाल 31 अक्तूबर को गांव में एक प्रापर्टी डीलर के ऑफिस में आया और समझौते की एवज में 1 करोड़ रूपए की मांग की।

### हकेंवि में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणामें राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह की शुरूआत हो गई है। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ाई, किताबों और पुस्तकालयों के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है।
विश्वविद्यालय का केंद्रीय पुस्तकालय इस सप्ताहभर के कार्यक्रम के दौरान बुकमार्क प्रतियोगिता, पुस्तक कवर डिजाइन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित कर रहा है।

# नए ईएसआई अस्पताल के प्रोजेक्ट को दी मंजूरी: डीसी




**सौगात**

**इस परियोजना की जमीन के लिए सरकार की तरफ से 18 करोड़ 12 लाख का बजट भी तय किया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि सरकार की तरफ से अम्बाला शहर में 100 बैड का नया ईएसआई अस्पताल बनाया जाएगा। इस अस्पताल के लिए सैक्टर 10 में 5.27 एकड़ जमीन ली गई है। इस परियोजना की जमीन के लिए सरकार की तरफ से 18 करोड़ 12 लाख का बजट भी तय किया है। इस परियोजना के पूरा होने से कर्मचारियों को ईलाज करवाने की सुविधा मिल पाएगी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता उपायुक्त कार्यालय के सभागार में अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी ने वीडियो कॉन्फ्रैसिंग के जरिए प्रदेश भर में अलग-अलग जगहों पर बनाए जा रहे ईएसआई अस्पतालों की परियोजना की प्रगति रिपोर्ट के बारे में फीडबैक ली। इस दौरान मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों के ईएसआई अस्पतालों की परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के लिए कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिस-जिस जिले से उपायुक्त द्वारा परियोजना को लेकर जो दिक्कतें सामने रखी, उन दिक्कतों को सम्बन्धित अधिकारियों के माध्यम से दूर करने के निर्देश भी दिए हैं।
उपायुक्त ने कहा कि अम्बाला शहर के सैक्टर 10 में एचएसवीपी की तरफ से 5.27 एकड़ जमीन की अलॉटमैंट लैटर जारी कर दिया है। इस अलॉटमैंट लैटर के आधार पर ईएसआई विभाग द्वारा आगामी कार्यवाही की जाएगी। इस अस्पताल में उन कर्मचारियों को ईलाज की सुविधा मिल पाएगी, जिन कर्मचारियों का ईएसआई कार्ड बना हुआ है। यह प्रोजैक्ट कर्मचारियों के लिए एक सौगात साबित होगा। इस अस्पताल में ईएसआई कार्ड धारक कर्मचारियों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। इस परियोजना को केन्द्र सरकार की मदद से पूरा किया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसीयूटी रवि मीणा, डीआरओ तरूण

### गाड़ी से पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** माजरा चुंगी के पास गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर एक कार से अवैध अंग्रेजी शराब की चार पेटी व 4 पेटियां बीयर की बरामद की। कार चालक मौके से फरार हो गया। शहर थाना पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी।
महेंद्रगढ़ की माजरा चुंगी पर गत शाम पुलिस की टीम गश्त पर थी। तभी मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि काले रंग की क्रेटा गाड़ी में अवैध शराब रखी हुई है। वह गाड़ी गौशाला रोड की तरफ से रिवासा फ्लाई ओवर की तरफ जा रही है, अगर तुरंत नाकाबंदी की जाए तो अवैध शराब सहित काबू आ सकती है। पुलिस ने तुरंत माजरा चुंगी पर नाकाबंदी की गई, तो कुछ समय बाद एक गाड़ी गौशाला रोड की तरफ से माजरा चुंगी की तरफ आती हुई दिखाई दी। पुलिस कर्मचारियों ने क्रेटा गाड़ी के चालक को गाड़ी रोकने का इशारा किया। तब गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी को कुछ दूरी पर ले जाकर रोका। पुलिस की टीम ने गाड़ी चालक को काबू करने का प्रयास किया, गाड़ी चालक पुलिस पार्टी को देखकर मौके से भागने में कामयाब हो गया। क्रेटा गाड़ी को चेक किया, तो गाड़ी के अंदर चार पेटियां अंग्रेजी शराब मार्का गोल्फर शॉट व चार पेटियां बीयर मार्का किंग फिशर मिली।

# मानदेय को लेकर आशा वर्कर्स में भारी नाराजगी, हुई मीटिंग



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**सुनीता** राज्य महासचिव यूनियन आशा वर्कर ने जानकारी देते हुयर बताया कि वीरवार को फिरोजपुर बांगर एवं सीएचसी खरखौदा में जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन किया गया। इस की मीटिंग की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान रेखा ने की और संचालन प्रमिला फरमाना ने किया। उन्होंने बताया कि आशा वर्कर्स स्वास्थ्य विभाग में सबसे निचले पायदान पर काम करती है। जनता को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही एम एच अम को लागू करने में आशा वर्कर्स अहम भूमिका निभाती है, 2005 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की शुरूआत हुई तब से लेकर आज तक आशा वर्कर्स के मानदेय में बहुत कम बढ़ोतरी की गई है, जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन केंद्र सरकार की योजना है। केंद्र सरकार इस योजना के बजट में लगातार कटौती कर रही है। जिस कारण आशा वर्कर्स के केंद्र स्तर के इंसेंटिव पिछले 13 साल से नहीं बढ़ाई गई है, इससे पूरे देश की आशा वर्कर्स में भारी नाराजगी है।
आशा वर्कर्स ने कोरोना महामारी में अहम भूमिका निभाई है, कोरोना महामारी में निभाई गई भूमिका के लिए आशा वर्कर्स को ग्लोबल हेल्थ लीडर्स के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। आशा वर्कर्स का कार्य स्वास्थ्य विभाग के लिए बेहद अनिवार्य है, इस कार्य की अनिवार्यता को देखते हुए आशा वर्कर्स केंद्र सरकार से मांग करती है, कि आशा वर्कर्स को पक्का कर्मचारी बनाया जाए, और जब तक पक्का कर्मचारी नहीं बनाया जाता तब तक आशा वर्कर्स को पूरे देश में न्यूनतम वेतन की श्रेणी में शामिल किया जाए, और तमाम सुरक्षा भी दी जाएं पिछले 13 साल से केंद्र सरकार ने आशा वर्कर्स के इंसेंटिव बेस कार्य में कोई बढ़ोतरी नहीं की है, तुरंत प्रभाव से आशा वर्कर्स के इंसेंटिव बेस कार्यों का मानदेय दोगुना किया जाए, उनका कहना हैं कि अपनी जायज मांगों को लेकर 29 नवंबर को पूरे देश की आशा वर्कर्स दिल्ली जंतर मंतर पर प्रदर्शन करेंगे।

# मूनक में रस्म क्रिया में शामिल हुई प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**मूनक** मे राकेश कुमार के पिता की रसम क्रिया के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली की धर्मपत्नी गीता देवी गांव में पहुंची। पुष्प चढाक र भगवान से उसकी आत्मा को शांति देने की प्रार्थना की । बाद में सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस पर पहुंचकर अंग्रेजों के समय से बना हुआ रेस्ट हाउस सहराना की कहा । बाद में उन्होंने अपनी वार्ता में बताया हरियाणा प्रदेश में बीजेपी सरकार ने युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची के रोजगार दिया जा रहा है।आज बीजेपी सरकार से हर वर्ग खुश है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है । उन्होंने महिलाओं के सम्मान के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं व गरीबों के लिए राशन कार्ड व आवास योजना के तहत मकान बनाने का भी कार्य किया । अब बाकी अधूरे कामों को भी पूरी लगन से और बिना भेदभाव के करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी होते हैं और कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** महेंद्रगढ़-सतनाली रोड पर अपने गांव से पैदल सतनाली जा रहे एक व्यक्ति को एक निजी स्कूल के पास एक मोटरसाइकिल से एक्सीडेंट हो गया। जिसमें वह घायल हो गया। घायल की शिकायत पर थाना सतनाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी। गांव सुरेहती जाखल निवासी कुलदीप ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि 13 नवंबर को वह अपने निजी काम से लगभग 6:40 पर शाम के समय पैदल सतनाली जा रहा था। जब वह एक नीजी स्कूल सतनाली के नजदीक अपनी साइड में जा रहा था।

# पॉलिसी के तहत नियमों का करें पालन: मीना



**जांचा**

**वाहन पोलिसी के तहत टीम ने कई स्कूलों का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को जांचा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य मीना कुमारी व मांगे राम के नेतृत्व में तीसरे दिन भी सुरक्षित वाहन पोलिसी के तहत टीम ने कई स्कूलों का औचक निरीक्षण करते हुए स्कूली बसों की व्यवस्थाओं को जांचा। निरीक्षण के दौरान गठित टीम में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आरटीए विभाग, जिला बाल संरक्षण अधिकारी शामिल रहे।
हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य मीना कुमारी व मांगे राम के नेतृत्व में वीरवार को पिहवा ब्लॉक में चार स्कूलो में स्कूल बसों का सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत निरक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 24 स्कूल बसों में खामियां पाई गई जिनका मोटर वाहन अधिनियम की 1988 के अंतर्गत चालान किया गया और मीना कुमारी सदस्य आयोग द्वारा स्कूल प्रबंधकों के प्रधानाचार्य को कड़े आदेश दिए गए कि तीन दिन के अंदर स्कूल बसो में पाई गई खामियों को तुरंत ठीक करवाएं। इसके साथ आयोग के सदस्यों द्वारा स्कूल बसो के चालकों व परिचालकों को यातायात के नियमों के बारे जानकारी प्रदान की और कहा कि स्कूली बच्चों को सुरक्षा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। नियमों की हमें स्वयं पालना करनी है और दूसरों को भी नियमों की पालना बारे प्रेरित करना है। उन्होंने यह भी स्पष्टद किया कि बच्चों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

# संविधान के माध्यम से लोकतंत्र की महत्ता को समझना आवश्यक: मुकुल




**योगदान**

**कोई भी संविधान उतना ही कारगर होता है जितना उसका पालन करने वाले लोग होते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** मुकुल कानिटकर, सामाजिक विचारक, नई दिल्ली ने कहा कि संविधान के माध्यम से लोकतंत्र की महत्ता को समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोई भी संविधान उतना ही कारगर होता है जितना उसका पालन करने वाले लोग होते हैं। बहुत अच्छा संविधान किसी खराब व्यक्ति के हाथ में दे दो तो वो उसका उपयोग अपने लिए करेगा और वो हमने देखा है। 75 वर्ष के संविधान के इतिहास में संविधान के दुरुपयोग को हमने देखा है। वे गुरुवार को सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. बी.आर. अंबेडकर अध्ययन केंद्र द्वारा संविधान सभा में बी.आर. अंबेडकर: उनकी भूमिका और उनका प्रभाव विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्वलित कर व डॉ. बी.आर. अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।
सामाजिक विचारक मुकुल कानिटकर ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर की महानता एवं उनके योगदान के लिए उनके मूल पत्र को पढ़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि धनंजय कीर द्वारा अम्बेडकर के जीवन पर लिखी पुस्तक उनके मूल पत्रों, भाषणों तथा प्रामाणिक आधारों पर आधारित है जिसमें डॉ. अम्बेडकर, महात्मा गांधी एवं वीर सावरकर के मूल पत्रों के जवाब शामिल हैं जो स्वतंत्र भारत के निर्माण की भावभूमि है।
उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने कहा कि कोलम्बिया यूनिवर्सिटी में डॉ. अम्बेडकर को छोड़कर किसी भारतीय की मूर्ति नहीं है। डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति कोलम्बिया यूनिवर्सिटी में दलितों नेता के रूप में नहीं बल्कि कोलम्बिया यूनिवर्सिटी के बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर के रूप में लगी है। डॉ. अम्बेडकर ने प्रतिनिधि मंडल के रूप में ध्वज समिति के सामने राष्ट्रीय ध्वज के रूप में भगवा ध्वज का समर्थन किया था जिसे कांग्रेस अधिवेशन में इसे पारित भी किया गया था लेकिन कुछ लोगों की जिद के कारण ऐसा न हो सका।मुकुल कानिटकर ने कहा कि जिस लोकतंत्र में हम जी रहे हैं उसको समझना आवश्यक है। डॉ. अम्बेडकर का कहना था कि हम जबरदस्ती राष्ट्रीय एकात्मता नहीं ला सकते जब तक सामने से हृदय से हृदय नहीं मिलेंगे। बाबा साहब का कहना था कि भक्ति समर्पण की बात करती है किंतु जब समर्पण अधूरा होता है तो भक्ति भी व्यक्ति पूजा में परिवर्तित हो जाती है। डॉ. अम्बेडकर ने मोहम्मद बिन कासिम का दाहिर सेन से हुआ युद्ध भारत की परतंत्रता का कारण बताया था।

# प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर अधिकारी करें कार्रवाई: पार्थ गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि अम्बाला जिले में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए सबसे पहले वायु प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों व फैक्ट्रीयों पर कार्रवाई की जाए। इन उद्योगों के वायु प्रदूषण नियंत्रक के उपकरणों की कार्य प्रणाली को भी सत्यापित किया जाए। इतना ही नहीं बिना अनुमति के ईंधन का प्रयोग करने वाले फैक्ट्री संचालकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।
उपायुक्त पार्थ गुप्ता उपायुक्त कार्यालय के सभागार में अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहें थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी ने ऑनलाईन प्रणाली से सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लम्बित याचिका एमसी मेहता बनाम भारत संघ को लेकर कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक जिले में वायु प्रदूषण को कम किया जाए और वायु सूचंकाक लेवल पर नियंत्रण किया जाए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मुख्य सचिव के आदेशों की पालना करते हुए कहा कि अम्बाला जिले में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए प्रबधंन किए जाए। हालांकी इस समय अम्बाला जिले का वायु सूचकांक मध्यम श्रेणी के तहत 177 पर हैं। इस स्तर में और सुधार लाने के प्रयास किए जाने हैं।

# भारतीय संस्कृति का पूरी दुनिया में है बोल बाला: विधायक मनमोहन भड़ाना

## सभी मेहमानों और शिक्षण संस्थान के पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्वलित करते कार्यक्रम की शुरूआत की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**
**भारतीय** शिक्षण संस्थान समालखा में स्वर्गीय मास्टर राम रतन स्मारक अंतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया कार्यक्रम हवन यज्ञ के साथ आरम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में समालखा से विधायक मनमोहन सिंह भडाना पहुंचे जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली के कुलपति की जगह यूनिवर्सिटी से डीन मदन मोहन झा पहुंचे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी संस्कृत प्रकोष्ठ पंचकूला के निदेशक डॉ. चितरंजन दयाल कौशल पहुंचें।

यहां पहुंचने पर सभी मेहमानों का



फूल मालाओं से संस्थान की ओर से जोरदार स्वागत किया गया सभी मेहमानों और शिक्षण संस्थान के पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्वलित करते कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मनमोहन भड़ाना ने कहा कि हमारी संस्कृति पूरी दुनिया में सबसे ऊपर वाली संस्कृति है और इस संस्कृति के अनुरूप भारतीय जनता पार्टी निरंतर काम कर रही है उन्होंने कहा कि हमारे जितने भी वेद और पुराण हैं उनमें बहुत बड़ा रहस्य छिपा हुआ है क्योंकि उनमें हमारी संस्कृति है और सभ्यता छुपी हुई है जो हमें हां यहां हमें सीखने का मौका देती है और सामाजिक बुराइयों को दूर करने के साथ-साथ समाज को

**संस्कृति**

**प्रथम, द्वितीय और तृतीय तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया**

विकास और उन्नति की ओर ले जाती है उन्होंने उपस्थित महिलाओं और पुरुषों को यह भी कहा कि इस सनातन संस्कृति संस्कृत भाषा और वेदों के ज्ञान को प्राप्त करके हम दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत बन सकते हैं और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देश में अब काफी देश में तो हमें जो सम्मान देते हैं वह कोई छोटा सामान नहीं है इसलिए हम सभी यह प्रयास करें कि अब संस्कृत भाषा और वेदों और पुराण की शिक्षा ग्रहण करें भारतीय शिक्षण संस्थान में स्वर्गीय मास्टर रामरतन स्मारक अंतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संस्कृत प्रतियोगिता में काफी प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें भाषण प्रतियोगिता में निकिता जौरासी ने पर स्थान, खुशी खोजकीपुर ने दूसरा और रेनू जौरासी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान रवि प्रकाश प्रिसीपल सुरेश शास्त्री मदा सचिव दयालु अरोड़ा सचिव सुभाष देशवाल साहब सिंह रंगा मास्टर प्रेम सिंह सत्यनारायण रामनारायण आदि उपस्थित थे।

# हर विद्यार्थी को देश के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करना होगा: हरपाल

**युवा महोत्सव**

**युवाओं को सरकारी ही नहीं प्राइवेट सैक्टर में भी भाग्य आजमाना चाहिए: शिक्षा मंत्री**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत (कमाल हुसैन )**
स्थानीय आर्य स्नातकोतर महाविद्यालय के सभागार में वीरवार को आयोजित किये जा रहे दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव का समाज सेवी एवं शिक्षा मंत्री हरियाणा महीपाल ढांडा के प्रतिनिधि हरपाल ढांडा ने बतौर मुख्य अतिथि महोत्सव में भाग लिया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जल्वित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ईमानदारी व निष्ठद्दा से कार्य करके बड़े से बड़े संघर्ष में जीत हासिल की जा सकती है। महोत्सव में पहुंचने पर स्मृति चिन्ह व फूल की मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया गया। समाज सेवी हरपाल ढाडा ने कहा कि युवाओं को लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढना चाहिए व जब तक सफलता हासिल न हो तब तक प्रयास करने चाहिए। प्राइवेट क्षेत्र में भी रोजगार की अनंत संभावनाएं है। युवाओं को सरकारी ही नहीं प्राइवेट सैक्टर में भी भाग्य आजमाना चाहिए। हमेंशा साकारात्मकता के साथ अपने क्षेत्र में आगे बढ?ा चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ताकतवर देशों की श्रेणी में शामिल हो चुका है। आज स्थिति यह है कि जो देश कभी भारत से दूरी बनाते थे आज वे नजदीकी बनाने के लिए बेताब है। प्रधानमंत्री के ईमानदार प्रयासो से व देश के लोगों के सहयोग से भारत का कद ऊंचा हुआ है। आने वाले समय में आर्थिक दृष्टिकोण से भारत दुनिया का पांचवा राष्ट्र होगा।

प्रमुख समाज सेवी ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा। इसी लक्ष्य को लेकर सभी क्षेत्रों में ईमानदारी से कार्य किया जा रहा है।

# श्रद्धालुओं ने किए शिरड़ी सांई के दर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : श्री शिरड़ी साईं मंदिर में वीरवार को बड़ी संख्या में आए भक्तों ने भाग लिया। श्री साई सत चरित्र का एक प्रसंग सुनाते हुए संस्थापकाध्यक्ष डा.विजय शर्मा ने कहा कि साईं बाबा की विशुद्ध कीर्ति का वर्णन निष्ठा पूर्वक श्रवण करने से भक्तों के पाप नष्ट होते है, अतः यह मोक्ष प्राप्ति का साधन है। साईं कहते है कि तुम चाहे कहीं भी रहो, जो इच्छा हो सो करो, परंतु यह सदैव स्मरण रखो कि जो भी तुम करते हो, वह सब तुम्हारे खाते में लिख जा रहा है। ईश्वर समस्त प्राणियों का स्वामी है और घट-घट में व्याप्त है। वह समस्त ब्रह्मांड का नियंत्रणकर्ता और संचालक है। प्रभु का ज्ञान उसी व्यक्ति को प्राप्त हो सकता है, जो संसार में लिप्त सारी भावनाओं को तोड़ कर प्रभु में लीन रहता है। उसे हर समय यह आभास होता रहता है कि प्रभु

**बाबा के दर पर**

**साईं बाबा की विशुद्ध कीर्ति का वर्णन निष्ठा पूर्वक श्रवण करने से भक्तों के पाप नष्ट होते है**

उसमें समाए हुए है। साईं भक्तों ने गुरू स्थान की परिक्रमा कर धूनि माई पर अगरबत्तियां लगाई और धूप आरती में भाग लिया। इससे पूर्व साईं पालकी निकाली गई, जोकि कालेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। इसके पश्चात भजन गाते हुए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और साईं पाठ किया। साईं आरती में पुजारी अनमोल शास्त्री, यश अरोड़ा,श्याम सुंदर सेठी,परविन्द्र मनचंदा, राजेश्वर, सुरेश कुमार, प्रवीण शर्मा, सत्य प्रकाश, धीरज मैहता,तरूण ढींगढ़ा,गौरव गर्ग,नीना गुप्ता और कमलेश आदि शामिल रहे।

# शौचालयों में गंदगी का अंबार, लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर शहर में बने शौचालय की साफ सफाई पर नगरपालिका प्रतिमाह 1 लाख 31 हजार रुपए खर्च कर रही है लेकिन उसके बावजूद शहर दके मुख्य बाजार में बने शौचालयों का बहुत बुरा हाल है। ऐसे में नगरपालिका अधिकारियों की अनदेखी के कारण प्रतिमाह 1 लाख 31 हजार रुपएं खर्च का शहरवासियों को कोई फायदा नही पहुंच रहा है। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। ज्ञात रहे कि नगर पालिका द्वारा सभी शौचालय की देखरेख व साफ सफाई का कार्य एक एंजेसी को दे रखा है। लेकिन इसके बावजूद भी शहर के शौचालय



की पूरी तरह से सफाई नहीं हो पाती। नियम के अनुसार शौचालय की सफाई करने वाले ठेकेदार को शौचालय की देखरेख, पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था व शौचालय से बदूब दूर करने की जिम्मेदारी उनकी है लेकिन हालात ये कि अधिकत्तर शौचालयों में बदबू आती रहती है। शहरवासी सुमित क कहना कि इतने खर्च के बाद तो शौचालयों की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए।

एजेंसी की जिम्मेदारी इन शौचालय की देखरेख की। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक पोषण मलिक के अनुसार शहर के शौचालय की सफाई की जिम्मेदारी लेने वाली नित्य इंटरप्राइजेज एजेंसी की जिम्मेदारी आधा दर्जन के करीब शौचालयों की है। उनमें रेलवे रोड पर पुलिस स्टेशन के सामने, गन्नौर गांव में बने स्टेडियम में बने शौचालय, शिव पार्क के पास बने शौचालय, गुमड़ रोड पर रेलवे फ्लाईओवर के नीचे बने शौचालय ,पांची जाटान रोड पर भगत सिंह पार्क में बना शौचालय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पास बना शौचालय की साफ सफाई व देखरेख की जिम्मेदारी है। इसके अलावा नगर पालिका द्वारा अस्थाई रूप से छोटे शौचालय बनाए गए हैं उनमें बादशाही रोड पर, जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के बाहर बने शौचालय भी शामिल हैं।

# जूडो में गोल्ड जीतने पर सुजल शर्मा का जोरदार स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**जूडो** प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले सुजल शर्मा का आज पानीपत पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। बता दें की सुजल शर्मा ने नेशनल पेनकैक सिलाट प्रतियोगिता 2024 श्रीनगर में आयोजित की गई थी। जिसमें पानीपत वासी सुजल शर्मा ने 19 वर्षीय आयु वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया है।

जिनका आज पानीपत पहुंचने पर जीटी टोल प्लाजा से जोरदार स्वागत कर खुली जीप में एवं डीजे के साथ उनके तहसील कैंप विकास नगर स्थित आवास पर लाया गया।

# प्रेक्षा, सांची और हर्ष बने पाइट बीबीए स्टार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियिरंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में बीबीए स्टार छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। प्रथम वर्ष से प्रेक्षा, द्वितीय वर्ष से सांची और तृतीय वर्ष से हर्ष को पाइट बीबीए स्टार का अवार्ड दिया गया। बीबीए स्टार का चयन कई राउंड के बाद हुआ। आखिर में फाइनल इंटरव्यू राउंड हुआ, जिसमें इन तीनों का नाम सबसे आगे रहा। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल व बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने कहा कि छात्र-




छात्राओं के सर्वांगिण विकास के लिए इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। शिक्षा के बाद रोजगार या स्वरोजगार के अवसर हासिल कर सकें, इसके लिए इन्हें तैयार किया जाता है। तीनों छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, बीबीए विभाग के अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग, प्रो.सुरेश बेदी, कॉर्डिनेटर पारस बत्रा, डॉ.किरण, डॉ.पूजा गुप्ता मौजूद रहीं।

# मेरा भारत प्लेटफार्म पर विकसित भारत चुनौती का प्रारंभ 25 नवंबर से: राम

**महोत्सव**

**तीन अलग-अलग क्षेत्रों से चयनित युवाओं की एक जीवंत सभा आयोजित की जाएगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : साई कुरुक्षेत्र के सहायक निदेशक बाबु राम रावल ने कहा कि वर्ष 2025 में 11 व 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में 3000 युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन देश में कम से कम एक लाख युवा नेताओं को विकसित करना है। इस प्रकार यह मंच नेतृत्व प्रतिभावान युवाओं की जरूरतों की एक झलक प्रदान करेगा और विकसित भारत के उद्देश्य में योगदान देने में उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों को परिभाषित करेगा। साई कुरुक्षेत्र के सहायक निदेशक बाबु राम रावल ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें विकसित करना है ताकि उन्हें विकसित भारत के लिए अपने विचार सांझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके। युवाओं के लिए यह एक प्रमुख आकर्षण होगा जिसमें उन्हें प्रधानमंत्री के साथ सीधे बातचीत करने और भारत के भविष्य के लिए अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा, जिससे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी। बाबु राम रावल ने कहा कि विकसित भारत चुनौती में भाग लेने के लिए देश भर से 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के कम से कम एक करोड़ युवाओं को शामिल करने का लक्ष्य रखा है जो भारत मंडपम में होने वाले मुख्य कार्यक्रम के लिए प्रारंभिक दौर के रूप में कार्य करेगा।

विकसित भारत चुनौती के पहले राउंड में अखिल भारतीय डिजिटल क्विज प्रतियोगिता होगी जो 25 नवंबर 2024 से 5 दिसंबर 2024 तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के व्यक्ति मेरा युवा भारत प्लेटफार्म पर आयोजित क्विज में भाग ले सकेंगे। इससे प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे में उनकी जागरुकता का परीक्षण होगा। क्विज प्रतियोगिता के विजेता इसके बाद तीन और राउंड से गुजरेंगे जिसमें निबंध, ब्लॉग लेखन प्रतियोगिताए,

राज्य स्तरीय विकसित भारत विजन प्रस्तुति और अंत में भारत मंडपम में राज्य स्तरीय विजेताओं की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शामिल होंगी। राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में तीन अलग-अलग क्षेत्रों से चयनित युवाओं की एक जीवंत सभा आयोजित की जाएगी।

# मधुमक्खी पालन प्रबन्धन पर प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : बागवानी विभाग हरियाणा द्वारा आई.बी.डी.सी., रामनगर, कुरूक्षेत्र में इण्डो-इजराईल के तहत मधुमक्खी पालन प्रबन्धन पर दिनांक 19 से 21 नवम्बर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें भारत के 15 राज्यों से लगभग 70 अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के तीसरे एवं अन्तिम दिन मधुमक्खी पालन सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल से डा.



गौरव सिंह, केन्द्र की लैब एक्सपर्ट डा. नेहा चौधरी, गुजरात के सयुंक्त निदेशक बागवानी डा. जतिन पटेल तथा तमिलनाडू के बागवानी उप-निदेशक डा. एस.एन. दलीप द्वारा व्यख्यान प्रस्तुत किये गये। इस दौरान उपस्थित विशेषज्ञों ने मधुमक्खी पालन के द्वारा परागीकरण, मधुमक्खी पालन से प्राप्त होने वाले उत्पाद, गुणवत्ता नियन्त्रण व रानी मधुमक्खी गुणन तथा शहद व अन्य उत्पादों द्वारा मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर अपने अनुभव सांझा किए व प्रतिभागियों को अलग-अलग विषयों पर जानकारी प्रदान की। इस दौरान मधुमक्खियों से परागीकरण के फायदों के बारे में

**अनुभव**

**मधुमक्खी पालन से प्राप्त होने वाले उत्पाद, मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर अपने अनुभव सांझा किए**

विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस दौरान बागवानी विभाग, हरियाणा के विशेष विभागाध्यक्ष डा. अर्जुन सिंह सैनी ने उपस्थिति सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये एवं मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए किसानों के हित हेतु कार्य करने की अपील की।

उन्होनें कहा कि जल्द ही इस केन्द्र में विश्व स्तरीय गुणवत्ता नियन्त्रण प्रयोगशाला की भी स्थापना की जायेगी। इसका निर्माण 20 करोड़ रुपए की लागत से होगा तथा किसान अपने शहद की गुणवत्ता जांच उपरान्त इसे उचित दामों पर निर्यात कर सकेगें। उसके बाद उन्होनें इजराईल सरकार द्वारा लगातार विभाग को दी जा रही तकनीकि सहायता हेतु मंच पर उपस्थित उरी रूबिस्टीन, कृषि अताशे, इजराईल का धन्यवाद किया।

केन्द्र के बागवानी उपनिदेशक डा. सत्येन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन में सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया।

# भैरव अष्टमी महायज्ञ आज से: राजेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र** :-जय मां दुर्गा-जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा भैरव अष्टमी महायज्ञ 22 नवंबर से आरंभ होगा। अध्यक्ष पंडित राजेश मौदगिल ने बताया कि काशी के कोतवाल भगवान भैरव जी की आराधना से मनुष्य के सभी संकट दूर होते हैं और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। भैरव जी के भक्तों के सहयोग से धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में पहली बार पवित्र मार्गशीर्ष माह में भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में शुक्रवार,22 नवम्बर को सुबह 8 बजे से 81 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा दो दिवसीय महायज्ञ



शुरू होगा जिसकी पूणाहूंति शनिवार,23 नवंबर को सुबह 4 बजे होगी। इस अनुष्ठान में भैरव उपासक काशी के संतो द्वारा भक्ति प्रवचन किए जाएंगे और काशी से यज्ञाचार्य अभिषेक कुश और कुरुक्षेत्र के यज्ञाचार्य हरीश दत्त गोंदिया व आशु भार्गव के सानिध्य में उज्जैन,काशी,हरिद्वार व कुरुक्षेत्र के ब्राह्मणों द्वारा यज्ञ सम्पन्न किया जाएगा। इस अनुष्ठान में कई गणमान्य लोग बतौर यजमान यज्ञ में आहुतियां देंगे। इस अवसर पर गोपाल शर्मा,शिव प्रकाश शर्मा,अंकुश गुप्ता,अभिषेक गुप्ता,विकास सिंगला,रघुवीर सैनी और नरेश सैनी आदि सदस्य शामिल रहे।

# इराक के मरीज का सीके बिड़ला अस्पताल में सफल इलाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
**सीके** बिड़ला अस्पताल गुरुग्राम के डॉक्टरों की टीम ने हाल ही में एक ऐसी सर्जरी की, जिसमें एक इराकी मरीज की सुनने की क्षमता को बहाल किया गया. यह मरीज दो दशक से अधिक समय से इस समस्या से पीड़ित था. मरीज को एक साइड बिल्कुल आवाज नहीं आती थी. मुश्किलों के बावजूद डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक टिम्पानोप्लास्टी की और एक डिवाइस को ट्रांसप्लांट किया, जिससे इस मरीज की सुनने की क्षमता वापस लौटी । सीके बिड़ला अस्पताल गुरुग्राम में लीड कंसल्टेंट, ईएनटी, डॉ. अनीश गुप्ता ने कहा कि 45 वर्षीय मरीज, जो इराक से आया था,



लंबे समय से दोनों कानों के पर्दे के छिद्रों से पीड़ित था. उसका सुन पाना मुश्किल था. मरीज की स्थिति काफी जटिल थी, खासकर इसलिए क्योंकि कॉक्लियर इम्प्लांट जैसे पारंपरिक समाधान बहरेपन की दिक्कत पुरानी होने के चलते संभव नहीं थे. इसके बजाय, हमने एक ही सर्जरी में टिम्पानोप्लास्टी और हड्डी चालन उपकरण ट्रांसप्लांट को मिलाने का विकल्प चुना, जिसके सफल परिणाम सामने आए. आम तौर पर, टिम्पानोप्लास्टी और हड्डी चालन उपकरण ट्रांसप्लांट चरणबद्ध प्रक्रियाएं हैं, लेकिन हम उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयासरत थे. इन दोनों सर्जरी को एक साथ करने के लिए उच्च स्तर की सटीकता की आवश्यकता

**उपलब्धि**

**मरीज को एक साइड बिल्कुल आवाज नहीं आती थी. डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक टिम्पानोप्लास्टी की**

होती है, क्योंकि हर प्रक्रिया में अलग-अलग चीरे और तकनीक शामिल होते हैं । इस प्रक्रिया में दोनों तरफ के कान के पर्दे की मरम्मत के लिए द्विपक्षीय टाइम्पानोप्लास्टी की गई, जिसमें बगल में कार्टिलेज को एक ग्राफ्ट के रूप में लगाया जाता है. जो जटिल कान शरीर रचना वाले मरीजों में लंबे समय तक चलने वाली मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है. उसी तरफ श्रवण हानि के साथ, एक हड्डी चालन उपकरण ट्रांसप्लांट किया गया था, जो क्षतिग्रस्त आंतरिक कान को दरकिनार करता था और विपरीत तरफ कार्यात्मक आंतरिक कान को उत्तेजित करने के लिए खोपड़ी के कंपन के माध्यम से ध्वनि संकेतों को फिर से घुमाता था । डॉ. गुप्ता ने आगे कहा कि यह मामला असाधारण रूप से चुनौतीपूर्ण था. क्योंकि हमें कान के पर्दे को ग्राफ्ट करने और एक ही समय में हड्डी के संचालन उपकरण को ट्रांसप्लांट करने की आवश्यकता थी. इसमें पारंपरिक चीरे को एस-आकार के रूप में करना था, जिससे हम एक ही सत्र में दोनों प्रक्रियाओं को कर सकते थे।

## न्यूज फ्लैश

### विधायक पवन खरखौदा ने अनाज मण्डी में की अटल किसान-मजदूर कैंटिन की शुरूआत




**सोनीपत।** विधायक पवन खरखौदा के प्रयासों से गुरूवार को खरखौदा अनाज मण्डी में किसान-मजदूर कैंटिन की शुरूआत हुई। कैंटिन की शुरूआत करते हुए विधायक ने कहा कि आज किसानों और मण्डी में कार्यरत मजूदरों की मांग पूरी है, जिसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि अनाज मण्डी में अटल किसान-मजूदर कैंटिन की शुरूआत होने से किसानों व मजदूरों को 10 रुपए में शुद्ध भोजन मिल सकेगा। इस दौरान विधायक ने किसानों के साथ कैंटिन में खाना खाया और कहा कि भाजपा सरकार हमेशा किसान व मजदूरों सहित सभी वर्गो के विकास करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। आज देश में हरियाणा सरकार देश का सबसे अधिक फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है ताकि किसानों के लाभ को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में अनेक योजनाएं चलाई है, जिनका लाभ आज सीधे किसानों को मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने अनाज मण्डी का दौरा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मण्डी में आने वाले किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाएं ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल खरीद के बाद फसल का उठान भी तुरंत करवाएं ताकि मण्डी में भीड़ न उत्पन्न हो किसान आसानी से अपनी फसल लेकर मण्डी में आ सके। इसके अलावा मण्डी में बारदाने की भी कमी नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, राजबीर दहिया, अनाज मण्डी के प्रधान नरेश सिसाना, मार्केट कमेटी की सचिव ज्योति सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में 15 शिकायतों का किया गया समाधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार नगर निगम में लगातार समाधान शिविरों का आयोजन करके लोगों की समस्याओ का मौके पर ही समाधान किया जा रहा हैं। इस समाधान शिविर में 15 शिकायतों का बुधवार को समाधान किया गया हैं।
उन्होनें यहां जारी आज प्रेस विज्ञप्ति मे कहा कि नगर निगम की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में बुधवार को प्रोपर्टी आईडी में नाम, पता, पार्ट आईडी व नई आईडी बनवाने के लिए 26 लोगों ने आवेदन किए। इनमें से 15 आवेदनों का समाधान मौके पर ही किया गया। इन समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा हैं। इन शिविरों में सभी अधिकारी मौके पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनते है और उनका मौके पर समाधान करते हैं।

# मानवीय मूल्यों और जीवन प्रबंधन की शिक्षाओ से परिपूर्ण हैं : श्रीप्रकाश

## सामान्य जीवन व्यतीत करने वाले श्रीराम का जीवन, निश्चय ही सब के लिए प्रेरणीय और अनुकरणीय है

**सुलक्षण**

**उन सभी सुलक्षणों, सद्गुणों, शुभाचारों और धर्मों से युक्त हैं जो किसी महामानव में होने चाहिए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम विश्व संस्कृति के अप्रतिम महामानव हैं। वह उन सभी सुलक्षणों, सद्गुणों, शुभाचारों और धर्मों से युक्त हैं जो किसी महामानव में होने चाहिए। राजमहल में पैदा होकर भी सामान्य जीवन व्यतीत करने वाले श्रीराम का जीवन, निश्चय ही सब के लिए प्रेरणीय और अनुकरणीय है। राम का सारा जीवन ही सन्देश है। राम के सभी कार्य विलक्षण और सत्य के पर्याय हैं। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने वी. आई.पी.कॉलेज ग्रुप आफ कॉलेज, ग्वालियर में श्रीरामचरित मानस में मानवीय जीवन मूल्य एवं जीवन प्रबंधन विषय पर आयोजित एक व्याख्यान एवं जीवन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष कार्यक्रम के समस्त अतिथियों एवं वक्ताओं ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलन से किया। इस व्याख्यान एवं जीवन संवाद कार्यक्रम मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की ग्वालियर , मध्यप्रदेश इकाई द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र का वी. आई.पी. एस. ग्रुप आफ कॉलेज द्वारा बहुत ही आत्मीय भाव से स्वागत एवं अभिनन्दन हुआ। विद्यार्थियों एवं समस्त शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा श्रीरामचरितमानस एक ऐसा कालजयी अमृतधारा का महाकाव्य है जिसमें मानव जीवन की पूर्णता और विज्ञानधर्मिता का दिग्दर्शन जीवंत रूप में द्रष्टव्य होता है। संत तुलसीदास ने भगवान राम और महर्षि बाल्मीकि ने मयार्दा पुरुषोत्तम राम के सम्पूर्ण जीवन चरित के माध्यम से मानव को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्राप्त कराने में सहायक मानव मूल्यों का वर्णन आदर्श ज्ञानमयी, भक्तिमयी और कर्ममयी धारा में किया है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का चरित्र मानवीय मूल्यों और जीवन प्रबंधन की शिक्षाओ से परिपूर्ण हैं।
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वी.आई. पी एस. ग्रुप आफ कॉलेज के चेयरमैन रामवीर जादौन ने कहा आज के भौतिकवादी युग में जहाँ सब कुछ धन बल और पद बल से तय होता है। जहाँ सारे सम्बन्ध बाजार से तय होने लगे हैं ऐसे में रामचरितमानस का मूल्यवाद नई आशा की किरण लेकर आता है।

## पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान किये चालान



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरदीप सिंह दून आई.पी.एस. यातायात हरियाणा के दिशा निर्देश मे पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र वरूण सिंगला भा.पु.से. के नेतृत्व मे यातायात थाना प्रभारी सुखदेव ने नेशनल हाईवे कुरूक्षेत्र वा यातायात थाना प्रभारी शहर गुरनाम सिंह ने शहर थानेसर मे विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान आने-जाने वाले वाहनों की गहनता से जांच कर वाहन चालकों के चालान किए गए। यातायात प्रभारी हाईवे सुखदेव सिंह व यातायात प्रभारी शहर गुरनाम सिंह ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान आपराधिक किस्म के लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है। क्षेत्र में नशे को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में इस तरह का अभियान जारी है। अभियान के दौरान यातायात के नियमों की अनुपालना नहीं करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे गए हैं। यातायात प्रभारी ने कहा कि पुलिस की इस कार्रवाई से आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने वाहनों पर नंबर प्लेट अवश्य लगवाए और उस पर नियमानुसार नंबर लिखवाएं। इसके अलावा वाहन चलाते समय वाहन के पूरे दस्तावेज साथ रखें ताकि उन्हें कोई दिक्कत पेश न आए। उन्होंने कहा कि आपराधिक किस्म के लोग बिना नंबर के वाहनों का ज्यादातर प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि जो युवक बुलेट बाइक पर पटाखों की आवाज निकालते हैं उन पर खास नजर रखी जाएगी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रेप चार की पांबदियों की अवहेलना करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने अधिकारियों को ग्रेप चार की पाबंदियों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शुद्ध हवा हर वन्य जीव प्राणी के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। हमारा सभी का प्रयास होना चाहिए कि जिले का एयर क्वालिटी इंडेक्स लेवल में सुधार हो। इसके लिए संबंधित विभाग सभी संभावित कदम उठाएं।
डीसी ने कहा कि सभी प्रकार निर्माण व तोड़ फोड़ की कार्यवाही बंद कर दी गई है। कूड़ा करकट जलाने पर पाबंदी है। कोयले वाले तंदूर भी नहीं चला सकते। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा कार्य जिससे धूल व धुआं उत्पन्न हो वह पाबंदी की श्रेणी में है। डीआरओ पानीपत को इसका नोडल बनाया गया है, किसी प्रकार की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 0180- 2653850 पर सुचना दे इसके अतिरिक्त शिकायत 311 एप व समीर एप भी कर सकते हैं। जिलाभर में करेगी फ्लाइंग टीमें निगरानी डीसी ने कहा कि ग्रेप चार की पाबंदियों को पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है।

## विरासत में चला संस्कृति संरक्षण अभियान

**दृष्टिकोण**

**डोल अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग आकार एवं प्रकार के प्रयोग किए जाते रहे हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत सप्ताह 19 से 25 नवंबर के बीच पूरे विश्व में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य मुख्य रूप से लोगों को लोक संस्कृति और प्राचीन विरासत के विषय में जागरूक एवं संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस मुहिम में विरासत दि हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र निरंतर कई वर्षों से हरियाणवी लोक संस्कृति के प्रचार-प्रसार एवं संरक्षण के लिए अलग-अलग तरह के रचनात्मक एवं लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है। इस वर्ष भी विरासत दि हेरिटेज विलेज मसाना कुरुक्षेत्र ने विश्व विरासत सप्ताह के दौरान प्राचीन विषय-वस्तुओं को एक बार पुनः जन-जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है, ताकि नई पीढ़ी इन प्राचीन विषय-वस्तुओं की उपयोगिता को रचनात्मक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझ पाए। जिसमें मुख्य रूप से लोहे के बने हुए डोल जोकि लोहार द्वारा कूंए से पानी खींचने के लिए प्रयोग में लाया जाने वाला पात्र शामिल है। इसके आकार एवं प्रकार अलग-अलग तरह के होते हैं। हरियाणा में कूंओं से पानी खींचने के लिए महिलाएं एवं पुरुष डोल का प्रयोग करते रहे हैं।
डोल अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग आकार एवं प्रकार के प्रयोग किए जाते रहे हैं। हरियाणवी लोक संस्कृति के विशेषज्ञ डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा के खादर, बांगर, बागड, बृज, मेवात, अहीरलवाल सभी क्षेत्रों में कूंएं से पानी निकालने के लिए डोल का प्रयोग किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के जिस भू-भाग में ज्यादा पानी मिलता था वहां पर लोगों द्वारा बड़े डोल का प्रयोग किया जाता रहा है, जबकि राजस्थान से लगते भू-भाग जहां पर पानी का अभाव रहता है वहां पर छोटे डोल का प्रयोग किया जाता रहा है। विरासत हेरिटेज विलेज में 100 से अधिक कूंए के अलग-अलग डोल संरक्षित किए गए हैं।

## राजनीति ताकत दिखाने के लिए वोट बनवाना अनिवार्य: कवलजीत

**प्रक्रि?ा**

**अपना कर्तव्य समझ कर साबत सूरत सिखों को अपनी वोट बनवाना अति जरुरी है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के चुनाव हेतु सिख संगत को अपनी वोट बनवानी चाहिए। अपना कर्तव्य समझ कर साबत सूरत सिखों को अपनी वोट बनवाना अति जरुरी है, इसलिए इसे एक जिम्मेदारी समझ कर अवश्य पूरा करें। यह अपील हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रवकता कवलजीत सिंह अजराना ने की। कुरुक्षेत्र हैड ऑफिस में बातचीत करते हुए अजराना ने कहा कि 22 साल के संघर्ष के बाद हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी अस्तित्व में आई है और आने वाले समय में जब हरियाणा कमेटी के पहले चुनाव होंगे, जो कि राजनीतिक स्तर पर काफी महत्वपूर्ण हैं। इसलिए हमें अपनी जिम्मेदारी समझ कर अपनी वोट बनवानी चाहिए। अजराना ने कहा कि हरियाणा में सिखों की गिनती करीब 20 लाख के आसपास हैं, लेकिन अभी तक वोट केवल 3 लाख सिखों की ही बनी है। इसलिए हम सब को इसे ओर ध्यान देते हुए अपनी-अपनी वोट बनवानी चाहिए। अजराना ने कहा कि जिसे वोट बनवाने में कोई समस्या आ रही है या कोई जानकारी नहीं है, वह संगत अपने-अपने क्षेत्र के हरियाणा कमेटी के अधीन गुरुद्वारा साहिब में संबंधित मैनेजर से संपर्क कर सकता है। कर्मचारियों को इस संदर्भ में संगत की सहायता करने के लिए भी हिदायत दी गई है और वोट बनवाने की प्रक्रिया में संगत को हर संभव मद्द की जाएगी।
उन्होंने कहा कि सहजधारी सिखों की वोट नहीं बन सकती और साबत सूरत सिखों हरियाणा कमेटी के चुनाव में अहम भूमिका निभाने के लिए अपनी वोट जरुर बनवानी चाहिए।

## 22 नवंबर को गांव घराडसी और झिंझरपुर में होगा नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के सदस्य अखिल मेनन ने बताया कि नवीन संकल्प शिविरों की श्रृंखला में 22 नवम्बर को थानेसर हल्के के गांव घराडसी के पंचायत घर में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और गांव झिंझरपुर के पंचायतघर में दोपहर बाद 2 बजे से 5 बजे तक नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया जाऐगा। इन दोनों शिविरों में ग्रामीणों के कागजात संबंधित त्रुटियों का समाधान किया जायेगा। इसी मौके पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल युनिट में ग्रामीण स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। 22 नवंबर के नवीन संकल्प शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए आर्थिक सहायता करने के लिए नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना चला रहे हैं । इन शिविरों में छात्र, नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधित जानकारी ले सकते हैं और छात्रवृत्ति के लिये मौके पर ही आवेदन प्रक्रिया भी पूरी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के गांवों में लगातार ये नवीन संकल्प शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता, नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा आयोजित इन नवीन संकल्प शिविरों में आकर हर प्रकार के लाभ अर्जित कर रही है।

## सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए 25 दिसंबर तक मांगे आवेदन

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार देने के लिए 25 दिसंबर 2024 तक आवेदन मांगे हैं। ये पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2025 को दिया जाएगा।
उन्होंने बताया कि जिस महिला ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो या उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हों। सुषमा स्वराज पुरस्कार में 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल शामिल होंगे।

## भक्तों के घर भी सांवरे आते रहा करो....पर झूमे श्याम प्रेमी

**पाठ किया**

**भजनों पर ताली बजाते हुए श्याम प्रेमियों ने कीर्तन किया। भजनों के पश्चात श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा नया बस स्टैंड के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में 536वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किए गए इस संकीर्तन में बड़ी संख्या में पहुंचे श्याम प्रेमियों ने शीश नवाया। कार्यक्रम में गायक लखबीर सिंह लक्खा,गौरव शान और जतिन जिंदल ने बाबा श्याम जी के मधुर भजन सुनाए। कई श्याम प्रेमियों ने भी भजन गाकर हाजिरी लगाई। खाटू श्याम कथा में बताया गया कि खाटू श्याम जी हारे के सहारे के नाम से जगत में विख्यात हैं। दिनोंदिन श्यामप्रेमियों की संख्या बढ़ती जा रही है, जगह-जगह श्याम जी का प्रचार-प्रसार हो रहा है। कीर्तन में प्रयास यह रहता है कि सभी भक्तों को भजन गाने का मौका मिल सके। हारे का तू है सहारा सांवरे..., भक्तों के घर भी सांवरे आते रहा करो...., खाटू की गलियों में गूंज रहा जयकारा..., हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं और तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार....इत्यादि भजनों पर ताली बजाते हुए श्याम प्रेमियों ने कीर्तन किया। भजनों के पश्चात श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।
खाटू श्याम महिला मंडल द्वारा भंडारा दिया गया। श्याम आरती में पुजारी रमण शर्मा,अरुण गोयल,राकेश मंगल,पंकज सिंगला,गौरव गुप्ता,अनिल मित्तल,अनुज सिंगला,मनुज सिंगला,मोहित तायल, रजत तायल,योगेंद्र अग्रवाल,संजय चौधरी,वरुण गुप्ता,मनोज गुप्ता,शिवम अरोड़ा,संतोष सिंगला,गिरीश गर्ग,सतीश मेहता,कविता गोयल,निशा शर्मा,स्वीटी मित्तल,बबीता गुप्ता, शशी अरोड़ा और पुष्पा सहित अन्य शामिल रहे।

## जीवन रूपी लक्ष्य को ऊंचा रखते हुए आगे बढ़ें युवा : नेहा सिंह

**सम्मेलन**

**यूथ फेस्टिवल एक बेहतर प्लेटफॉर्म होता है, प्रतिभागी यहां से अपनी प्रतिभा को निखारते हुए जीवन में आगे बढ़ सकता है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि यूथ फेस्टिवल एक बेहतर प्लेटफॉर्म होता है, प्रतिभागी यहां से अपनी प्रतिभा को निखारते हुए जीवन में आगे बढ़ सकता है। हमे जिस भी क्षेत्र में जाना है, उसके तहत अपने जीवन रूपी लक्ष्य गोल को ऊंचा रखना है और उसके तहत मेहनत करते हुए उस मुकाम को भी हासिल करना है।उपायुक्त वीरवार को मल्टी आर्ट कल्चरल सेंटर में जिलास्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पंहुची थी और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कही। इससे पहले उपायुक्त ने यहां पर सभागार में लगाए गए साईंस मेले का भी अवलोकन किया और विद्यार्थियों द्वारा साईंस से सम्बंधित या अन्य जो प्रोजेक्ट लगाए गए थे उनको देखकर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी भुरी-भुरी प्रशंसा भी की। यहां पर पंहुचने पर आईटीआई के प्रधानाचार्य जगमोहन व गठित टीम में शामिल सदस्यों ने मुख्यातिथि नेहा सिंह व विशिष्ठद अतिथि एडीसी सोनू भट्टद को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंटकर उनका यहां पंहुचने पर अभिनंदन किया। मुख्यातिथि ने रिबन काटकर व माँ शारदा के समक्ष दीपशिखा प्रज्जवलित करके जिलास्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया। उपायुक्त नेहा सिंह ने यूथ फेस्टिवल में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यहां पर विद्यार्थी विभिन्न विधाओं को दिखाने का काम करेंगे। भारत देश युवाओं के नाम से जाना जाता है। जनसंख्या के हिसाब से 65 प्रतिशत युवाओं की हिस्सेदारी है। भारत देश पूरी दुनिया में ताकतवर व युवाओं के नाम से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी अपने लक्ष्य को ऊंचा रखें। जिस भी क्षेत्र में वे जाना चाहते हैं जैसे डाक्टर, इंजिनियर, खेल, शिक्षा या अन्य जो भी है, उसके कड़ी मेहनत करते हुए अपने मुकाम को हासिल करें। उन्होंने यह भी कहा कि असफलता हमें जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित करती है, हमें निराश नहीं होना है बल्कि मेहनत करते हुए अधिक ऊर्जा से अपने लक्ष्य को हासिल करना है। निसंदेह हमें सफलता जरूर मिलेगी।
यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जो प्रस्तुति पेश की जा रही है वह काफी उम्दा है। विद्यार्थियों ने काफी मेहनत करते हुए इसकी तैयारी भी की है। वे जीवन में आगे बढ़ें, इसके लिए वे सबको शुभकामनाएं देती हैं।

## जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शिनी का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार ने कहा कि बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का मंच विद्यार्थियों में वैज्ञानिक विचारों व उनमें रचनात्मक गुणों की संरचना करता हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में विज्ञान के क्षेत्र में रूचि बढती है और निश्चित तौर पर वह आगे जाकर साईस जगत में अपना नाम रोशन कर सकेंगे। एसडीएम दर्शन कुमार बुधवार को राजकीय मॉडल सांस्कृतिक वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के प्रांगण के आयोजित जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रहें थे। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन कमेटी द्वारा अभिन्नदन किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को एक-एक का अवलोकन किया और उनकी सराहना भी की। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के इस कार्यक्रम में सात थीमों पर आधारित प्रदर्शनियों में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले 21 विद्यार्थियों का चयन किया गया हैं। यह विद्यार्थी जिला अम्बाला की तरफ से राज्य स्तरीय बाल प्रदर्शनी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस दौरान एसडीएम ने विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि व सर्टीफिकेट वितरित किए और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# 18 राज्यों के खिलाड़ियों ने योगासन में दिखाया जोहर: उत्तम आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से मानवीय निर्माण मंच दिल्ली के बैनर तले दो दिवसीय नेशनल योगासन स्पोर्ट्स टूनामेंट का आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन सैक्टर-11 रोहिणी में किया गया।

प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक एवं संस्था के महासचिव उत्तम आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता में सर्व प्रथम सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद दिल्ली के संरक्षक अरुण ठाकरान जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप शिक्षा निदेशक दिल्ली सरकार डॉ. अखिलेश कुमार भट्ट द्वारा किया गया। भट्ट द्वारा खिलाड़ियों को संकल्प दिलवाया गया कि योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

प्रतियोगिता दो अलग-अलग पैनल पर आयोजित की गई। जिसमें लड़के व लड़कियों की प्रतियोगिता की गई। उसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें गैजेटेड ऑफिसर दीपक सहरावत मौजूद रहे। संस्था के कोषाध्यक्ष लक्ष्य तुषीर ने बताया कि प्रतियोगिता में देश के लगभग 18 राज्यों से 550 से अधिक खिलाड़ियों ने 5 विभिन्न इवेंट्स में हिस्सा लिया। दूसरे दिन प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर रिठाला विधानसभा के विधायक महेन्द्र गोयल एवं एमसीडी रोहिणी जोन के चेयरमैन अनिल राणा पहुंचे, जिनकी मौजूदगी में कार्यक्रम का समापन किया गया। तो वहीं विधायक महेंद्र गोयल ने प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तीन योग शिक्षकों नेशनल बेस्ट योग गुरु अवार्ड देकर सम्मानित किया गया जिसमें संगीता वर्मा (दिल्ली) मुकेश गोस्वामी (मध्यप्रदेश) प्रणव कुमार (उत्तर प्रदेश) शामिल रहे। प्रतियोगिता की स्वागताध्यक्ष मिनाक्षी तुषीर का स्वागत भाषण हुआ व उनके द्वारा सभी बच्चों व शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में लड़कियों के वर्ग में विकास भारती पब्लिक स्कूल रोहिणी विजेता, सैंट जेवियर्स स्कूल रोहिणी उपविजेता, श्री जी वर्ल्ड स्कूल रोहिणी, द्वितीय उपविजेता रहा, वहीं लड़कों के वर्ग में अपोलो कोंवेंट स्कूल विजेता, महर्षि दयानंद विद्या भवन व विकास भारती पब्लिक स्कूल उपविजेता, एन सी जिंदल स्कूल पंजाबी बाग, द्वितीय उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में दिल्ली के रक्षित व हरियाणा की भूमिका को चैंपियन ऑफ द चैंपियन का खिताब मिला। क्रिडेंस ग्लोबल स्कूल नरेला को राजा महेन्द्र प्रताप सिंह अवार्ड से सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ राज्य सम्मान से तमिलनाडु व राजस्थान को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता की सहसचिव मोनिका लांबा ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर मानवीय निर्माण मंच दिल्ली का वार्षिक अधिवेशन किया गया जिसमें सभी सदस्यों की मौजूदगी में संगठन का चुनाव हुआ और सर्वसम्मति से उत्तम आर्य को चेयरमैन, प्रोफेसर शिवी त्यागी को कार्यकारी अध्यक्ष, लक्ष्य तुषीर को महासचिव, जतिन कुमार को कोषाध्यक्ष, कल्पना शर्मा को सचिव और चेतन शर्मा को उपसचिव चुना गया।





# दमघोटू प्रदूषण से परेशान दिल्ली वासी, दिल्ली सरकार मस्त: उमाकांत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि दिल्ली में जनता दमघोटू प्रदूषण से काफी ज्यादा परेशान है, लेकिन दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी इस समस्या को लेकर ज्यादा गंभीर नजर नहीं आ रही है, जिस कारण से दिल्ली की जनता परेशान हो रही है।



उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की जनता पानी की समस्या से जूझ रही है, दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है, जिस कारण से आम आदमी को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है।

उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को सुविधाएं देने में आगे है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि भाजपा की नीतियों व कार्यों से प्रभावित होकर बहुताय की संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग तरक्की कर रहे है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के राज में शहर व गांव दोनों जगहों पर रहने वाले लोग काफी ज्यादा खुश है।

# '50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ 50 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शिक्षा विभाग ने 50 प्रतिशत उपस्थिति और 50 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी कर दिए। हालांकि यह समझना महत्वपूर्ण है कि अधिकांश सरकारी सेवाएं कार्यालय से संचालित हो सकती हैं।

लेकिन शिक्षकों का कार्य छात्रों को सीधे संपर्क में आकर पढ़ाना होता है। यह कार्य स्कूल की बजाय घर से बेहतर और प्रभावी तरीके से किया जा सकता है।

इस परिप्रेक्ष्य में100 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम शिक्षकों के लिए अत्यधिक उपयोगी और परिणामदायक साबित हो सकता है। इसके बावजूद, कार्यालयों में बैठे मंत्री और अधिकारी अक्सर न्याय संगत और व्यावहारिक निर्णय लेने से बचते हैं।

इसका नतीजा यह होता है कि शिक्षक अपना शत-प्रतिशत बच्चों को देने में असमर्थ रहते हैं।



# डीआरडीओ ने एशिया अग्नि सुरक्षा परिषद बैठक की मेजबानी की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एशिया अग्नि सुरक्षा निरीक्षण परिषद (एएफआईसी) मीट का 11वां संस्करण आज यहां शुरू हुआ। इसका आयोजन रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अग्नि, विस्फोटक और पर्यावरण सुरक्षा केंद्र (सीएफईईएस) ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से किया है।

23 नवंबर को समाप्त होने वाले तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में छह एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 21 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। एएफआईसी तकनीकी आदान-प्रदान और 11 एशियाई देशों में अग्नि सुरक्षा ज्ञान, प्रौद्योगिकियों और मानकों के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि यह आयोजन प्रतिनिधियों के लिए ज्ञान, मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा करने और अभिनव समाधानों पर सहयोग करने के लिए सार्थक आदान-प्रदान में संलग्न होने के लिए एक आदर्श मंच है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन विश्व स्तरीय अग्नि सुरक्षा प्रौद्योगिकियों के साथ एक मजबूत, आत्मनिर्भर भारत बनाने के डीआरडीओ के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जो अंततः राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में योगदान देगा। एएफआईसी बैठक के दौरान सीएफईईएस द्वारा 'अग्नि सुरक्षा और भविष्य के परिप्रेक्ष्य में नवीनतम रुझान' पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी और एशियाई अग्नि सुरक्षा एक्सपो (एएफएसई) 2024 का भी आयोजन किया जा रहा है। राज्य अग्निशमन सेवाओं, सेना, नौसेना, वायु सेना, बीएसएफ, डीआरडीओ और सीएपीएफ से अग्नि सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले 100 से अधिक प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

# अरविन्द केजरीवाल के शीशमहल बंगले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने किया विशाल प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा के हजारों कार्यकर्ता अशोका रोड़ पर एकत्र हुए और वहाँ से पूर्व मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल के फिरोजशाह रोड़ स्थित अवैध निवास के पास तक पहुंचे और नारे लगा कर प्रश्न पूछा कि केजरीवाल जवाब दो इतना धन कैसे आया शीशमहल बंगले को कैसे सजाया।







प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चांदोलिया द्वारा संचालित प्रदर्शन को सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत एवं राजकुमार आनंद, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल सहित वरिष्ठ नेताओं ने सम्बोधित किया।

फिरोजशाह रोड पर अरविंद केजरीवाल के अवैध निवास के पास पुलिस ने डबल बैरिगेट्स और भारी पुलिस फोर्स लगा कर निवास में घुसने से रोका। पुलिस ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं सैंकड़ों अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया और संसद मार्ग थाने ले गई जहां से कुछ देर बाद चेतावनी दे कर छोड़ दिया।

फिरोजशाह रोड पर अरविंद केजरीवाल के अवैध निवास के पास पुलिस ने डबल बैरिगेट्स और भारी पुलिस फोर्स लगा कर निवास में घुसने से रोका। पुलिस ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं सैंकड़ों अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया और संसद मार्ग थाने ले गई जहां से कुछ देर बाद चेतावनी दे कर छोड़ दिया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि हम पहले दिन से इस बात को कह रहे हैं कि यह शीशमहल बंगला जनता की करोड़ों रुपये की गाढ़ी कमाई के गबन का नतीजा है और भ्रष्टाचार का प्रतीक है क्योंकि हमने कभी नहीं सुना है कि सोने का कमोड (टायलेट सीट) होता है। उन्होंने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल को पीडब्ल्यूडी द्वारा मकान दिया गया था तब पीडब्लूडी ने इन्वेंटरी में सिर्फ.एक पेज में ही सारे सामानों का लेखा जोखा बनाया था लेकिन आज जब इनसे मकान वापस लिया गया है तो आठ पेज भी इन्वेंटरी बनाने को कम पड़ गए हैं।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि सोने का कमोड (टायलेट सीट), सोने का वाश वेसिन, चाँदी का डिनर सेट और 50 लाख की कालीन, आठ लाख के पर्दे करोड़ों रुपये के पत्थर और सभी कमरों में ही नहीं टायलेट में भी बॉस के स्पीकर लगाने का काम अरविंद केजरीवाल ने किया है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की जनता पूछ रही है कि जब पीडब्लूडी ने सोने की टायलेट सीट सहित यह सारा कीमती सामान नहीं लगाया।

# सरकार बनने पर सबसे पहला काम स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट 2014 को लागू करेगें: देवेन्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली के लाखों रेहड़ी पटरी वालों की अजीविका सुरक्षित करने के लिए कांग्रेस की यूपीए की कांग्रेस सरकार ने रेहड़ी पटरी अजीविका संरक्षण कानून 2014 बनाया ताकि वो लोग सुगमता से जीवन यापन कर सकें। 8 नवम्बर से जारी दिल्ली न्याय यात्रा के दौराने मैंने लगभग 32 विधानसभाओं में चलते हुए सड़क पर रेहड़ी पटरी, खोमचा लगाकर भय में अपना कारोबार कर रहे हजारों लोगों से बातचीत कर उनकी पीड़ा और दर्द को महसूस किया। सड़क पर अजीविका चलाने वाले शहरी गरीबों के लिए स्ट्रीट वेंडिग एक्ट होने के बावजूद मौजूदा सरकार की निष्क्रियता के कारण गरीब लोगों को पुलिस के डंडे और दिल्ली नगर निगम की प्रताड़ना को झेलना पड़ता है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि रेहड़ी पटरी विक्रेता कोई अतिक्रमणकारी नहीं बल्कि अपना स्वरोजगार चलाकर जहां अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं वहीं गरीब, निम्न और मध्यम वर्ग के रोज कमा कर खाने वाली जनता को उनके नजदीक और कम दरों पर जरुरत का सामान उपलब्ध करानें सहायक भूमिका निभा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत वेंडिग जोन बनाकर लाईसेंस देने का काम आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार को करना था और दिल्ली नगर निगम द्वारा टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन करके जोन लेवल पर सर्वे का काम करना था जो सहीं ढ़ंग से आज तक नहीं हो सका। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा ने भी पीएम स्वनिधी योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर को गुमराह करने के लिए सर्टिफिकेट ऑफ वेंडिंग की जगह लेटर ऑफ रिकोमेंडेशन जारी किया।

# गरीब व असहाय लोगों की सभी करें मदद: बद्रूदीन खान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। उक्त बातें वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी बद्रूदीन खान ने कही।

उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि हमारे द्वारा दिये गये। रक्तदान से किसी को जीवनदान मिल सकता है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। बल्कि आपके किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान अवश्य ही मिल जाता है। इसलिए सभी रक्तदान करे और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए अनुरोध अवश्य ही करे। बद्रूदीन खान ने आगे बताया कि योग करने से स्वास्थ्य ठीक रहता है इसलिए मैं सभी से कहूंगा कि सभी योग व व्यायाम नियमित रूप से करे और दूसरों को योग व व्यायाम करने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने योग के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में योग मदद करता है। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। यह तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है और आपको आराम से रहने में मदद करता है। योग आसन शक्ति, शरीर में लचीलेपन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए जाना जाता है। एक अन्य सवाल के जवाब में बद्रूदीन खान ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए। क्योंकि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। बद्रूदीन खान ने आगे कहा कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है। यह हम सभी का दायित्व है कि पौधारोपण कर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ले। वृक्षों का मानव जीवन में और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में सबसे बड़ा योगदान है। इसलिए सभी पौधारोपण अवश्य ही करें।



**विचार**

**यह हम सभी का दायित्व है कि पौधारोपण कर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ले, जिससे क्षेत्र हरा-भरा रहे।**

# बुराड़ी: फ्री पानी के दावे करने वाले जनता को गंदा और बदबूदार पानी दे रहे है: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** न्याय यात्रा की बढ़ती लोकप्रियता से सत्ता में बैठी आम आदमी पार्टी और विपक्ष में बैठी भाजपा दोनों की परेशानी पर सलवटें बढ़ती जा रही है।

पहले चरण में जब यात्रा बुराड़ी विधान सभा पहुंची तो यात्रा में हजारों की संख्या में भीड़ देखी गई। इस भीड़ से उत्साहित करावल नगर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने विधानसभा के सभी साथी कार्यकर्ताओ को चाय पर आमंत्रित कर उनकी हौंसला अफजाई की और भूरी-भूरी प्रशंसा कर उनका धन्यवाद भी प्रकट किया। इस मौके पर आदेश भारद्वाज ने कहा कि हमारी विधानसभा में हम सबकी उम्मीद से कही ज्यादा जुटी भीड़ ने इस बात के संकेत दे दिए हैं कि बदलाव निश्चित है और यह सब हमारे जमीनी कार्यकर्ताओं की बदौलत है। हमारे लोग आम जनता से जुड़े मुद्दों को हमेशा से उठाते रहे हैं और कोई भी पार्टी बड़े नेताओं से बड़ी नहीं बनती, पार्टी हमेशा ही अपने जमीनी कार्यकर्ताओं के बलबूते पर ही बड़ी बनती है, और कांग्रेस इस मामले में सौभाग्यशाली पार्टी है। उन्होंने आगे कहा कि न सिर्फ हमारी विधान सभा बल्कि पूरी दिल्ली में ही जनता मौजूदा सरकार की गलत नीतियों के चलते परेशान है। झूठ और फर्जी दावों के दम पर चल रही सरकार की पोल खुल चुकी है। फ्री पानी के दावे करने वाले आपको गंदे और बदबूदार पानी सप्लाई दे रहे हैं लेकिन दावा फ्री पानी का किया जा रहा है। शिक्षा मॉडल की वाही-वाही लूटने वाले यह किसी को नहीं बताएंगे कि पिछले दस वर्षों में उन्होंने कितने स्कूलों का निर्माण किया। हां बंद जरूर किए गए हैं। अभी पिछले दिनों आम आदमी पार्टी शासित नगर निगम के तहत चलने वाले 30 से ज्यादा स्कूल बंद कर वहां के बच्चे दूसरे स्कूलों में समाहित कर दिए गए लेकिन उन स्कूलों में बच्चो के बैठने के लिए डेस्क और क्लास रूम तक नहीं थे। जल जमाव से हुई मौतें अभी तक दिल्ली वाले भुला नहीं पाए हैं।




उन्होंने भाजपा पर भी उंगली उठाते हुए कहा कि भाजपाई नेता आरोप प्रत्यारोप की राजनीति के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे हैं। सीबीआई जैसी संस्थाओं के डर दिखाकर खरीद फरोख्त का काम दिल्ली में भी शुरू कर दिया है, कैलाश गहलोत इसका ताजा उदाहरण है। लेकिन दिल्ली की जनता आज इन दोनों पार्टियों की ही चालाकियां समझ चुकी है। हमारे कार्यकर्ताओं से जनता के बन रहे जुड़ाव से यह बात स्पष्ट हो रही है कि आगामी चुनावों में कांग्रेस बहुमत हासिल कर सरकार बनाने वाली है। इस चाय चर्चा में विधानसभा पर्यवेक्षक जगदीश जैन, ब्लॉक अध्यक्ष सुजीत कुमार, प्रवीण भडाना, सुरेंद्र कोच, ननवा प्रधान, डॉ वी आर चौधरी, सुखबीर सिंह, संजीव भारद्वाज, पी एस रावत, बलजीत शर्मा, सुशीला दीक्षित, सविता चौधरी, आर पी झाँ, कालीचरण, चेयरमैन सुभाष चक्रवर्ती, राज ठाकुर, मनोज शर्मा, बिंदल साहब, मिथलेश माथुर, शिव चरण, गौरव शर्मा, मीना भट्ट, बीना रावत, देवेंद्र शर्मा, पी एस रावत, देवेंद्र कुमार रेखा रानी योगेंद्र यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने निर्माण कार्यों की शिकायत मिलने पर सैंपलिंग कराने के दिये निर्देश




**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः कलेक्ट्रेट** सभागार में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास, विद्युत, लोक निर्माण, पंचायती राज, शिक्षा, वन, उद्योग, श्रम, नियोजन, कृषि, सिंचाई, गन्ना, उद्यान, मत्स्य, लघु सिंचाई, सहकारिता, दुग्ध एवं पशुपालन विभाग तथा 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जनपद के विकास कार्यों को गति प्रदान करने एवं सीएम डैशबोर्ड पर सभी विकास कार्यों व योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट शत प्रतिशत फीड कराने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग शासन स्तर पर निरंतर होती है और डैशबोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है, इसलिए अधिकारीगण इसकी महत्ता को समझते हुए अपने अपने विभागों में क्रियान्वित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ससमय भरे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त अधिकारी आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण को ससमय पूर्ण करे। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को प्रतिदिन मॉनिटर करे, डिफॉल्टर होने पर उसकी पुनः जांच कर फाइनल रिपोर्ट लगाई जाए। जिलाधिकारी ने 50 लाख रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी स्कूलों, सरकारी आवासों, समाज कल्याण विभाग योजनाओं के अंतर्गत छात्रावास व स्कूल, जिला कारागार में आवास आदि से संबंधित कार्य प्रगति पर हैं, उन्हें शीघ्रता एवं गुणवत्ता तथा पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया जाये। श्री सिंह ने कहा कि जो भी निमार्णाधीन कार्य प्रगति पर हैं वहां पर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्लांट अनिवार्य रूप से लगाया जाए। जिन निर्माण कार्यों में शिकायत प्राप्त हो वहां के कार्यों की सैम्पलिंग करायी जाये और यदि मानकानुसार कार्य नहीं है, तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाये। विभाग गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। किसी भी कार्य में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के लिए लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, सीएमओ डॉ. अजय कुमार वर्मा, डीडीओ गरिमा खरे, डीसी मनरेगा विजय पांडेय, लोक निर्माण विभाग के एक्सचियन अजय कुमार, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, रोडवेज, लोक निर्माण, सेतु निगम, जल निगम, नगर निगम, आरईएस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ठंडः गिर रहा दिन रात का तापमान, प्रशासन ने शुरू किये इंतजाम

## तैयार कराये जा रहे 27 शेल्टर होम, जरूरतमंदों को बांटने के लिए खरीदे कंबल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः मौसम** सर्द हो चलना है। अब सुबह शाम की गुलाबी ठंड का अहसास सर्दी में बदल रहा है। मौसम के करवट लेने के साथ ही जरूरतमंद और बेसहारा लोगों को चिंता सताने लगी है। उनके पास सर्द मौसम से खुद को बचाने के लिए जरूरी इंतजाम नहीं है। वहीं जिला प्रशासन ने अपने स्तर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। जनपद मथुरा में सभी तहसील स्तर पर गरीब एवं असहाय लोगों के लिए जो ठंड के प्रकोप में रहते हैं उनके लिए 5376 कंबल अधीनस्थ अधिकारियों को दिए गए हैं। जिससे कि समय से ठंड के प्रकोप से बचने के लिए कम्बल वितरण कर सकें। वहीं नगर निगम सहित 27 शेल्टर होम भी तैयार कराए गए हैं। जिससे कि दूर दराज से आने वाले यात्रियों को ठंड के मौसम में रुकने की व्यवस्था ठीक प्रकार मिल सके। इन सभी शेल्टर होम के लिए हीटर लाइट की व्यवस्था भी करने के लिए निर्देश दिए गये हैं। इसी क्रम में जनपद में 232 ऐसे स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां ठंड से बचने के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

> ऐसे लोगों की सूची बनाई जा रही है जो गरीब तबके के लोग हैं और जिनके पास साधन नहीं हैं। 13 नगर निकाय सहित 25 सैल्टर होम हैं। सभी सैल्टर होम में जो न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं हैं। हीटर लाईट आदि की व्यवस्था हम करा रहे हैं। जैसे जैसे ठंड का प्रकोप बढेगा हम आवश्यक कदम उठाएंगे। हमने लगभग 232 स्थलों का चयन किया हैं। जिस तरह से अलर्ट जारी होगा। हम व्यवस्था करेंगे, अभी मौसम सुहाना है, हम आने वाले समय के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।
>
> **-शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी मथुरा**

## संक्षिप्त खबरें

### फैक्ट्री से 20 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन की जब्त



**मथुरा। शासन** द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन के प्रयोग, भंडारण एवं विक्रय को पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। महापौर एवं नगर आयुक्त शशांक चौधरी के द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन, के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान के द्वारा शुक्रवार को अलवर पुल के समीप एक फैक्टरी पर छापा मारा गया। छापा मार कार्यवाही के दौरान फैक्ट्री से लगभग 20 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जप्त करते हुए रुपये 15 हजार का जुमार्ना फैक्ट्री संचालक पर लगाया गया। साथ ही फैक्ट्री संचालक को प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उत्पादन एवं भंडारण न करने के लिए चेतावनी दी गई। इस कार्यवाही के दौरान के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन से प्रवर्तन दल, मुख्य सफाई निरीक्षक मुकेश शर्मा, दीपक शर्मा, तुलसी आदि कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

### संघ शिक्षा वर्ग अनुशासन की पाठशाला हैः कमल



**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रथम वर्ष संघ शिक्षा वर्ग दीनदयाल धाम में गुरुवार से प्रारंभ हुआ। वर्ग का शुभारंभ विभाग प्रचार प्रमुख कमल कौशिक एवं जिला प्रचार प्रमुख राम पाठक ने किया। इस अवसर पर डॉ. कौशिक ने कहा कि हमें इस वर्ग में देश की संस्कृति, देश का इतिहास व देश के महापुरुषों के बारे में समझकर उनका अनुसरण करना है। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है और दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी कार्यकर्ता संघ में ही हैं। संघ के प्रशिक्षण वर्ग सामाजिक समरसता व सामूहिकता का सटीक उदाहरण है संघ की एक घंटे की शाखा वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर शाखा में समय विभाजन किया गया है। संघ कार्य, कार्य पद्धति, कार्य शैली की समझ हमारी बढ़ती जाये, केवल यांत्रिक पद्धति से संघ शाखा लगते जाना यही केवल संघ कार्य नहीं है, इसलिये हर जिज्ञासा का समाधान करने का प्रयास हमें करना चाहिए। इस मौके पर खंड प्रचार प्रमुख रवि तरकर, हरिओम चौहान, भागवत स्वरूप, दीपक चौधरी, श्याम तिवारी, मन्नू, जीतू आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम शुरू होने से पहले पंडित दीन दयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्या अर्पण किया।

### संत सेवा हमारी संस्कृति का हिस्साः डॉ. त्रिपाठी

**मथुरा।** जगद्गुरु कृपालु परिषद की चेयरपर्सन डॉ विशाखा त्रिपाठी ने कहा कि संत सेवा करना हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है। उनकी सेवा करने से भगवान प्रसन्न होते है।

डॉ त्रिपाठी अपनी अनुजाएं एवं प्रेम मंदिर श्यामा श्याम धाम समिति की अध्यक्षा डॉ श्यामा त्रिपाठी व कीर्ति मंदिर रंगीली महल संस्था की अध्यक्षा डॉ कृष्णा त्रिपाठी की संयुक्त उपस्थिति में संत सेवा का विधिवत शुभारंभ करते समय अपने विचार व्यक्त कर रही थी। उन्होंने कहा कि ब्रज के संतों की सेवा करने से हमारी संस्था को एक नई ऊर्जा मिलती है। रंगीली महल संस्था प्रतिवर्ष साधुओं को दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं का वितरण कर उचित दक्षिणा भी प्रदान करती है। इस अवसर पर रंगीली महल संस्था सेक्रेटरी नितिन गुप्ता ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य अभाव ग्रस्त एवं निराश्रितों की सेवा करना है। उन्होंने कहा हमारे गुरुदेव भगवान जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज के बताए मार्ग पर चलकर संस्था विभिन्न तरीकों से अनवरत करती आ रही है। संस्था सचिव नितिन गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को भी संस्था बरसाना क्षेत्र की दो हजार निराश्रित विधवा माताओं को दैनिक प्रयोग में आने वाली सामग्री वितरित करेगी।

## कोसी के युवराज के सिर सजा जूनियर दिल्ली केसरी का खिताब

**मथुरा। कोसी** के गांव जाव के खिलाडी युवराज ने दिल्ली में आयोजित दिल्ली केसरी दंगल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर दिल्ली केसरी का खिताब अपने नाम किया है। खिलाडी के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उसका जोरदार स्वागत किया। युवराज पहलवान ने 15 नवम्बर को दिल्ली जामा मस्जिद पार्क अखाड़े में आयोजित दिल्ली केसरी दंगल प्रतियोगिता में भाग लिया था। गुरू जसराम अखाड़े के पहलवान युवराज ने यहां जूनियर वर्ग में कुश्ती खेलते हुए अपने प्रतिद्वंदी महेंद्रगढ़ के तालिब पहलवान से भिड़े।

# छात्र छात्राओं को किया यातायात के प्रति जागरूक

## स्कूल कॉलेजों में चलाया गए गये जागरूकता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः यातायात जागरूकता** माह अंतर्गत सेंट डोमिनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्र व छात्राओं एनसीसी कैडेट को यातायात के नियमों की जानकारियां दी गई। उन्होंने नियमों को स्वयं पालन करने, अपने परिवार के सदस्यों से पालन कराने तथा अपने पडोस के लोगो को जागरूक करने को एंव गुड सेमेरिटन बनने को कहा। इस मौके पर यातायात पुलिस द्वारा आयोजित करायी गई यातायात चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज कुमार यादव यातायात प्रभारी निरीक्षक शौर्य कुमार स्कूल प्रिंसिपल फादर मैथ्यू जोसेफ, टी.एस.आई. उत्तम प्रकाश सिंह, टी.एस.आई. हरिमोहन त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार कठेरिया, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल वीनेश कुमार, अन्य पुलिसकर्मी और स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

अपर पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज कुमार यादव के निर्देशन में आटीएमस कंट्रोल रूम नगर निगम मथुरा में यातायात नियमों को जागरूक करने के लिए मथुरा शहर के विभिन्न स्कूलों चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज, जवाहर इंटर कॉलेज, किशोरी रमन इंटर कॉलेज में एनसीसी के छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया।

आईटीएमस परियोजना के अंतर्गत ई चालान की कार्रवाई पीए सिस्टम, इमरजेंसी बॉक्स, यातायात, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के विषय एवं यातायात नियमों, संकेतों के प्रति जागरूक किया गया।

# जावा येजदी और बीएसए ने प्रमुख रॉक फेस्टिवल के साथ अपनी साझेदारी जारी रखी




**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** रॉक 'एन' रोल और मोटरसाइकिलों के बीच तालमेल का जश्न मनाते हुए, जावा येजदी मोटरसाइकिल और बीएसए मोटरसाइकिल ने भारत के प्रसिद्ध रॉक 'एन' रोल फेस्टिवल इंडिपेंडेंस रॉक के साथ अपनी साझेदारी जारी रखने की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित सहयोग मोटरसाइकिल चलाने की साहसिक भावना को रॉक संगीत की रॉ एनर्जी के साथ जोड़ता है, जो कि एक शानदार अनुभव है। द्यभारत के वुडस्टॉकद्ध के रूप में मनाया जाने वाला यह दो दिवसीय महोत्सव 16 और 17 नवंबर, 2024 को मुंबई के प्रतिष्ठित बेव्यू लॉन्स, प्रिंसेस डॉक, मझगांव में में आयोजित किया गया । यह साझेदारी 'स्वतंत्र भावना' का उत्सव है - एक ऐसी भावना जो रॉक 'एन' रोल और मोटरसाइकिलिंग दोनों से निकटता से जुड़ी हुई है। क्लासिक लीजेंड्स के सीईओ श्री आशीष सिंह जोशी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, "रॉक संगीत और मोटरसाइकिलिंग दोनों ही 1950 के दशक में परिवर्तनकारी सांस्कृतिक घटनाओं के रूप में उभरे, जिन्होंने पहचान को आकार दिया ।

## बंदरो के उत्पात का मामला पहुंचा सिटी मजिस्ट्रेट की कोर्ट में

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** कान्हां की नगरी में बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। कृष्णापुरी निवासी एडवोकेट ने बंदरों के उत्पात से मुक्ति दिलाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट की कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए नगर आयुक्त को 15 दिन में कृष्णापुरी क्षेत्र से बंदरों के उत्पात से मुक्ति दिलाने के आदेश दिए हैं। साथ ही जल्द ही आख्या देने के निर्देश दिए हैं। कृष्णापुरी निवासी डॉ. प्रकाश चंद अग्रवाल एडवोकेट ने 26 दिसंबर 2018 में सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार की कोर्ट में बंदरों के आतंक और गंदगी से मुक्ति दिलाने के लिए याचिका दी थी।

# सीआईईएल एचआर सर्विसेज लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल

CIEL
HR inspired by science
CIEL HR SERVICES LIMITED

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः सीआईईएल एचआर सर्विसेज** लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। सीआईईएल एचआर सर्विसेज लिमिटेड भारत की एकमात्र कंपनी है जो कर्मचारी जीवनचक्र के हर हिस्से को प्रभावित करने वाली संपूर्ण मानव संसाधन श्रृंखला में प्रौद्योगिकी-संचालित मानव संसाधन समाधानों का एक व्यापक सूट प्रदान करती है। (30 जून, 2024 तक स्रोतः एफएंडएस रिपोर्ट) आईपीओ में 335 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 4,739,336 इक्विटी शेयरों ('प्रस्तावित शेयर') की बिक्री के लिए एक प्रस्ताव (ओएफएस) शामिल है, जिसका अंकित मूल्य ?2 प्रत्येक इक्विटी शेयर है। सीआईईएल एचआर को पंडियाराजन करुप्पासामी (सीआईईएल एचआर ग्रुप के अध्यक्ष और कार्यकारी निदेशक) प्रमोट करते हैं। प्रवर्तक अध्यक्ष पंडियाराजन करुप्पासामी और प्रवर्तक निदेशक हेमलता राजन मा फोई मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ("पूर्ववर्ती मा फोई") के मूल प्रवर्तक थे, यह एक एचआर कंपनी थी जिसे बाद में एक वैश्विक स्टाफिंग कंपनी द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया।

4,739,336 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री के प्रस्ताव में पंडियाराजन करुप्पासामी द्वारा कुल 2,544,181 इक्विटी शेयर शामिल हैं; हेमलता राजन द्वारा 629,357 इक्विटी शेयर तक; आदित्य नारायण मिश्रा द्वारा 629,357 इक्विटी शेयर तक; संतोष कुमार नायर द्वारा 594,540 इक्विटी शेयर तक; दोरईस्वामी राजीव कृष्णन द्वारा 118,537 इक्विटी शेयर (सामूहिक रूप से "प्रवर्तक बेचने वाले शेयरधारक" के रूप में संदर्भित); गणेश एस पद्मनाभन द्वारा 47,391 इक्विटी शेयर तक; सोबी मैथ्यू द्वारा 47,391 इक्विटी शेयर तक; अनूप नरेंद्रन मेनन द्वारा 47,391 इक्विटी शेयर तक; मोहित गुंदेचा द्वारा 8,727 इक्विटी शेयर तक; सुरुचि वाघ द्वारा 8,727 इक्विटी शेयर तक; कैविंकेयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 10,778 इक्विटी शेयर तक; पीयूष जैन द्वारा 9,358 इक्विटी शेयर तक।

# बीएसए कॉलेज मथुरा बना सबसे बड़ा केंद्र

## डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 22 नवंबर से

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः डॉ.** भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा स्नातक एवं परास्नातक की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 22 नवंबर 2024 से प्रारंभ हो गई हैं। मथुरा जिले में परीक्षाओं के संचालन के लिए बीएसए कॉलेज को नोडल सेंटर बनाया गया है। मथुरा के बीएसए कॉलेज, केआर डिग्री कॉलेज, आरसीए गर्ल्स डिग्री कॉलेज, और आईओपी कॉलेज वृंदावन सहित लगभग 50 स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मथुरा जिले में लगभग 70,000 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। इनमें से बीएसए कॉलेज में सबसे अधिक छात्र-छात्राओं के नामांकन के कारण इसे सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा तीन पालियों में संपन्न हो रही हैकुसुबह 9 से 11, दोपहर 12 से 2 और सायं 3 से 5. बीएसए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने बताया कि परीक्षा सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी की कड़ी निगरानी और आंतरिक उड़न दस्ते के निर्देशन में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उड़न दस्ते का संचालन प्रोफेसर डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. बी.के. गोस्वामी, डॉ. यू के. त्रिपाठी, डॉ. वी.पी. राय और डॉ. रेखा राय के निर्देशन में किया जा रहा है। सघन तलाशी के दौरान छात्र छात्राओं के एडमिट कार्ड, जूते-मोजे, और ज्योमेट्री बॉक्स आदि की जांच की जा रही है। तलाशी अभियान के दौरान यदि कोई छात्र-छात्रा अनुचित साधनों (यूएफएम) के साथ पकड़ा जाता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए विश्वविद्यालय को सूचित किया जाएगा।

डॉ. ललित मोहन शर्मा ने कहा कि आगामी परीक्षाएं भी इसी प्रकार नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संचालित की जाएंगी। यह व्यवस्था न केवल परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में सहायक है, बल्कि छात्रों को अनुशासन और ईमानदारी के महत्व को भी सिखाती है। परीक्षाओं के इस सुदृढ़ प्रबंधन से शिक्षा जगत में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

# केएम में हुआ किडनी के कैंसर का सफल ऑपरेशन

## राइट साइड किडनी की रेडिकल नेफ्रोक्टॉमी सर्जरी कर मरीज की बचाई जान

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** मथुरा के दुर्जिया गांव में रहने वाले 65 वर्षीय राजेन्द्र की दायीं किडनी में गांठ के कारण उसकी जान आफत में पड़ गई। गांठ के कारण एक किडनी खराब हो गई। इतना ही नहीं गांठ में कैंसर भी फैलने लगा था। केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के यूरोलॉजी विभाग में डा. आशीष खण्डेलवाल व उनकी चिकित्सकीय टीम ने सर्जरी कर उसकी जान बचा ली। सर्जरी में राजेन्द्र की किडनी निकालनी पड़ी। राजेन्द्र लंबे समय से पेट दर्द और अन्य परेशानियों से परेशान चल रहा था, उसके यूरिन में खून आने से दिक्कत हो रही थी। खून में यूरिया की मात्रा लगातार बढ़ रही थी। राजेन्द्र ने पहले मथुरा सहित आगरा में इलाज कराया, वहां जांच में किडनी में गांठ की जानकारी हुई। पैसा अधिक होने के कारण वह कहीं इलाज नहीं करा सका। राजेन्द्र को किसी व्यक्ति द्वारा के.एम हॉस्पिटल का सुझाव दिया गया। के.एम हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट डा. आशीष खण्डेलवाल ने मरीज की जांच की तो पता चला कि किडनी के तीन चौथाई हिस्से में कैंसर फैला था। जिसके कारण किडनी पूरी तरह खराब हो चुकी थी। इसके बाद डॉक्टरों ने किडनी निकालने का फैसला किया। इसे रेडिकल नेफ्रोक्टॉमी कहते हैं। करीब तीन घंटे ऑपरेशन के बाद मरीज की किडनी निकाली गई। उसके कैंसर वाले हिस्से को भी निकाला गया। अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। खास बात यह है कि दोबारा हुई जांच में कैंसर का कोई असर नहीं मिला है। यूरोलॉजिस्ट की डाक्टर टीम में सीनियर रेसीडेंट डा. रोहिताश सिंह, डा. नव संगीत, डा. सिद्धार्थ रेड्डी, डा. सौम्या शुमानी, डा. भूपेन्द्र सिंह, डा. पल्लवी, डा. आशुतोष, डा. प्रखती गुप्ता, डा. दुर्गेश यादव आदि का विशेष सहयोग रहा।

# खतौनी में 5 लाख कर्ज देख धड़ाम से गिरा किसान

## किसान ने एसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की लगाई गुहार

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** थाना मगोर्रा अंतर्गत सौंख की ग्राम पंचायत नैनू पटट्टी के गांव अकखा के किसान जगदीश जैसे ही फसल का मुआवजा लेने के लिए खतौनी निकलवाने तहसील पहुंचा तो किसन को पता चला कि वह 5 लाख का कर्जदार है यह जानकर किसान धडाम से जमीन पर गिर पड़ा आरोप है कि बैंक में शिकायत करने पर उससे अभद्रता की गई और उसे भगा दिया गया अब पीड़ित किसान ने एसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थाना मगोर्रा गांव नगला अकखा निवासी जगदीश पुत्र श्यामलाल ने वर्ष 2017 में 80 हजार रुपए का लोन लिया था यह खतौनी पर दर्ज है करीब तीन माह पूर्व क्षेत्र में बारिश के कारण किसान की फसल बर्बाद हो गई इस पर वह मुआवजे के लिए तहसील में खेत की खतौनी की नकल निकलवाने के लिए गया जब तहसील कर्मी ने जगदीश को खतौनी की नकल दी इसमें वर्ष 2023 नवंबर को नैनू पट्टी के एक बैंक की शाखा में 5 लाख रुपए लोन लेने की बात दर्ज मिली किसान के अनुसार उसने यह कर्जा लिया ही नहीं भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी और पीड़ित किसान जगदीश ने बैंक अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराया।

# विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 22 नवंबर से प्रारंभ

## बीएसए कॉलेज मथुरा बना सबसे बड़ा केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा स्नातक एवं परास्नातक की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 22 नवंबर 2024 से प्रारंभ हो गई हैं। मथुरा जिले में परीक्षाओं के संचालन के लिए बीएसए कॉलेज को नोडल सेंटर बनाया गया है। मथुरा के बीएसए कॉलेज, केआर डिग्री कॉलेज, आरसीए गर्ल्स डिग्री कॉलेज, और आईओपी कॉलेज वृंदावन सहित लगभग 50 स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मथुरा जिले में लगभग 70,000 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। इनमें से बीएसए कॉलेज में सबसे अधिक छात्र-छात्राओं के नामांकन के कारण इसे सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा तीन पालियों में संपन्न हो रही है—सुबह 9:00 से 11:00, दोपहर 12:00 से 2:00, और सायं 3:00 से 5:00. बीएसए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने बताया कि परीक्षा सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी की कड़ी निगरानी और आंतरिक उड़न दस्ते के निर्देशन में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उड़न दस्ते का संचालन प्रोफेसर डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. बी.के. गोस्वामी, डॉ. यू.के. त्रिपाठी, डॉ. वी.पी. राय और डॉ. रेखा राय के निर्देशन में किया जा रहा है। सघन तलाशी के दौरान छात्र-छात्राओं के एडमिट कार्ड, जूते-मोजे, और ज्योमेट्री बॉक्स आदि की जांच की जा रही है। तलाशी अभियान के दौरान यदि कोई छात्र-छात्रा अनुचित साधनों (यूएफएम) के साथ पकड़ा जाता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए विश्वविद्यालय को सूचित किया जाएगा। डॉ. ललित मोहन शर्मा ने कहा कि आगामी परीक्षाएं भी इसी प्रकार नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संचालित की जाएंगी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 22 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## दिल्ली रूट पर बढ़ेंगी उत्तराखंड रोडवेज की बसें

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** दिल्ली में रोडवेज बस सेवा प्रभावित होने के बाद उत्तराखंड परिवहन निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके लिए दिल्ली रूट पर उत्तराखंड रोडवेज बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। यह बसें यूपी के मोहननगर और कौशांबी तक चलाई जाएंगी। उत्तराखंड परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. आनंद श्रीवास्तव ने गुरुवार को बताया कि बीएस-3 और बीएस-4 बसों पर लगे नए नियमों के चलते दिल्ली में इन बसों का संचालन बंद है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम ने दिल्ली के लिए बस सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए इस रूट पर बसों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल दिल्ली रूट पर निगम की करीब 300 बसें चल रही हैं, जिनमें 181 सीएनजी, 12 वॉल्वो और 103 नई बीएस-6 बसें शामिल हैं। प्रबंध निदेशक डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम यूपी के मोहननगर और कौशांबी तक बसें संचालित करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार से बातचीत जारी है। इसके अलावा, निगम ने शासन को 100 नई बीएस-6 मॉडल बसों की खरीद का प्रस्ताव भेजा है। जल्द ही इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है, जिसके बाद इन बसों को दिल्ली रूट पर शामिल किया जाएगा।

## मध्य प्रदेश में सर्दी ने पकड़ी रफ्तार

**भोपाल:** मध्य प्रदेश के लगभग सभी शहरों में सर्दी ने दस्तक दे दी है। सुबह और रात को ठंड का असर बढ़ गया है। बुधवार-गुरुवार की रात प्रदेश के सभी शहरों में तापमान 15 डिग्री के नीचे आ गया। राजधानी भोपाल में तापमान 10.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो पिछले 10 साल में नवंबर का तीसरा सबसे कम तापमान रहा। यानी, यह रात तीसरी सबसे सर्द रात रही। इससे पहले 2017 में 9.6 डिग्री और 2022 में 10.2 डिग्री पारा पहुंचा था। इंदौर में 13.9 डिग्री और उज्जैन में 11.5 डिग्री रहा। दोनों ही शहरों में पिछले साल से कम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, इस समय जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में बर्फबारी हो रही है। वहीं, पश्चिम-उत्तर भारत में जेट स्ट्रीम हवाएं भी चल रही हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस का भी असर है। ऐसे में उत्तरी हवाएं मध्यप्रदेश में आ रही है, जिससे पारा लुढ़क गया हैं। आने वाले दिनों में पारे में और भी गिरावट हो सकती है। अभी रात के साथ दिन भी ठंडे है।

# षड्यंत्र कर रहे चेहरों का पर्दाफाश करना जरूरी: योगी

### सीएम योगी ने देखी 'द साबरमती रिपोर्ट, यूपी में टैक्स फ्री हुई फिल्म

**बहुचर्चित फिल्म**

**"द साबरमती रिपोर्ट" की पूरी टीम को बधाई देता हूं इस सच को फिल्म के माध्यम से बाहर लाने का प्रयास किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बहुचर्चित फिल्म ' द साबरमती रिपोर्ट' देखी। फिल्म देखने के बाद सीएम योगी ने कहा कि मैं "द साबरमती रिपोर्ट" की पूरी टीम को बधाई देता हूं जिन्होंने इस वास्तविक सच को देश की जनता के सामने फिल्म के माध्यम से बाहर लाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि हर भारतवासी को "द साबरमती रिपोर्ट" फिल्म को देखनी चाहिए और गोधरा का सच के नजदीक जाने का प्रयास करना चाहिए। सीएम योगी ने फिल्म को उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री करने की घोषणा की। सीएम योगी ने कहा देश के खिलाफ और सरकारों के खिलाफ राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने के लिए समाज में वैमनस्यता पैदा करने के लिए देश में जो कृत्य हुए हैं उसे देश की जनता को जानने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि जो राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं उन चेहरों को पहचानने के साथ-साथ उनका पदार्फाश करने की भी आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि फिल्म की टीम ने सत्य उजाकर करने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। फिल्म के माध्यम से वास्तविक सच को एक बड़े रूप में देश के सामने लाने का प्रयास किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि मामला अयोध्या से जुड़ा है, मैं घटना में मारे गए सभी राम भक्तों को श्रद्धांजलि देता हूं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के साहसिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए लोग इस सत्य को अधिक से अधिक देखें।

## महाकुम्भ : मेला क्षेत्र के सभी सेक्टरों में नियुक्त किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** मुख्यमंत्री योगी के दिव्य भव्य महाकुम्भ की योजना के मुताबिक कुम्भनगरी ने संगम तट पर आकार लेना शुरू कर दिया है। आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और साधु-सन्यासियों के रहने और स्नान के लिए घाटों, अस्थाई सड़कों व टेंट सिटी का निर्माण शुरू हो गया है। प्रयागराज मेला प्रधिकरण ने योजना के मुताबिक पूरे मेला क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटा है। सेक्टर और कार्य के मुताबिक सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेक्टर में भूमि अधिग्रहण से लेकर प्रशासन व्यवस्था के लिए जिम्मेदार रहेंगे। महाकुम्भ के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट आम जनता और प्रशासन के बीच कड़ी का कार्य करेंगे। विभागीय समन्वय का करेंगे कार्य

महाकुम्भ में लगभग 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने और लगभग 1 लाख से अधिक लोगों के कल्पवास करने की सम्भावना है। इसके साथ ही हजारों की संख्या में साधु-सन्यासियों और मेला प्रशासन के लोग महाकुम्भ के दौरान मेला क्षेत्र में रहेंगे। इन सबके रहने के लिए टेंट सिटी व स्नान के लिए घाटों और मार्गों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। पूर्व योजना के मुताबिक प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने पूरे महाकुम्भ क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटा है। 4000 हेक्टेयर और 25 सेक्टरों में बंटा मेला क्षेत्र इससे पहले के किसी भी महाकुम्भ से सबसे बड़ा क्षेत्र है। भूमि अधिग्रहण से लेकर प्रशासन व्यवस्था और विभागीय समन्वय के लिए उप जिलाधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्ति किया है।

### अधिकांश ने ग्रहण किया कार्यभार

**प्रयागराज** मेला प्राधिकरण ने सेक्टर वाइज सेक्टर मजिस्ट्रेट की लिस्ट जारी कर दी है। एसडीएम मेला अभिनव पाठक ने बताया कि अधिकांश सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शेष अपनी विभागीय जिम्मेदारियों से मुक्त होकर जल्द ही मेला क्षेत्र में अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगे। जो महाकुम्भ के दौरान अपने-अपने सेक्टर की प्रशासन व्यवस्था व विभागीय समन्वय का कार्य करेंगे। प्रत्येक सेक्टर में भूमि आवंटन की प्रगति और लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण में ये सेक्टर मजिस्ट्रेट मददगार होंगे।

सीएम योगी राज्य सरकार की ओर से 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा की। इसके पहले सीएम योगी ने लखनऊ के प्लासियो मॉल के सिनेमाहॉल के ऑडी-07 में पूर्वाह्न 11:30 बजे के शो में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सहित अनेक अनेक जनप्रतिनिधियों और शासन-प्रशासन के अधिकारियों के साथ फिल्म देखी। खास मौके पर फिल्म के मुख्य अभिनेता विक्रांत मैसी और फिल्म यूनिट से जुड़े लोगों की मौजूदगी रही। इससे पहले, बीते मंगलवार को विक्रांत मैसी ने सीएम योगी से भेंट की थी। बता दें कि 'द साबरमती रिपोर्ट' एक सत्य घटना पर आधारित एक बॉलीवुड ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन रंजन चांडेल द्वारा किया गया है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नई दिल्ली में उत्कल केशरी डॉ हरेकृष्ण महताब की 125वीं जयंती समारोह का उद्घाटन किया।

## केदारनाथ उपचुनाव : स्ट्रांग रूम सील

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद में 07-केदारनाथ विधानसभा सीट पर उप-निर्वाचन 20 नवंबर को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस निर्वाचन में कुल 57.64 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें 90,875 मतदाताओं में से 53,513 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इनमें 28,345 महिला और 25,168 पुरुष मतदाता शामिल थे। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी 173 पोलिंग पार्टियां अपनी सामग्री और ईवीएम मशीनों के साथ सुरक्षित रूप से मुख्यालय पहुंच गईं और मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा करा दिया गया। निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन की निगरानी में स्ट्रांग रूम को सील किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कौंडे और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रहे।

## ज्योतिर्मठ: भवनों को अस्थाई मरम्मत की मिली अनुमति



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वर:** आपदा प्रभावित क्षेत्र ज्योतिर्मठ के ग्रीन और येलो केटेगरी के आवासीय भवनों की अस्थाई मरम्मत की अनुमति दे दी गई है। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने इसके आदेश जारी किए हैं। भवनों की अस्थाई मरम्मत की अनुमति सर्शत दी गई है, जिसमें आवासीय भवन में केवल मरम्मत का कार्य किया जाएगा तथा किसी प्रकार का नवनिर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। भवन स्वामी को इस आशय का शपथ पत्र भी देना होगा। गौरतलब है कि तहसील ज्योतिर्मठ सभागार में बीते 25 सितम्बर को मूल निवासी स्वाभिमान संगठन ज्योतिर्मठ और

**सर्शत**

**जिलाधिकारी ने इसके आदेश जारी किए हैं। भवनों की अस्थाई मरम्मत की अनुमति सर्शत दी गई ह**

भू-धसाव प्रभावितों ने इसकी मांग प्रशासन के समक्ष रखी थी, जिसमें बताया गया था कि नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य बंद है। अन्दर एवं बाहर रेड कैटेगरी में कुल 482 भवन, ब्लैक केटेगरी में कुल 34 भवन, यलो कैटेगरी में कुल 442 तथा ग्रीन केटेगरी में 280 भवन रखे गए हैं।

## झारखंड में आयेगा आश्चर्यजनक परिणाम, बनेगी एनडीए की सरकार : शिवराज सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची: केंद्रीय** कृषि मंत्री एवं झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कार्यकताओं से प्रदेश कार्यालय में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश में एनडीए की सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड से मैं बहुत सी मीठी स्मृतियां लेकर जा रहा हूं। ये अद्भुत प्रदेश के साथ संसाधनों से भरपूर है। यहां की भूमि ऊपजाऊ है। यहां के लोग काफी मेहनतकश हैं। यहां की भली और भोली जनता अद्भुत स्नेह और प्यार देती



है। इस प्रदेश से मैं व्यक्तिगत रूप से जुड़ गया हूं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि संसाधनों से भरपूर यहां खनिज संपदा, वन संपदा, जल संपदा, यहां के परिश्रमी लोग, उपजाऊ भूमि, इतना कुछ है कि झारखंड सचमुच में विकास और प्रगति के नए आयाम छू सकता है। मुझे विश्वास है कि झारखंड में अब बीजेपी-एनडीए की सरकार बनेगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग करके एक समृद्ध, विकसित, सशक्त और घुसपैठिया मुक्त राज्य झारखंड बनेगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोशाला में गौसेवा करते हुये।

## यूट्यूबर अरमान मलिक ने हरिद्वार में किया हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** यूट्यूबर और बिग बास शो में भागीदार रहे अरमान मलिक ने हरिद्वार पहुंचकर अन्य यूट्यूबर सौरभ के घर पहुंच कर हंगामा किया। इसके बाद ज्वालापुर पुलिस ने दो पक्षों को बुलाकर पूछताछ की और अरमान को कड़ी हिदायत दी। दरअसल, हरिद्वार के यूट्यूबर सौरभ ने अपने चैनल पर अरमान मलिक पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इससे नाराज होकर अरमान मलिक अपने साथियों को साथ लेकर ज्वालापुर के खन्नानगर स्थित सौरभ के घर पहुंच गया और वहां हंगामा किया।




डिजिटल

महाकुंभ से पहले एक दिसंबर को लाइव हो जाएगा डिजिटल खोया पाया केंद्र

## महाकुंभ में बिछड़ने वालों को अपनों से मिलाएंगे एआई कैमरे

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** महाकुंभ की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी योगी आदित्यनाथ सरकार पहली बार इतने व्यापक स्तर पर महाआयोजन का डिजिटलाइजेशन कर रही है। यहां एआई की मदद से ऐसे कैमरे लगाए जा रहे हैं, जो 45 करोड़ श्रद्धालुओं की हिफाजत में 24 घंटे तैनात रहेंगे। एआई लाइसेंस वाले इन कैमरों के साथ ही फेसबुक और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी बिछड़ने वाले परिजनों को खोजने में तत्काल मदद करेंगे।

**मदद करेगा डिजिटल खोया पाया केंद्र:** इस बार महाकुंभ में



देश विदेश से बड़ी संख्या में आने वाले लोगों को अपनों को खोने का डर नहीं सताएगा। मेला प्रशासन ने इसकी व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। इसके लिए डिजिटल खोया पाया केंद्र को एक दिसंबर से लाइव किया जाएगा। इसके माध्यम से 328

**मदद मिलेगी**

**फेसबुक और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी बिछड़ने वाले परिजनों को खोजने में तत्काल मदद करेंगे**

एआई लाइसेंस वाले कैमरे पूरे मेला क्षेत्र पर नजर रखेंगे। इन सभी कैमरों का परीक्षण कर लिया गया है। पूरे मेला क्षेत्र को इन विशेष कैमरों से लैस किया जा रहा है। योगी सरकार के निर्देश पर बड़े पैमाने पर कैमरे इंस्टॉल करने का काम अपने अंतिम चरण में है। मेला क्षेत्र की चार लोकेशन पर इन विशेष एआई कैमरों का परीक्षण भी किया जा चुका है। महाकुंभ में अब कोई भी अपना बिछड़ने नहीं पाएगा।

**पलक झपकते काम करेगी तकनीक**

शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए सरकार ने ऐसे डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना की है, जो तकनीक के सहारे चलेंगे और पलक झपकते ही अपनों से मिलाएंगे। इसमें हर खोए हुए व्यक्ति का डिजिटल पंजीकरण तुरंत किया जाएगा। पंजीकरण होने के बाद एआई कैमरे गुमशुदा की तलाश में जुट जाएंगे।